# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-11-2022

# पुलिस ने अभियान चला किया सार्वजनिक स्थानों पर जांच

**उरुवा बाजार (एसएनबी)।** रविवार को थानाध्यक्ष उरुवा सुनील कुमार निषाद ने अवैध शराब उत्पादन व सार्वजनिक स्थलों पर शांति व्यवस्था को लेकर अभियान चलाया। इस दौरान बढ़या बुजुर्ग में दबिश देकर भारी मात्रा में लहन, व उपकरण नष्ट किया। 20 लीटर शराब के साथ सावित्री देवी को गिरफ्तार कर लिया। दुघरा तिराहे पर 10लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर 60 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया।



उरुवा शराब बिक्री स्थलों पर प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार निषाद के नेतृत्व में सघन जांच चला। जहां सख्त निर्देश दिए गए कि छोटे बच्चों को शराब कत्तई बिक्री न करें। और कोई भी शराब को सार्वजनकि स्थलों ओर सेवन न करे। कोई भी दुकानदार अपने दुकानों के अंदर बैठाकर किसी को शराब का सेवन न करने दे।

इस दौरान 5 व्यक्तियों के खिलाफ दफा 290, तथा 5 व्यक्तियों के खिलाफ दफा 34 की कार्यवाई कर मुचलके पर पुलिस ने छोड़ा। कहा अगर कोई भी पकड़ा जाता है तो आरोपी के साथ दुकानदार के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि किसी भी दशा में क्षेत्र में अवैध धंधा पुलिस चलने नही देगी।कार्यवाई के दौरान एसआइ प्रमोद यादव, सुनील शर्मा, मुकेश सिंह सहित उरुवा पुलिस मौजूद रही।

# मां की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा

**चिलुआताल (एसएनबी)।** चिलुआताल थाना क्षेत्र की एक अल्प वयस्क किशोरी को शुक्रवार की शाम को बाजार से टोम्पो पकड़ कर घर जाते समय मनबढ़ युवक द्वारा चार घंटे तक अगवा करने के मामले में पीड़िता की मां के तहरीर पर आरोपित के खिलाफ पुलिस ने धारा 35 4/3 4 2 / 50 6 व 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। किशोरी की मां श्रीमती सीमा पत्नी कलेदर चौहान निवासी बिशुनपुर टोला सप्टहिया के अनुसार उसने थाने में तहरीर दिया है कि वह जीतपुर बाजार में फल बेच कर परिवार का भरण पोषण करती है जहां उसकी नाबालिग बेटी भी हाथ बंटाती है। शुक्रवार को देर शाम बेटी टैम्पो से घर जा रही थी कि रास्ते में गांव का ही एक लड़का राहुल पुत्र अपरबल भी टैम्पू में बैठ गया और उसके साथ छेड़छाड करने लगा। उक्त युवक मेरी लड़की से शादी करने का दबाव बनाने लगा। लड़की को ले जाकर कमरे में बन्द कर शादी न करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। जब बेटी डर कर शादी करने की बात कही तो उसे गांव के पास छोड़ कर फरार हो गया।

# लुटेरे को पुलिस ने दबोचा

**हरपुर- बुदहट (एसएनबी)।** हरपुर बुदहट पुलिस ने बाइक, मोबाइल और नकदी लूट कर भाग रहे लुटेरे को आमी नदी पर बने कुआवल पुल के पास घेर कर पकड़ लिया। तालाशी के दौरान उसके पास से बाइक, नकदी और मोबाइल को बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात 9 बजे के करीब खलीलाबाद संतकबीरनगर से ग्राम पंचायत कैराडिह निवासी रमेश चन्द्र थाना हरपुर बुदहट मजदूरी कर घर जा रहा था। अभी वह सिंघवलिया पुलिया के पास पहुंचा ही था कि एक अज्ञात व्यक्ति ने लिफ्ट देकर उसकी बाइक रोक ली और पीड़ित का हेलमेट निकाल कर कई बार हमला कर घायल कर दिया और बाइक तथा जेब मे रखा 15 सौ रुपये और मोबाइल लूट कर फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लुटेरे की तलाश में जुट गयी। रविवार को भोर में 5.50 बजे के करीब प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह,उपनिरीक्षक, प्रवीण कुमार कश्यप, सुरेश चंद्र राना, कांस्टेबिल मोहित उपाध्याय, सुधारकर यादव, अभिषेक यादव, अनिल सिंह यादव संदिग्ध लुटेरे की तलाश में कुआवल पुल के पास घेराबंदी किये थे तभी संदिग्ध युवक बाइक पर सवार होकर आते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोका तो भागने लगा। पुलिस ने उसे घेर कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से लूट की बाइक, 950 रुपए नकद, मोबाइल भी बरामद किया। पुलिस ने लुटेरे को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया।

# दुर्व्यहार करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हरपुर- बुदहट (एसएनबी)।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटसहरा में शुक्रवार की रात्रि में साफ- सफाई तथा फागिंग कर रही महिला सफाई कर्मी के साथ दुर्व्यहार करने वाले मनबढ़ के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसके तलाश में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटसहरा में शुक्रवार को महिला सफाई कर्मी मीरा और अजय कुमार रात्रि में साफ- सफाई करने के साथ फागिंग कर रहे थे। उसी दौरान गांव का एक मनबढ़ महिला सफाई कर्मी के साथ दुर्व्यहार करते हुए मारपीट कर उसका चश्मा तोड़ दियाऔर साड़ी फाड़ दिया तथा फागिंग कर रहे सफाई कर्मी को मार पीट कर साइकिल पर बंधे फागिंग मशीन को धक्का देकर गिरा दिया जिससे साइकिल टूट गयी तथा फागिंग मशीन में आग लग गयी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह ने बताया कि महिला सफाई कमी की तहरीर पर मनबढ़ के खिलाफ सरकारी कार्य मे बांधा पहुचाने,आगजनी, मा रपीट तथा तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# अभियुक्त के घर कुर्की नोटिस चस्पा

हरपुर-बुदहट (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सराय चांदपार में 6 जनवरी 2022 को अजीत यादव पुत्र स्व. लालमन यादव की हत्या कर लाश को बाग में फेंक दिया गया था। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी हुई थी। जांच में तीन लोगों का नाम प्रकाश में आया था जिसमें पुलिस दो अभियुक्त को हत्या और खड़यंत्र के आरोप में जेल भेज चुकी है। एक अभियुक्त राकेश यादव पुत्र स्व. राममिलन यादव निवासी सराय चांदपार फरार चल रहा था। बार बार नोटिस देने के बावजूद वह न्यायालय में हाजिर नही हुआ। न्यायालय ने अभियुक्त के घर पर 82 की कार्रवाई करने के लिए पुलिस को निर्देश दिया। रविवार को प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबिल मोहित उपाध्याय, देवेंद्र चौहान, अभिषेक यादव, महिला कांस्टेबिल सीमा पटेल पुलिस टीम सराय चांदपार अभियुक्त के घर पहुंची और मुनादी कराकर अभियुक्त के घर पर कुर्की नोटिस चस्पा किया और चेतावनी दी कि तीस दिन के अंदर न्यायालय में हाजिर न होने पर न्यायालय के आदेश पर अभियुक्त के घर की कुर्की कर दी जायेगी।

# समय से करें खिचड़ी मेला की तैयारी

## श्रद्धालुओं की सुविधा का करें इंतजाम : मुख्यमंत्री



गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी मेला की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। फोटो : एसएनबी

गोरखपुर (एसएनबी)। गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर के बैठक कक्ष में आयोजित बैठक में अधिकारियों से मकर संक्रान्ति मेला-2023 की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि मकर संक्रान्ति मेले की सभी तैयारी समय से पूरी कर लें। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी विभाग अपनी पूरी तैयारी करे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नव वर्ष के पहले दिन से ही लाखों की संख्या में श्रद्धालु गोरक्षनाथ मंदिर में आने लगते हैं। बसंत पंचमी तक श्रद्धालुओं का आना जारी रहता है। इसलिए पुलिस-प्रशासन भीड़ को नियंत्रित करने तथा ट्रैफिक डायवर्जन आदि की व्यवस्था पर कार्य करे। उन्होंने कहा कि वाहनों के पार्किंग स्थल को चिन्हित कर वहां पर प्रकाश एवं साफ सफाई की व्यवस्था नगर निगम द्वारा सुनिश्चित कराई जाय। साथ ही लोंगो में स्वच्छता का संदेश देने के लिए नगर निगम मेला परिसर के साथ-साथ पूरे शहर में सफाई की व्यवस्था बेहतर रखें। मेले में अलाव आदि की भी पूरी व्यवस्था रहे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि शहर के सभी रैन बसेरों को ठीक रखा जाय। लोग सड़कों के फुटपाथों पर न सोने पाये इसलिए नियमित रूप से निगरानी करते हुए फुटपाथ पर सोने वाले लोगो को रैन बसेरों में पहुचाने की व्यवस्था करे। उन्होंने कहा कि शहर की स्ट्रीट लाइट्स को दुरुस्त रखा जाय। कहीं भी अंधेरा न रहे। उन्होंने निर्देश दिया है कि मेले के दौरान मोबाइल शौचालय आदि की व्यवस्था रहे तथा इसकी नियमित सफाई भी की जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नकहा जंगल एवं गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सिटी बस चलाने की भी कार्य योजना बनाई जाय। साथ ही लोग ट्रैक्टर-टाली से सफर न करें इसके लिए जागरूकता का अभियान चलाने के साथ परिवहन निगम गांव एवं अन्य शहरों से बसे भी चलाये। विद्युत विभाग जर्जर तारों को ठीक कराने के साथ ही मेला अवधि में विद्युत आपूर्ति हेतु वैकल्पिक व्यवस्था भी करे। स्वास्थ्य विभाग कैम्प के साथ-साथ जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज एवं अन्य चिकित्सालयों को सक्रिय रखे।

**■ भीड़ को नियंत्रित करने तथा ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था पर कार्य करे पुलिस-प्रशासन**

**■ झूले आदि की जांच सुरक्षा मानकों के आधार पर किया जाय**

**■ खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता पर भी रखें विशेष ध्यान**

उन्होंने कहा कि मेले में लगने वाले झूले आदि की जांच विद्युत सुरक्षा विभाग द्वारा सुरक्षा मानकों के आधार पर किया जाय। साथ ही मेले में खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता अच्छी रहे। इसके लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मेले में लगने वाली दुकानों के संचालकों को जागरूक भी करें। उन्होंने कहा कि मेले में महिला पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था हो। पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगवाये जाय एवं सिविल डिफेंस आदि की भी मेला अवधि में तैनाती मेला रहे।

उन्होंने निर्देश दिया कि गोरखपुर विकास प्राधिकरण तथा लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग अपनी-अपनी सडकों को ठीक करायें। डायवर्जन वाले मार्गों के चौड़ीकरण के लिए भी योजना बनाई जाय। जिससे मार्ग परिवर्तित करने पर यात्रियों को सुविधाजनक मार्ग मिले। दूर संचार विभाग द्वारा मेले के दौरान टेलीफोन के अस्थायी कनेक्शन उपलब्ध कराये जाय। आपूर्ति विभाग किरोसिन एवं खाद्यान्न का वितरण कराये। उन्होंने रेलवे विभाग को निर्देश दिया कि पूर्व की भांति स्पेशल ट्रेन चलवायें। आकाशवाणी एवं दूरदर्शन मेले का लाइव प्रसारण करें। मुख्यमंत्री ने डेंगू की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद में डेंगू की जांच, उपचार एवं प्लेटलेट्स की अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

मुख्यमंत्री ने जेल रोड बाईपास के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि देवरिया बाईपास एवं सिक्सलेन पुल के निर्माण के लिए सम्बधित विभाग मिलकर कार्य करने के साथ ही गोडधोइया नाले के कार्य में भी तेजी लाये। बैठक में गोखनाथ मन्दिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी, एडीजी अखिल कुमार, जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर, गोरखपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तवर, सीईओ गीड़ा पवन अग्रवाल,नगर आयुक्त अविनाश सिंह समेत अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पांच महिला शातिरों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई

गोरखपुर (एसएनबी)। गुलरिहा क्षेत्र के बांस स्थान मेले में मंगल सूत्र छीनने के सम्बन्ध में पांच महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज था। इस मामले में पुलिस अधिकारियों के प्रयास और गुलरिहा थाना प्रभारी के चलते गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही हुई है।

शिल्पा हरिजन पत्नी संजय हरिजन निवासी काशीराम आवास थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीर नगर, हाल मुकाम मुजुरी, थाना पनियरा, जनपद महराजगंज, सुमित्रा देवी पत्नी छांगुर हरिजन निवासी कुशहरा थाना बखिरा जनपद सन्तकबीर नगर, पूनम हरिजन पत्नी रामबचन निवासी कुशहरा थाना साथा जनपद सन्तकबीर नगर हालमुकाम मुजुरी थाना पनियरा जनपद महराजगंज, सूरसती पत्नी लखन उर्फ सुरदास निवासी कुशहरा थाना साथा जनपद संतकबीर नगर, विजेता पत्नी अजय हरिजन निवासी मतौनी कुस्मही जंगल थाना खोराबार को गिरफ्तार कर बांस स्थान मेले में छीना गया चेन व अन्य सामान बरामद किया गया था। इसके बाद पुलिस ने उनका चालान करके न्यायालय भेज दिया था।

**बांस स्थान मेले में मंगलसूत्र छीनने के मामले में दर्ज था मुकदमा, गुलरिहा थाना प्रभारी मनोज कुमार पाण्डेय के सार्थक प्रयास से हुई कार्रवाई**

महिला अभियुक्तों द्वारा लगातार गंभीर अपराध किये जाने के कारण प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा अभियुक्तगण के विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई किये जाने के क्रम में गैंग चार्ट प्रस्तुत कर जिला मजिस्ट्रेट से गैंग चार्ट अनुमोदन उपरान्त धारा 3(1) यूपी गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 पंजीकृत किया गया।

**आपराधिक इतिहासः** शिल्पा हरिजन पत्नी संजय हरिजन निवासी काशीराम आवास, थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीर नगर, हाल मुकाम मुजुरी, थाना पनियरा, जनपद महराजगंज के खिलाफ गुलरिहा थाना में धारा 392,411, 34, फिर धारा 392,411,34 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज था। इसके बाद मुअसं. 699/22 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। सुमित्रा देवी पत्नी छंगुर हरिजन निवासी कुशहरा थाना बखिरा जनपद सन्तकबीर नगर, पूनम हरिजन पत्नी पत्नी रामबचन निवासी कुशहरा थाना साथा जनपद सन्तकबीर नगर हालमुकाम मुजुरी थाना पनियरा जनपद महराजगंज, सूरसती पत्नी लखन उर्फ सूरदास निवासी कुशहरा थाना साथा जनपद संतकबीर नगर एवं विजेता पत्नी अजय हरिजन निवासी मतौनी कुस्मही जंगल थाना खोराबार के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज था।

# रोड रेज में दबंगों ने कार सवारों को पीटा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। डीआईजी बंगले के पास शनिवार की शाम बाइक सवार युवकों ने रोड रेज में अपने साथियों संग बुलाकर परिवार के साथ जा रहे कार सवारों को पीट दिया। जानकारी होने पर पहुंचे रिश्तेदारों ने बचाने का प्रयास किया तो हॉकी से हमला कर सिर फोड़ने के साथ ही चेन छीन ली। पुलिस ने लूट, बलवा और बंधक बनाने का मुकदमा दर्ज कर रविवार की सुबह दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य की तलाश चल रही है।

- डीआईजी बंगले के पास बाइक में कार सट जाने को लेकर हुआ विवाद
- मारपीट और चेन लूटने का आरोप, पुलिन ने दो को किया गिरफ्तार

गुलरिहा के संत हुसैननगर निवासी शनि प्रताप सिंह शनिवार को परिवार के साथ बेतियाहाता आए थे। लौटते समय बेतियाहाता चौराहे के पास उनकी कार में युवकों ने बाइक सटा दी। मना करने पर उलझ गए और जान से मारने की धमकी देने लगे। शनि ने कैंट थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि मामला शांत होने के बाद वह कार लेकर जैसे ही डीआईजी बंगले से आगे पहुंचे बाइक सवार युवकों ने ओवरटेक कर रोक लिया। फोन कर अपने 10-15 साथियों को बुलाकर पीटने लगे। सूचना देने पर बगल में रहने वाले सुसराल के लोग पहुंचे। उन्होंने बचाने का प्रयास किया तो आरोपितों ने हॉकी व डंडे से हमला कर दिया। हमले में उनके साले दिव्यांशु का सिर फट गया। आरोपितों ने बीच-बचाव करने आए रिश्तेदार नीरज सिंह की चेन छीन ली।

शनि प्रताप की तहरीर पर 15 अज्ञात युवकों के विरुद्ध लूट, बलवा, मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर कैंट थाना पुलिस ने घटना में शामिल बेलीपार थानाक्षेत्र के ककराखोर निवासी शमशेर सिंह और विश्वास प्रताप सिंह को रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि अन्य आरोपितों की तलाश चल रही है।

# महिला सफाईकर्मी से मारपीट में केस

सहजनवा/कटसहरा। कटसहरा में शुक्रवार की रात्रि में कटसहरा में महिला सफाई कर्मी मीरा व अजय फॉगिंग करा रहे थे। उसी दौरान एक मनबढ़ ने सफाई कर्मी से मारपीट कर उसका चश्मा तोड़ दी। पुलिस ने कटसहरा निवासी रामबचन पर केस दर्ज किया है।

# जेल में अब रविवार को छुट्टी शनिवार को मुलाकात होगी

पादरी बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। राज्य सरकार ने नए उत्तर प्रदेश जेल मैनुअल-2022 को लागू कर दिया है। इसमें जेल अवकाश के साथ-साथ रविवार के दिन बंदियों से उनके परिजनों की मुलाकात नहीं होगी। यह जानकारी जिला कारागार अधीक्षक ओपी कटियार ने दी। उन्होंने बताया कि रविवार के स्थान पर शनिवार को बंदियों के परिजन मुलाकात कर सकेंगे।

बंदी रक्षकों को भी कार्रवाई के दायरे में रखा गया है। यह व्यवस्था लागू होने पर रविवार को मुलाकात बंद रही, वहीं जेलकर्मी छुट्टी पर रहे। 128 साल पुराने कानून में राज्य सरकार ने बदलाव करते हुए नए जेल मैनुअल को लागू कर दिया है। नए मैनुअल में कैदियों को जेल में शाम के समय की चाय के साथ बिस्किट और त्योहारों पर खीर भी दी जाएगी। इसके अलावा जेल की कैंटीन में बंदियों को समोसा और कोल्ड ड्रिंक भी उपलब्ध कराई जाएगी। यही नहीं बंदीरक्षकों के खिलाफ भी कार्रवाई करने का प्रावधान बन गया है। अभी तक सीधे सजा का कोई प्रावधान नहीं था। जैसे कोई बंदीरक्षक कैदियों से साठगांठ करता है, उसको प्रतिबंधित सुविधाएं मुहैया कराने की कोशिश करता है, नए नियम के अनुसार अब बंदीरक्षक के खिलाफ पर प्रमोशन, इंक्रीमेंट रोकने से लेकर उसकी बर्खास्तगी की कार्रवाई हो सकती है।

**128 साल पुराने कानून में हुआ बदलाव**

- जेल का बदला मैनुअल 2022 को किया लागू
- पहले शनिवार को बंद रहती थी जेल में मुलाकात

# हादसे में दो मजदूर घायल, मुकदमा

सहजनवा। सहजनवा में शटरिंग करने जा रहे दो मजदूरों को बाइक ने ठोकर मार दी। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर बताई जा रही है। शटरिंग ठेकेदार ने आरोपी वाहन चालक पर केस दर्ज कराया है। दो नवंबर को सहजनवा में गुलाब और दशरथ शटरिंग का कार्य करने जा रहे थे। भक्सा गांव के पेट्रोल पंप मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक ने दोनों को ठोकर मार दी।

# जाली दस्तावेज पर विदेश भेजने वालों पर गैंगस्टर

- सतना की शिवानी तो मुजफ्फरनगर का है प्रमोद कुमार
- आरोपियों की संपत्ति की जानकारी ली जा रही है, होगी जब्त

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जाली दस्तावेज बनाकर विदेश भेजने वाले 'बंटी-बबली' यानी प्रमोद और शिवानी पर रविवार को गगहां पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। दोनों जालसाजों को कुछ दिन पहले ही पुलिस ने दबोचा था, दोनों जेल में हैं। विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों गैंग के रूप में जालसाजी कर धन उगाही करते हैं। गैंग की बबली शिवानी है जो सतना मध्यप्रदेश की रहने वाली है जबकि बंटी प्रमोद कुमार है। वह सूरज बजाज के नाम से जालसाजी करता था। एसपी साउथ अरुण कुमार ने बताया कि इनकी संपत्ति की जानकारी की जा रही है, जब्त किया जाएगा।

पिछले दिनों गगहा इलाके के तीन व्यक्ति को 'बंटी-बबली' की इस गैंग ने शिकार बनाया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि गैंग की बंटी यानी शिवानी उर्फ सलमा फोन कर शिकार की तलाश करती थी। विदेश भेजकर नौकरी दिलाने का वीजा देने के नाम पर यह शिकार को तलाश करते थे। शिवानी जब शिकार का चयन कर लेती तब प्रमोद कुमार सूरज बजाज के रूप में शिकार से मिलता और फर्जी वीजा देता। एयरपोर्ट पर जाने के बाद जांच में पता चलता कि यह वीजा तो नकली है।

# मंगलसूत्र छीनने वाली पांच महिलाओं पर गैंगस्टर लगा

- 4 महिला खलीलाबाद की तो एक खोराबार की है रहने वाली
- मुकदमा दर्ज कर गुलरिहा पुलिस ने सभी को भेजा जेल

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। मेला व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं के गले से मंगलसूत्र छीनने वाली पांच महिलाओं पर गुलरिहा पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। इनमें चार संतकबरीनगर जिले की रहने वाली है जबकि एक खोराबार क्षेत्र में रहती है। पांचों महिलाएं गैंग बनाकर अपराध करती हैं।

गुलरिहा पुलिस के मुताबिक थानाक्षेत्र के बांसस्थान में चैत्र रामनवमी का प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन होता है। 15 अप्रैल 2022 को बासस्थान मेले में जंगल डुमरी नम्बर एक तेतरिया टोला निवासी राधिका पत्नी हीरा कन्नौजिया आई थीं। महिलाओं की गैंग ने उनके गले से मंगल सूत्र छीना लिया था। वहीं 17 अप्रैल 2022 को एक अन्य महिला के गले से भी उन्होंने मंगलसूत्र छीना था, दोनों मामले में गुलरिहा पुलिस ने केस दर्जकर पांच महिलाओं शिल्पा पत्नी संजय हरिजन निवासी कांशीराम आवास थाना कोतवाली खलीलाबाद, सुमित्रा देवी पत्नी छांगुर हरिजन, पूनम हरिजन पत्नी रामबचन, सुरसती पत्नी लखन निवासी कुशहरा थाना बखिरा संतकबीरनगर और विजेता पत्नी अजय हरिजन निवासी मतौनी कुसम्ही जंगल थाना खोराबार को गिरफ्तार कर जेल भेजवाया था। गुलरिहा पुलिस ने रविवार को इन महिलाओं पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

# कूटरचित तरीके से भूमि हड़पने का केस

गोरखपुर। पूर्व प्रधान व भाजपा नेता बृजेश सिंह की मां सावित्री सिंह ने कूटरचित तरीके से जमीन हड़पने का आरोप में केस दर्ज कराया है।

गुलरिहा थानाक्षेत्र के नरायनपुर दोयम निवासिनी सावित्री सिंह पत्नी स्व0 गुप्तेश्वर सिंह ने लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव में 92 डिसमिल जमीन है, जिस पर वह मकान बनवाकर काबिज हैं। गांव के ही हरिवंश, बिहारी, मिश्री, बेला, तूफानी, मुनीम, जयराम, अयोध्या प्रसाद ने रामसमुझ को मालिक बनाकर जमीन को बहादुर चौहान निवासी जंगल औराही थाना पिपराइच और जितेंद्र सिंह निवासी जडार थाना पनियरा महराजगंज को पांच लाख रुपये में कूटरचित दस्तावेज तैयार करके मुआयदाबय कर दिया। उपरोक्तगण जब जमीन कब्जा करने का प्रयास किया तो प्रार्थिनी के बेटे बृजेश सिंह के विरोध करने पर हत्या करवा दी थी।

# पत्थर उखाड़ फेंकने पर चार पर केस

गोरखपुर। गुलरिहा थानाक्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो टोला राजापुर गांव निवासी अहमद ने खेत की पैमाइश कराकर पत्थर लगाया था। आरोप है कि गांव के ही धर्मेन्द्र, अभिमन्यु यादव, दुर्विजय और श्रीसंत ने पत्थरउखाड़ कर फेंक दिया। पीड़ित ने शनिवार को गुलरिहा थाने पर तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बिना रजिस्ट्रेशन बेची बाइक, केस

- एमबी मोटर्स के मैनेजर ने दर्ज कराया मुकदमा
- आरोपित पिता-पुत्र के खिलाफ दर्ज हुआ केस

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। बशारतपुर स्थित एमबी मोटर्स के मैनेजर ने रुद्रा ऑटोमोबाइल के प्रोपराइटर पिता-पुत्र सहित अन्य के खिलाफ पिपराइच थाने में धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। आरोप है कि बिना रजिस्ट्रेशन कराए कूटरचित दस्तावेज पर उन्होंने ग्राहकों को बाइक बेच दी है।

महराजगंज जनपद के सिसवां बाजार निवासी सूर्य नारायण सिंह ने पिपराइच पुलिस को दी तहरीर में बताया गया है कि वह शाहपुर क्षेत्र के बशारतपुर में एमबी मोटर्स पर बतौर मैनेजर कार्यरत हैं। भटहट के पास अतरौलिया में संचालित रुद्रा ऑटोमोबाइल के प्रोपराइटर राहुल श्रीवास्तव कुछ वर्ष पूर्व हीरो बाइक का सर्विस सेंटर चलाते थे। जहां एमबी मोटर्स की बाइक बीमा व पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद बाइक बेची जाती थीं। रुद्रा आटोमोबाइल बंद हो जाने के बाद कुछ ग्राहकों ने एमबी मोटर्स के शोरुम पर संपर्क किया और बताया कि उनकी गाड़ियां बिना पंजीकरण ही बेच दी गई हैं। जानकारी करने पर पता चला कि राहुल और उनके अन्य सहयोगियों ने ग्राहकों से धोखाधड़ी की है। ग्राहकों से लिया गया पंजीयन का पैसा संस्था के खाते में जमा नहीं किया है, जबकि दस्तावेजों में हेरफेर कर अधिक पैसा वसूला है। आरोप है कि ग्राहकों के 14 लाख रुपये जमा करने के लिए कहा गया तो आरोपितों ने धमकी दी। आरोप यह भी है कि आरोपित ने अभी और भी बाइक छुपा रखी है, जिसे बेचने की कोशिश में है। पिपराइच पुलिस ने आरोपित राहुल उनके पिता रविन्द्र श्रीवास्तव एवं अन्य सहयोगियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चोरी के मोबाइल के साथ एक को दबोचा

गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के सराहरी चौकी अंतर्गत चेकिंग के दौरान चोरी के मोबाइल के साथ एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

क्षेत्र के सखेरुआ महराजगंज पेट्रोल पंप के पास सब्जी मंडी में सड़क किनारे किंग के दौरान एक किशोर के पास चोरी का मोबाइल बरामद किया गया। पकड़े गए शख्स की पहचान अभिषेक कुमार मढ़ाचूर नाई टोला तालझारी साहेब गंज झारखंड के रूप हुई है। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# महिला सफाईकर्मी से मारपीट में केस

सहजनवा/कटसहरा। कटसहरा में शुक्रवार की रात्रि में कटसहरा में महिला सफाई कर्मी मीरा व अजय फॉगिंग करा रहे थे। उसी दौरान एक मनबढ़ ने सफाई कर्मी से मारपीट कर उसका चश्मा तोड़ दी। पुलिस ने कटसहरा निवासी रामबचन पर केस दर्ज किया है।

# जेल में अब रविवार को छुट्टी शनिवार को मुलाकात होगी

पादरी बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। राज्य सरकार ने नए उत्तर प्रदेश जेल मैनुअल-2022 को लागू कर दिया है। इसमें जेल अवकाश के साथ-साथ रविवार के दिन बंदियों से उनके परिजनों की मुलाकात नहीं होगी। यह जानकारी जिला कारागार अधीक्षक ओपी कटियार ने दी। उन्होंने बताया कि रविवार के स्थान पर शनिवार को बंदियों के परिजन मुलाकात कर सकेंगे।

बंदी रक्षकों को भी कार्रवाई के दायरे में रखा गया है। यह व्यवस्था लागू होने पर रविवार को मुलाकात बंद रही, वहीं जेलकर्मी छुट्टी पर रहे। 128 साल पुराने कानून में राज्य सरकार ने बदलाव करते हुए नए जेल मैनुअल को लागू कर दिया है। नए मैनुअल में कैदियों को जेल में शाम के समय की चाय के साथ बिस्किट और त्योहारों पर खीर भी दी जाएगी। इसके अलावा जेल की कैंटीन में बंदियों को समोसा और कोल्ड ड्रिंक भी उपलब्ध कराई जाएगी। यही नहीं बंदीरक्षकों के खिलाफ भी कार्रवाई करने का प्रावधान बन गया है। अभी तक सीधे सजा का कोई प्रावधान नहीं था। जैसे कोई बंदीरक्षक कैदियों से साठगांठ करता है, उसको प्रतिबंधित सुविधाएं मुहैया कराने की कोशिश करता है, नए नियम के अनुसार अब बंदीरक्षक के खिलाफ पर प्रमोशन, इंक्रीमेंट रोकने से लेकर उसकी बर्खास्तगी की कार्रवाई हो सकती है।

**128** साल पुराने कानून में हुआ बदलाव

- जेल का बदला मैनुअल 2022 को किया लागू
- पहले शनिवार को बंद रहती थी जेल में मुलाकात

# कूटरचित तरीके से भूमि हड़पने का केस

गोरखपुर। पूर्व प्रधान व भाजपा नेता बृजेश सिंह की मां सावित्री सिंह ने कूटरचित तरीके से जमीन हड़पने का आरोप में केस दर्ज कराया है।

गुलरिहा थानाक्षेत्र के नरायनपुर दोयम निवासिनी सावित्री सिंह पत्नी स्व0 गुप्तेश्वर सिंह ने लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव में 92 डिसमिल जमीन है, जिस पर वह मकान बनवाकर काबिज हैं। गांव के ही हरिवंश, बिहारी, मिश्री, बेला, तूफानी, मुनीम, जयराम, अयोध्या प्रसाद ने रामसमुझ को मालिक बनाकर जमीन को बहादुर चौहान निवासी जंगल औराही थाना पिपराइच और जितेंद्र सिंह निवासी जडार थाना पनियरा महराजगंज को पांच लाख रुपये में कूटरचित दस्तावेज तैयार करके मुआयदाबय कर दिया। उपरोक्तगण जब जमीन कब्जा करने का प्रयास किया तो प्रार्थिनी के बेटे बृजेश सिंह के विरोध करने पर हत्या करवा दी थी।

# जाली दस्तावेज पर विदेश भेजने वालों पर गैंगस्टर

- सतना की शिवानी तो मुजफ्फरनगर का है प्रमोद कुमार
- आरोपियों की संपत्ति की जानकारी ली जा रही है, होगी जब्त

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जाली दस्तावेज बनाकर विदेश भेजने वाले 'बंटी-बबली' यानी प्रमोद और शिवानी पर रविवार को गगहां पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। दोनों जालसाजों को कुछ दिन पहले ही पुलिस ने दबोचा था, दोनों जेल में हैं। विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों गैंग के रूप में जालसाजी कर धन उगाही करते हैं। गैंग की बबली शिवानी है जो सतना मध्यप्रदेश की रहने वाली है जबकि बंटी प्रमोद कुमार है। वह सूरज बजाज के नाम से जालसाजी करता था। एसपी साउथ अरुण कुमार ने बताया कि इनकी संपत्ति की जानकारी की जा रही है, जब्त किया जाएगा।

पिछले दिनों गगहा इलाके के तीन व्यक्ति को 'बंटी-बबली' की इस गैंग ने शिकार बनाया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि गैंग की बंटी यानी शिवानी उर्फ सलमा फोन कर शिकार की तलाश करती थी। विदेश भेजकर नौकरी दिलाने का वीजा देने के नाम पर यह शिकार को तलाश करते थे। शिवानी जब शिकार का चयन कर लेती तब प्रमोद कुमार सूरज बजाज के रूप में शिकार से मिलता और फर्जी वीजा देता। एयरपोर्ट पर जाने के बाद जांच में पता चलता कि यह वीजा तो नकली है।

# मंगलसूत्र छीनने वाली पांच महिलाओं पर गैंगस्टर लगा

- 4 महिला खलीलाबाद की तो एक खोराबार की है रहने वाली
- मुकदमा दर्ज कर गुलरिहा पुलिस ने सभी को भेजा जेल

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। मेला व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं के गले से मंगलसूत्र छीनने वाली पांच महिलाओं पर गुलरिहा पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। इनमें चार संतकबरीनगर जिले की रहने वाली है जबकि एक खोराबार क्षेत्र में रहती है। पांचों महिलाएं गैंग बनाकर अपराध करती हैं।

गुलरिहा पुलिस के मुताबिक थानाक्षेत्र के बांसस्थान में चैत्र रामनवमी का प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन होता है। 15 अप्रैल 2022 को बासस्थान मेले में जंगल डुमरी नम्बर एक तेतरिया टोला निवासी राधिका पत्नी हीरा कन्नौजिया आई थीं। महिलाओं की गैंग ने उनके गले से मंगल सूत्र छीना लिया था। वहीं 17 अप्रैल 2022 को एक अन्य महिला के गले से भी उन्होंने मंगलसूत्र छीना था, दोनों मामले में गुलरिहा पुलिस ने केस दर्जकर पांच महिलाओं शिल्पा पत्नी संजय हरिजन निवासी कांशीराम आवास थाना कोतवाली खलीलाबाद, सुमित्रा देवी पत्नी छांगुर हरिजन, पूनम हरिजन पत्नी रामबचन, सुरसती पत्नी लखन निवासी कुशहरा थाना बखिरा संतकबीरनगर और विजेता पत्नी अजय हरिजन निवासी मतौनी कुसम्ही जंगल थाना खोराबार को गिरफ्तार कर जेल भेजवाया था। गुलरिहा पुलिस ने रविवार को इन महिलाओं पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

# बाइक लूटने वाले को पुलिस ने दबोचा

हरपुर बुदहट। लिफ्ट मांगकर बाइक लूटने वाले बदमाश को हरपुर बुदहट पुलिस ने कुवावल पुल से गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र के केराडीह निवासी रमेश चंद संतकबीरनगर से काम करके घर लौट रहे थे सिंघवलिया पुलिया के पास एक युवक ने लिफ्ट मांगी, थोड़ी दूर जाने पर युवक ने गाड़ी चला रहे रमेशचंद को धक्का देकर गिरा दिया और हेलमेट से मारकर उन्हें घायल कर दिया। बाइक और पैसा लेकर फरार हो गया।

# बहन के घर जा रहे अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत

पिपरौली। गीडा थाना क्षेत्र के गाहासांड रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार को ट्रेन से कटे व्यक्ति की शिनाख्त अमटौरा गांव निवासी जयराम के रूप में हुई। गीडा थाना क्षेत्र के गाहांसाड रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार दोपहर को एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। जांच में पता चला कि जयराम की बहन जिसकी शादी चिलुआताल थाना के डोहरिया में हुई थी। वह बहन के घर जा रहे थे।

# पत्थर उखाड़ फेंकने पर चार पर केस

गोरखपुर। गुलरिहा थानाक्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो टोला राजापुर गांव निवासी अहमद ने खेत की पैमाइश कराकर पत्थर लगाया था। आरोप है कि गांव के ही धर्मेन्द्र, अभिमन्यु यादव, दुर्विजय और श्रीसंत ने पत्थरउखाड़ कर फेंक दिया। पीड़ित ने शनिवार को गुलरिहा थाने पर तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बिना रजिस्ट्रेशन बेची बाइक, केस

- एमबी मोटर्स के मैनेजर ने दर्ज कराया मुकदमा
- आरोपित पिता-पुत्र के खिलाफ दर्ज हुआ केस

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। बशारतपुर स्थित एमबी मोटर्स के मैनेजर ने रुद्रा ऑटोमोबाइल के प्रोपराइटर पिता-पुत्र सहित अन्य के खिलाफ पिपराइच थाने में धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। आरोप है कि बिना रजिस्ट्रेशन कराए कूटरचित दस्तावेज पर उन्होंने ग्राहकों को बाइक बेच दी है।

महराजगंज जनपद के सिसवां बाजार निवासी सूर्य नारायण सिंह ने पिपराइच पुलिस को दी तहरीर में बताया गया है कि वह शाहपुर क्षेत्र के बशारतपुर में एमबी मोटर्स पर बतौर मैनेजर कार्यरत हैं। भटहट के पास अतरौलिया में संचालित रुद्रा ऑटोमोबाइल के प्रोपराइटर राहुल श्रीवास्तव कुछ वर्ष पूर्व हीरो बाइक का सर्विस सेंटर चलाते थे। जहां एमबी मोटर्स की बाइक बीमा व पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद बाइक बेची जाती थीं। रुद्रा आटोमोबाइल बंद हो जाने के बाद कुछ ग्राहकों ने एमबी मोटर्स के शोरुम पर संपर्क किया और बताया कि उनकी गाड़ियां बिना पंजीकरण ही बेच दी गई हैं। जानकारी करने पर पता चला कि राहुल और उनके अन्य सहयोगियों ने ग्राहकों से धोखाधड़ी की है। ग्राहकों से लिया गया पंजीयन का पैसा संस्था के खाते में जमा नहीं किया है, जबकि दस्तावेजों में हेरफेर कर अधिक पैसा वसूला है। आरोप है कि ग्राहकों के 14 लाख रुपये जमा करने के लिए कहा गया तो आरोपितों ने धमकी दी। आरोप यह भी है कि आरोपित ने अभी और भी बाइक छुपा रखी है, जिसे बेचने की कोशिश में है। पिपराइच पुलिस ने आरोपित राहुल उनके पिता रविन्द्र श्रीवास्तव एवं अन्य सहयोगियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रोडरेज में दबंगों ने कार सवारों को पीटा

- डीआईजी बंगले के पास बाइक में कार सट जाने को लेकर हुआ विवाद
- मारपीट और चेन लूटने का आरोप, पुलिन ने दो को किया गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। डीआईजी बंगले के पास शनिवार की शाम बाइक सवार युवकों ने रोड रेज में अपने साथियों संग बुलाकर परिवार के साथ जा रहे कार सवारों को पीट दिया। जानकारी होने पर पहुंचे रिश्तेदारों ने बचाने का प्रयास किया तो हॉकी से हमला कर सिर फोड़ने के साथ ही चेन छीन ली। पुलिस ने लूट, बलवा और बंधक बनाने का मुकदमा दर्ज कर रविवार की सुबह दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य की तलाश चल रही है।

गुलरिहा के संत हुसैननगर निवासी शनि प्रताप सिंह शनिवार को परिवार के साथ बेतियाहाता आए थे। लौटते समय बेतियाहाता चौराहे के पास उनकी कार में युवकों ने बाइक सटा दी। मना करने पर उलझ गए और जान से मारने की धमकी देने लगे। शनि ने कैंट थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि मामला शांत होने के बाद वह कार लेकर जैसे ही डीआईजी बंगले से आगे पहुंचे बाइक सवार युवकों ने ओवरटेक कर रोक लिया। फोन कर अपने 10-15 साथियों को बुलाकर पीटने लगे। सूचना देने पर बगल में रहने वाले सुसराल के लोग पहुंचे। उन्होंने बचाने का प्रयास किया तो आरोपितों ने हॉकी व डंडे से हमला कर दिया। हमले में उनके साले दिव्यांशु का सिर फट गया। आरोपितों ने बीच-बचाव करने आए रिश्तेदार नीरज सिंह की चेन छीन ली।

शनि प्रताप की तहरीर पर 15 अज्ञात युवकों के विरुद्ध लूट, बलवा, मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर कैंट थाना पुलिस ने घटना में शामिल बेलीपार थानाक्षेत्र के ककराखोर निवासी शमशेर सिंह और विश्वास प्रताप सिंह को रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि अन्य आरोपितों की तलाश चल रही है।

# चोरी के मोबाइल के साथ एक को दबोचा

गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के सराहरी चौकी अंतर्गत चेकिंग के दौरान चोरी के मोबाइल के साथ एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

क्षेत्र के सखेरुआ महराजगंज पेट्रोल पंप के पास सब्जी मंडी में सड़क किनारे किंग के दौरान एक किशोर के पास चोरी का मोबाइल बरामद किया गया। पकड़े गए शख्स की पहचान अभिषेक कुमार मढ़ाचूर नाई टोला तालझारी साहेब गंज झारखंड के रूप हुई है। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# धमकी व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

चिलुआताल। क्षेत्र की एक किशोरी को ऑटो सवार मनबढ़ों ने अगवा कर चार घंटे तक पास बंधक रखा और छेड़खानी की। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

किशोरी शुक्रवार को बाजार गई थी। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटी तो उसकी मां को अनहोनी की आशंका होने लगी। उसने 112 नम्बर पर डायल कर घटना की जानकारी पुलिस को दी। कुछ देर बाद किशोरी अपने घर पहुंच गई और वारदात की जानकारी दी।

# बिना पंजीकरण बेच दीं गाड़ियां

## रुद्रा आटो मोबाइल के प्रोपराइटर पिता-पुत्र पर मुकदमा दर्ज

**शाहपुर स्थित एमबी मोटर्स के मैनेजर ने दर्ज कराया मुकदमा अतरौलिया में चल रहा था फर्जी सेंटर**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** एमबी मोटर्स के मैनेजर ने रविवार को भटहट के अतरौलिया में बंद हो चुकी रुद्रा आटो मोबाइल के प्रोपराइटर पिता और पुत्र के विरुद्ध पिपराइच थाने में तहरीर दी है। आरोप है कि रुद्रा आटो मोबाइल के बंद होने के बाद भी पिता-पुत्र ने ग्राहकों से 14 लाख रुपये जमा कराकर एमबी मोटर्स की दर्जनों बाइकों को बिना बीमा और पंजीकरण कराए बेच दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शाहपुर में चतुर्वेदी नर्सिंग होम के पास के रहने वाले आरोपित पिता रविन्द्र श्रीवास्तव और बेटा राहुल श्रीवास्तव के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचित, जालसाजी करने और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

भटहट संवाददाता के अनुसार बशातरपुर स्थित एमबी मोटर्स के मैनेजर महराजगंज जनपद के सिसवा बाजार निवासी सूर्य नारायण सिंह ने पिपराइच पुलिस को दी तहरीर में बताया कि भटहट के समीप अतरौलिया में संचालित होने वाले रुद्रा आटोमोबाइल के प्रोपराइटर राहुल श्रीवास्तव कुछ वर्ष पूर्व हीरो बाइक का सर्विस सेंटर संचालित करते थे। जहां पर एमबी मोटर्स की बाइकों को बीमा व पंजीयन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद बेची जाती थी। डेढ़ साल पहले रुद्रा आटोमोबाइल बंद हो गया। इसके बाद भी पिता-पुत्र ने मिलकर सहयोगियों के साथ एमबी मोटर्स की बाइकों को रुपये जमा कराकर बिना बीमा और पंजीकरण कराए बेचा जा रहा था। ग्राहकों का पैसा संस्था के खाते में जमा नहीं किया जा रहा था। मैनेजर ने आरोप लगाया है कि कुछ ग्राहकों के फोन आने के बाद जांच करने पर मामले की जानकारी हुई। राहुल श्रीवास्तव को फोन कर ग्राहकों का 14 लाख रुपये जमा करने के लिए कहा गया तो वह गाली देते हुए हत्या की धमकी देने लगा। आरोप है कि उसके द्वारा अभी भी और दो पहिया वाहनों को छिपाकर रखा गया है, जिसे बेचने की कोशिश की जा रही है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# किशोरी को बंधक बनाकर छेड़खानी करने वाले को जेल

**जासं. गोरखपुर:** आटो सवार किशोरी को बंधक बनाकर छेड़खानी करने वाले आरोपित राहुल को चिलुआताल थाना पुलिस ने रविवार को रिमांड मजिस्ट्रेट के न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आटो चालक व अन्य युवकों की तलाश चल रही है। प्रभारी निरीक्षक थाना चिलुआताल विनय सरोज ने बताया कि किशोरी की मां ने मुकदमा दर्ज कराया था।

# मनबढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हरपुर-बुदहट : महिला सफाईकर्मी संग दुर्व्यवहार करने के आरोपित कटसहरा के रामबचन के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी विज्ञानकर सिंह ने बताया कि मनबढ़ के विरुद्ध सफाईकर्मी ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि फागिंग के दौरान मारपीट कर उसका चश्मा तोड़ा और साड़ी फाड़ दी और उसके सहयोगी सफाईकर्मी की भी पिटाई की। (जासं)

# हत्यारोपित के घर कुर्की का नोटिस

हरपुर-बुदहट : थाना के सराय चांदपार निवासी राकेश यादव के घर रविवार को थाना पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया। थाना प्रभारी विज्ञानकर सिंह ने बताया कि राकेश के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज है। नोटिस के बाद भी वह न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। न्यायालय के आदेश पर कुर्की नोटिस की कार्रवाई की गई है। उसने साथियों संग मिलकर अजीत यादव की हत्या कर शव को बाग में फेंक दिया था। आरोपित के दो साथी जेल में हैं।

# पांच महिला लुटेरों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा

## मेला, बाजार व आटो में करती हैं चोरी व लूट, गिरोह की सरगना है महराजगंज जिले की शिल्पा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बाजार, आटो व मेला में चेन लूटने व चोरी करने वाली पांच महिलाओं पर गुलरिहा थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। महराजगंज जिले की रहने वाली शिल्पा गिरोह की सरगना हैं। संतकबीर नगर और गोरखपुर जिले की रहने वाली महिलाओं के साथ वह वारदात करती है।

प्रभारी निरीक्षक थाना गुलरिहा मनोज पांडेय ने जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र के मजुरी की रहने वाली शिल्पा का गिरोह है। आटो, बाजार और मेला में यह गिरोह अकेली महिलाओं की चेन, मंगलसूत्र और अन्य गहने चोरी करने के साथ ही लूटपाट भी करता है। मजुरी की पूनम, संतकबीर नगर जिले के बखिरा थाना क्षेत्र कुशहरा निवासी सुमित्रा, सुरसती और खोराबार थाना क्षेत्र के कुसम्ही, मतौनी निवासी विजेता देवी गिरोह की सक्रिय सदस्य हैं। बांसस्थान मेले में इन लोगों ने 15 अप्रैल को राधिका देवी और 17 अप्रैल को रुसापुर निवासी सीमा देवी का मंगलसूत्र लूट लिया था। आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने लूटा गया मंगलसूत्र बरामद किया था। जिलाधिकारी की अनुमति पर रविवार को थाना प्रभारी ने आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया।

### सभी महिलाएं आपस में रिश्तेदार

लूट व चोरी करने वाली सभी महिलाएं आपस में रिश्तेदार हैं। इनके ऊपर लूट व गैंगस्टर एक्ट के तीन मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना गुलरिहा मनोज पांडेय ने बताया कि आटो, बाजार और मेला में अकेली महिलाओं के साथ यह गिरोह वारदात करता है।

**लूट करने वाली महिलाओं का पहला गिरोह :** कैंट, तिवारीपुर और शाहपुर थाना पुलिस नशे का कारोबार करने वाली महिलाओं पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर चुकी है। संगठित गिरोह बनाकर लूट व चोरी करने वाला यह जिले का पहला गिरोह है।

### बेरोजगारों को ठगने वालों पर लगाया गैंगस्टर

**गोरखपुर :** विदेश भेजने का झांसा देकर बेरोजगार युवकों को ठगने वाले आरोपितों पर गगहा थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के निर्देश पर थानेदार ने रविवार को आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। मुजफ्फरनगर जिले का रहने वाला युवक मध्य प्रदेश के सतना की युवती के साथ मिलकर गिरोह चला रहा था। एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मुजफ्फरनगर जिले के थाना नई मंडी के बागोवाली निवासी प्रमोद कुमार उर्फ सूरज बजाज ने दुर्गा इंटरनेशनल मैन पावर नाम से कंपनी खोली थी। सहयोगी मध्य प्रदेश के सतना जिले के मझगांवा थाना क्षेत्र स्थित पिंडरा निवासी शिवानी उर्फ सलमा कोल की मदद से वह कंपनी चलाता था। दोनों आरोपितों ने गगहा, बड़हलगंज, गोला और बांसगांव क्षेत्र के 15 युवकों को विदेश भेजने का झांसा देकर सभी से 70-70 हजार रुपये लिए थे। आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने के लिए गगहा थानेदार ने जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी थी। अनुमति मिलने के बाद थाना प्रभारी संदीप सिंह ने रविवार की शाम को प्रमोद उर्फ सूरज और शिवानी के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया।

# नया मैनुअल : अब रविवार को बंद रहेगी जेल

**जासं. गोरखपुर :** जेल मैनुअल 2022 लागू होते ही मुलाकात की व्यवस्था बदल गई है। नए मैनुअल के अनुसार रविवार को जेल बंद रहेगी और मुलाकात भी नहीं होगी। शनिवार को बंदियों से मुलाकात कर सकेंगे। खाने-पीने में भी बदलाव किया गया है। यह व्यवस्था रविवार को लागू कर दी गई।

प्रदेश सरकार ने 128 वर्ष पुराने जेल मैनुअल में बदलाव किया है। नए मैनुअल में बंदियों को शाम के समय की चाय के साथ बिस्किट और त्योहार पर खीर दी जाएगी। जेल की कैंटीन में बंदियों को समोसा व कोल्ड ड्रिंक मिलेगी। किसी बंदी को सुविधाएं मुहैया कराने का प्रमाण मिलने पर बंदी रक्षक का प्रमोशन, इंक्रीमेंट के साथ बर्खास्तगी तक की कार्रवाई हो सकती है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ओपी कटियार ने बताया कि नया जेल मैनुअल लागू होते ही व्यवस्था बदल गई है।

# युवती को भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

गोरखपुर : सहजनवां इलाके के एक व्यक्ति ने रविवार को आरोप लगाया है कि उसकी बेटी को खोराबार थाना के एक गांव का राजकुमार भगा ले गया। घर में रखे 30 हजार रुपये भी उसकी बेटी उठा ले गई है। पुलिस ने आरोपित पर मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# कूटरचित तरीके से जमीन हड़पने की कोशिश, केस

## इसी जमीन के विवाद में भाजपा नेता बृजेश सिंह की हो चुकी है हत्या

अमर उजाला ब्यूरो

**गुलरिहा में 92 डिस्मिल जमीन का विवाद एक बार फिर थाने पहुंचा**

गुलरिहा (गोरखपुर)। इलाके के नारायनपुर दोयम गांव में 92 डिस्मिल जमीन का विवाद एक बार फिर थाने पहुंचा। आरोप है कि कूटरचित दस्तावेज के आधार पर जमीन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने एसपी नार्थ के आदेश पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। यह वहीं, जमीन है, जिसके लिए कुछ साल पहले भाजपा नेता बृजेश सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

बृजेश सिंह की मां सावित्री सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि गांव में 92 डिस्मिल उनकी जमीन है, जिस पर मकान बना है और परिवार के लोग काबिज भी हैं। लेकिन, गांव के ही हरिवंश, बिहारी तूफानी, मुनीब, जयराम, अयोध्या प्रसाद ने रामसमुझ को मालिक बनाकर जमीन को बहादुर चौहान निवासी जंगल औराही थाना पिपराइच व जितेंद्र सिंह निवासी जडार थाना पनियरा महराजगंज को पांच लाख रुपये में फर्जी कागज तैयार कर मुआयदावय कर दिया है।

जब जमीन कब्जा करने का प्रयास किए तो विरोध करने पर बेटे की हत्या कर दी गई थी। गुलरिहा पुलिस रविवार शाम एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी के आदेश पर तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## चोरी के सामान व तमंचा समेत गिरफ्तार, भेजा जेल

**पिपरौली** : गीडा पुलिस ने सहजनवां नगर पंचायत वार्ड नंबर 13 निवासी चोरी के आरोपित बिट्टू चौहान चौहान को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि आरोपित पर घर में घुसकर आलमारी का लाकर तथा बाक्स का ताला तोड़कर गहने और नकदी चोरी करने का आरोप था। उसके पास से चोरी का सामान और तमंचा बरामद किया गया है। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। (जासं)

## जमीन सीमांकन का पत्थर उखाड़ने पर केस

**गुलरिहा।** इलाके के जंगल डुमरी नंबर दो टोला राजपुर में सीमांकन का पत्थर उखाड़ने पर पुलिस ने गांव के धर्मेंद्र, अभिमन्यु, दुर्विजय व श्रीसंत पर केस दर्ज कर लिया।

राजापुर निवासी अहमद ने राजस्व संहिता की धारा के अंतर्गत अपने खेत की पैमाइश कराकर खेत के चारों तरफ पत्थर लगवाए थे, जिसे आरोपियों ने मेड़ को काटकर खेत में मिला दिया और पत्थर को उखाड़ कर फेंक दिया। मना करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

## हत्यारोपी बीएसएफ जवान के घर कुर्की का नोटिस

**हरपुर बुदहट।** इलाके के मदनपुरा ग्राम पंचायत के सराय चांदपार में अजीत यादव की हत्या में शामिल बीएसएफ का जवान राकेश यादव के घर पर पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। न्यायालय के आदेश पर प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे और डुगडुगी बजाकर नोटिस चस्पा किए। अजीत यादव की हत्या में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेजा था, लेकिन राकेश यादव अब तक पकड़ा नहीं गया। वह बीएसएफ में जवान भी है। ब्यूरो

## मोबाइल फोन चोरी के आरोप में पकड़ा गया

**सरहरी।** गुलरिहा इलाके के महाराजगंज चौराहे के साप्ताहिक बाजार से शनिवार शाम 6:00 बजे मोबाइल चोरी करते एक किशोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। उसे बाल सुधार गृह भेजा गया। जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरहरी चौकी अंतर्गत महराजगंज चौराहे पर लगने वाले साप्ताहिक बाजार में आए दिन ग्रामीणों के मोबाइल फोन चोरी हो रहे थे। शनिवार शाम 6:00 बजे बाजार में 16 वर्षीय किशोर मोबाइल फोन चुराने की कोशिश कर रहा था, तभी ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। उपनिरीक्षक घनश्याम उपाध्याय की तहरीर पर केस दर्ज किया गया। ब्यूरो

## महिला सफाई कर्मी से मारपीट में केस

**हरपुर बुदहट।** इलाके के कटसहरा में शुक्रवार रात सफाई कर्मी से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। कटसहरा में शुक्रवार को महिला सफाई कर्मी मीरा और अजय कुमार सफाई करने के साथ फॉगिंग का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने मारपीट कर फॉगिंग मशीन गिरा दी थी। मीरा की तहरीर पर कटसहरा निवासी रामबचन के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। ब्यूरो

## चोरी का आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

**गोरखपुर।** गीडा पुलिस ने चोरी के आरोपी को तमंचे के साथ रविवार को जीरो प्वाइंट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान जुड़ियान निवासी बिट्टू चौहान के रूप में हुई। आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी की पायल, बिछिया, कंगना, माला, हथौड़ा आदि बरामद कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया। ब्यूरो

# 15 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**गोरखपुर।** राजघाट पुलिस ने रविवार को 15 किग्रा गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान अमरुदमंडी निवासी विनय रावत व पिपरी निवासी करण शंकर गोस्वामी के रूप में हुई। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# महिला बदमाशों सहित सात पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज

## गुलरिहा व गगहा पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपियों की फिर से तलाश

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गुलरिहा और गगहा पुलिस ने बदमाशों पर रविवार को गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की। गुलरिहा पुलिस ने इलाके के बांसस्थान मेले में लूट करने वाली पांच महिलाओं पर तो वहीं, गगहा पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर जालसाजी करने के दो आरोपियों पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया।

केस दर्ज होने के बाद जमानत पर बाहर आए बदमाशों की फिर से तलाश शुरू कर दी गई है।

**गुलरिहा में पांच महिलाओं पर कार्रवाई :** गुलरिहा इलाके में 15 अप्रैल को बांसस्थान मेले में जंगल डुमरी नंबर एक तेतरिया टोला निवासी राधिका पत्नी हीरा कन्नौजिया से मंगलसूत्र लूट हुई थी। इसके बाद ही 17 अप्रैल को वहीं पर एक अन्य महिला के साथ लूट हुई थी।

पुलिस ने केस दर्ज कर पांच महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से लूटे गए सामान को बरामद किया। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने सभी के खिलाफ गैंगस्टर की रिपोर्ट तैयार की थी। अब डीएम से अनुमति के बाद केस दर्ज कर लिया गया।

पुलिस ने संतकबीरनगर के खलीलाबाद थाना क्षेत्र के कांशीराम आवास निवासी शिल्पा, बखिरा के कुशहरा निवासी सुमित्रा देवी, यहीं की पूनम, सूरसती, खोराबार के मलौनी निवासी विजेता को गिरोहबंद किया है।

### विदेश भेजने के नाम पर करते थे जालसाजी

**गगहा।** पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर फर्जी वीजा थमाकर कर जालसाजी करने वाले दो आरोपियों पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया है। यह दोनों कई युवाओं से जालसाजी कर चुके हैं और पुलिस ने केस दर्ज कर जेल भी भेजा था। आरोपियों के खिलाफ गगहा पुलिस ने रिपोर्ट तैयार कर भेजी थी, जिस पर डीएम से अनुमति मिलने के बाद केस दर्ज किया गया। पुलिस ने मुजफ्फनगर के बागोवाली निवासी प्रमोद कुमार उर्फ सूरज बजाज व मध्य प्रदेश के सतना के मझगावा थाना क्षेत्र के पिंडरा निवासी शिवानी उर्फ सलमा को आरोपी बनाया है। दोनों पर तीन-तीन मुकदमे दर्ज हैं। ब्यूरो

# डीआईजी बंगले के पास बाइक सवारों ने कार सवार को पीटा, चेन लूट ली

## बदमाशों ने ओवरटेक कर रोक दी थी कार, पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** कैंट इलाके में डीआईजी बंगले के पास आपस में रेस लगा रहे बाइक सवारों ने कार सवार को पीट कर गले से सोने की चेन लूट ली। शनिवार रात में हुई घटना के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर रविवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान बेलीपार के ककराखोर निवासी शमशेर सिंह और विश्वास प्रताप सिंह के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा के संत हुसैन नगर निवासी शनि प्रताप सिंह शनिवार को परिवार के साथ बेतियाहाता आए थे। लौटते समय बेतियाहाता चौराहा के पास उनकी कार में युवकों ने बाइक सटा दी। मना करने पर उलझ गए और जान से मारने की धमकी देने लगे।

शनि ने कैंट थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि मामला शांत होने के बाद वह कार लेकर जैसे ही डीआईजी बंगले से आगे पहुंचे बाइक सवार युवकों ने ओवरटेक करके रोक लिया। फोन कर अपने 10-15 साथियों को बुलाकर पीटने लगे। सूचना देने पर बगल में रहने वाले सुसराल के लोग पहुंचे।

उन्होंने बचाने का प्रयास किया तो युवकों ने हाकी व डंडे से हमला कर दिया, जिसमें साले दिव्यांशु का सिर फट गया।

आरोपियों ने बीच-बचाव करने आए रिश्तेदार नीरज सिंह की चेन छीन ली। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गए।

शनि प्रताप की तहरीर पर 15 अज्ञात युवकों के विरुद्ध लूट, बलवा, मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर कैंट थाना पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों को जेल भिजवा दिया।

### लिफ्ट मांगकर लूट ली बाइक, आरोपी गिरफ्तार

**हरपुर बुदहट।** इलाके में शनिवार रात 9 बजे के करीब लिफ्ट मांगकर केराडीह निवासी रमेश चंद से बाइक लूटने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान कुर्सा गांव निवासी डब्लू पासवान के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, केराडीह निवासी रमेश चंद किसी काम से शनिवार रात 9 बजे संतकबीरनगर जा रहे थे। रास्ते में सिंघवलिया पुलिया के पास पहुंचे थे कि एक युवक ने लिफ्ट मांगी। गाड़ी पर बैठने के बाद रमेश चंद को धक्का देकर गिरा दिया और फिर बाइक लेकर फरार हो गया। हेलमेट पहने होने की वजह से शरीर पर ही चोट आई थी। पीड़ित ने रात में ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल केस दर्ज कर लिया और फिर जांच में जुट गई। बारह घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बाइक बरामद कर ली। ब्यूरो

# अगवा कर किशोरी से छेड़खानी करने का आरोपी गिरफ्तार

चिलुआताल। इलाके की एक किशोरी को ऑटो से अगवा कर छेड़खानी करने के आरोपी को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर बंधक बनाकर छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट की धारा में केस दर्ज किया था।

आरोपी की पहचान विशुनपुर गांव निवासी राहुल के रूप में हुई। मां ने तहरीर में लिखा है कि वह जीतपुर बाजार से शुक्रवार देर शाम बेटी ऑटो से घर जा रही थी। रास्ते में राहुल ने उसे अगवा कर लिया और फिर घर ले जाकर छेड़खानी करने लगा था। ब्यूरो

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-11-2022

राष्ट्रीय सहारा दि. 14/11/22

# प्रार्थना पत्रों का करें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

देवरिया(एसएनबी)। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि बीट पुलिस अधिकारी प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।रविवार को एसपी श्री शर्मा ने उक्त निर्देश पुलिस लाइन में आयोजित अपराध गोष्ठी में मातहतों को दिया।

उन्होंने मातहतों से कहा कि अवैध कच्ची शराब तथा शराब तस्करी में संलिप्त अभियुक्तो की गिरफ्तारी अभियान चलाकर करें। चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम हेतु रात्रि गस्त व क्षेत्र में भ्रमण करें।, बैंकों

## अपराध गोष्ठी

पर विशेष सतर्कता बरतें। संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग करें। प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी के सम्बन्ध में ब्रीफ करें। एसपी ने कहा कि साम्प्रदायिक भावना भड़काने वालों असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करें। छोटी से छोटी बातों का संज्ञान लें। सोशल मीडिया पर निगरानी रखें। उन्होंने छह माह से लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिया। कहा कि वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरुद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करें। शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा, गैंगेस्टर आदि की कार्रवाई करें। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करें। अतिक्रमण हटवाएं। बालिकाओं एवं महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करें।, एंटी रोमियो टीम द्वारा अभियान को निरंतर जारी रखें। वाहन चेकिंग के दौरान आम जनता से अच्छा बर्ताव करें।साथ ही साथ आम जनमानस में सुरक्षा की भावना को बढ़ाने हेतु पैदल गश्त को और अधिक प्रभावी बनाएं। उन्होंने कहा कि आगामी निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराने तथा शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त थाना प्रभारी अपने अपने थानों के चुनाव रजिस्टर का अवलोकन कर लें। संबन्धित जगहों पर आवश्यक पुलिस प्रबन्ध कराते हुए शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर जिलाजीत, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर देवानन्द, क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी प्रेमनारायण तिवारी, क्षेत्राधिकारी बरहज पंचमलाल,क्षेत्राधिकारी लाइन्स विनय यादव, प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार सिंह प्रधान लिपिक भुनेश राय, प्रभारी आंकिक सुनील श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



अपराध गोष्ठी में मातहतों को निर्देश देते एसपी।

रा० सहारा दि. 14/11/22

# एसपी ने किया सम्मानित

देवरिया(एसएनबी)। माह अक्टूबर में उत्तर प्रदेश में आईजीआरएस की रैकिंग में जनपद देवरिया को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आईजीआरएस के अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।मालूम हो कि माह अक्टूबर में जनपद देवरिया उत्तर प्रदेश में आईजीआरएस की रैकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलक्ष्य में एसपी संकल्प शर्मा ने रविवार को आईजीआरएस शाखा के प्रभारी निरीक्षक मो मुस्तकीम चौहान, मुख्य आरक्षी रामउजागीर राय,आरक्षी बबलू गुप्ता, आरक्षी विनोद यादव,मक़ा पूनम सिंह, एवं मक़ा रोमा सोनकर की प्रशंसा करते हुए उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि गत 11 नवम्बर 2022 को आईजीआरएस के अधिकारी ध्कर्मचारीगण को पुलिस अधीक्षक द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया जा चुका है।

# पांच दिन से अपहृत युवती का पता नहीं

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सतुआभार में पांच दिन पहले भाभी के साथ टहलने निकली युवती को अगुआ करने का मामला प्रकाश में आया था। इस घटना की सूचना मिलते ही रुद्रपुर पुलिस हरकत में आ गयी तथा युवती के अपहरण की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी थी। घटना की सूचना मिलते ही रात को अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया राजेश कुमार सोनकर ने परिजनों से घटना के बाबत पूछताछ करते हुए युवती को बरामद करने व अपहरणकर्ता को गिरफ्तार करने के लिये दो टीमों का गठन किया था। लेकिन आज तक अपहृत युवती का पता नहीं चल सका। बता दें कि सतुआभार निवासी अगुआ किये गये युवती के पिता अहमद अली ने रुद्रपुर पुलिस को तहरीर देकर शिकायत किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी बहू नरगिस के साथ उनकी पुत्री खुशबुननिशा ऊर्फ हीना सोमवार की शाम टहलने के लिये निकली थी, तभी अज्ञात चार पहिया सवार बदमाशों ने उनकी बहू को धक्का देते हुए उनकी पुत्री खुशबुन को अपहरण कर लिया। पुलिस ने अज्ञात अपहरणकर्ताओं के खिलाफ धारा 365 का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

रा० सहारा दि० 14/11/22

# लूट की चेन के साथ तीन गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

देवरिया (एसएनबी)। सदर कोतवाली पुलिस ने बाला जी मंदिर के पास से लूटकी चेन के साथ तीन चेन स्नेचरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से दो बाइक भी बरामद किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि शहर में हुई तीन चेन छिनने की घटना के संदर्भ में सदर कोतवाली में पंजीकृत मुकदमें की विवेचना के क्रम में सदर कोतवाली पुलिस शनिवार को बाला जी मंदिर के पास से लूट की चेन के साथ अभियुक्त सान्तनु द्विवेदी, निवासी भटवलिया थाना कोतवाली, अनूप तिवारी पुत्र स्व. राजेश तिवारी निवासी रामनाथ देवरिया, थाना सदर कोतवाली एवं आलोक वर्मा पुत्र दयानन्द वर्मा निवासी डुमरी चौराहा, थाना रामपुर कारखाना को शहर कसया रोड़ स्थित बाला जी मंदिर के समीप से प्रातः 9.35 बजे गिरफ्तार किया। साथ ही गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से लूट की एक अदद सोने की चेन व दो अदद बाइक बरामद किया। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर ने वाले टीम में एसआई सरोजनी वर्मा, अनिल कुमार तिवारी, का. विनय प्रताप यादव, का. रितेश सोनकर शामिल रहें।

# आईजीआरएस शाखा के कर्मचारी को किया पुरस्कृत

देवरिया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आरईजीआरएस शाखा के प्रभारी और पुलिस कर्मियों के कार्यो और मेहनत पर पीठ थपथपाया है। आईजीआरएस के प्रभारी निरीक्षक एमएस चौहान को तीन हतार रुपये, हेड कांस्टेबल राम उजागिर राय को 1500 रुपये और कांस्टेबल बबलू गुप्ता, विनोद यादव,शिवानन्द मिश्रा,महिला कांस्टेबल पूनम सिंह और रोमा सोनकर को पुरस्कृति किया गया।

# चौकीदार की तबीयत बिगड़ी, पुलिस ने किया सहयोग

खुखुन्दू। खुखुन्दू गांव की फरदहा बारी टोला निवासी दिलीप प्रसाद पुत्र जगरदेव प्रसाद खुखुन्दू गांव के चौकीदार है। वह कुछ दिनों से बीमार है उनके बीमार होने की सूचना पर खुखुन्दू पुलिस उनके घर पहुंच कर उनका कुशलक्षेम पूछते हुए आर्थिक रूप से यथाशक्ति सहयोग किया। पुलिसकर्मियों ने चौकीदार की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

के लिए भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि. 14/11/22

# आधा दर्जन पुलिसकर्मियों का हुआ तबादला

देवरिया। आधा दर्जन पुलिस कर्मियों का एसपी संकल्प शर्मा ने शनिवार कर देर शाम को तबादला कर दिया।

सदर कोतवाली के हेड मुहर्रिर हेड कांस्टेबल प्रमोद पाठक को एकौना थाने का हेड मुहर्रिर बनाया गया है। एकौना में तैनात हेड मुहर्रिर हेड कांस्टेबल शमसुद्दीन अली को सदर कोतवाली का हेड मुहर्रिर बनाया गया है। गौरीबाजार/ कार्यालय सुरौली थाने में तैनात कांस्टेबल राजू कुमार खरवार को कार्यालय सदर कोतवाली,कांस्टेबल ब्रह्मानन्द धैर्य को सलेमपुर कोतवाली कार्यालय से सदर कोतवाली कार्यालय में तैनाती किया है।

# देसी शराब के साथ युवक को जीआरपी ने दबोचा

देवरिया। जीआरपी ने देवरिया से बिहार ले जाने के लिए झोले में रखे शराब के साथ युवक को दबोच लिया। जीआरपी ने युवक को आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। देवरिया सदर रेलवे स्टेशन स्थित जीआरपी थाने की पुलिस सोमवार को प्लेटफार्म नम्बर 2 व 3 पर गश्त कर रही थी। प्लेटफार्म के पश्चिमी छोर पर एक युवक पुलिस को देख कर भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर उसे दबोच लिया। पुलिस ने युवक से पूछताछ किया तो उसने अपना नाम आकाश चौधरी पुत्र गोपाल चौधरी वार्ड नंबर 6 गढहरा थाना बेगूसराय जिला बेगूसराय बिहार बताया। पुलिस को उसके पास एक झोले से 40 बोतल बंटी बबली शराब बरामद हुआ।

हिन्दुस्तान दि. 15/11/22

# पशुओं से भरा पिकअप पलटा चालक और खलासी फरार

रामपुर कारखाना। पशुओं से भरी एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन के पलटते ही चालक खलासी फरार हो गए। पशुओं के कराहने की आवाज सुन ग्रामीण मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने पिकअप को सीधा कर पशुओं को बाहर निकाला। रविवार की तड़के डुमरी पांडेय चक मार्ग से एक पिकअप पर लगभग एक दर्जन गोवंशी लाद कर कुछ लोग बिहार की ओर जा रहे थे। तेज गति होने के चलते वाहन डुमरी पशु अस्पताल से पहले अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। वाहन के पलटते ही चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। पशु चिल्लाने लगे। शोर सुनकर टहलने निकले ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद वाहन को सीधा किया।

हिन्दुस्तान दि. 14/11/22

# अचेत स्वास्थ्यकर्मी के पास थे 1.28 लाख, पुलिस ने परिजनों को सौंपा

- गोरखपुर के अँधियारी बाग उत्तरी गोरखनाथ का निवासी है प्रमोद
- बलिया पुलिस हॉस्पिटल में लैब टेक्नीशियन के पद पर है कार्यरत

खुखुन्दू, हिन्दुस्तान टीम। सड़क किनारे अचेत पड़े स्वास्थ्यकर्मी के पास से 1.28 लाख रुपए थे। पुलिस के चलते यह रुपये बचे। पुलिस ने उसकी पत्नी को रविवार की सुबह रुपये लौटा दिया।

गोरखनाथ थाना अंतर्गत अंधियारी बाग उत्तरी गोरखनाथ निवासी प्रमोद कुमार सिंह पुत्र रामयाद सिंह बलिया जिले के पुलिस लाइन में पुलिस हॉस्पिटल में बतौर लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं ।वह बलिया से अपनी भांजी पूजा सिंह की शादी की तैयारी के लिए बैंक से एक लाख 28 हजार रुपए को निकालकर बैग में रखकर बलिया से गोरखपुर के लिए बाइक से जा रहे थे। सलेमपुर- देवरिया मार्ग पर को खुखुन्दू पेट्रोल पंप से आगे सरया मोड़ के पास रात में स्वास्थ्य कर्मी बेहोशी की हालत में सड़क किनारे गिरे मिले । स्वास्थ्य कर्मी प्रमोद कुमार सिंह ने हिन्दुस्तान को बताया कि भांजी पूजा सिंह की फाजिलनगर में 25 नवंबर को शादी है। शादी की तैयारी के लिए उन्होंने बैंक रुपए निकाले थे। रात में करीब 12 बजे गस्त के दौरान पीआरबी 1465 की नजर सड़क के किनारे गिरे पड़े स्वास्थ्य कर्मी पर पड़ी। स्वास्थ्य कर्मी के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई। उसके पास एक छोटा मोबाइल और उसके बैग में एक लाख 28 हजार रुपए और उसकी हीरो बाइक गाड़ी सड़क किनारे पड़ी हुई थी ।पीआरबी 1465 के हेड कांस्टेबल चंद्रिका प्रसाद ,कांस्टेबल राकेश कुमार और चालक रमेश राजभर ने ईमानदारी का परिचय देते हुए स्वास्थ्य कर्मी को लेकर रात में खुखुन्दू थाने को सौंप दिया। थानाध्यक्ष खुखुन्दू गोपाल प्रसाद राजभर में उसकी पत्नी मांडवी सिंह से रात में मोबाइल से संपर्क कर और मामले की जानकारी दी । स्वास्थ्य कर्मी की पत्नी मांडवी सिंह थाने पहुंची और पुलिस ने पत्नी को रुपए लौटाया। स्वास्थ्य कर्मी के परिजनों ने खुखुन्दू पुलिस की इस कार्य की बहुत-बहुत ही प्रशंसा की है। थानाध्यक्ष गोपाल प्रसाद राजभर ने बताया कि सड़क के किनारे रात में गिरे स्वास्थ्य कर्मी के पास मिले रुपए को उसके परिजनों को लौटा दिया गया है।

दैनिक जागरण दि. 14/11/22

# समन्वय बनाकर भूमि विवाद निपटाएं

## एसपी संकल्प शर्मा ने अपराध गोष्ठी में पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को दिए निर्देश

- दस पुलिसकर्मियों ने बताई समस्याएं, निस्तारण का दिया आश्वासन
- यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए अतिक्रमण हटवाने का निर्देश

जासं, देवरिया: एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि जनपद में भूमि विवाद के मामले में बढ़ गए हैं। राजस्व टीम के साथ समन्वय स्थापित कर निष्पक्ष जांच कर भूमि विवाद निस्तारित कराएं। निकाय चुनावों को देखते हुए चुनाव रजिस्टर का अवलोकन करें। संबंधित जगहों पर पुलिस का प्रबंध कराते हुए शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करें। वह रविवार को पुलिस लाइन के मनोरंजन कक्ष में अपराध गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि थानों में लंबित माल व वाहन से संबंधित मुकदमों के निस्तारण में तेजी लाएं। उन्होंने जनपद में शांति व कानून व्यवस्था के लिए अपराध की समीक्षा की। उन्होंने कच्ची व अवैध शराब की तस्करी में संलिप्त आरोपितों की गिरफ्तारी करने, चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए रात में गश्त करने, जन शिकायतों



अपराध गोष्ठी को संबोधित करते एसपी संकल्प शर्मा, एएसपी डा. राजेश सोनकर (दाएं) सीओ सिटी श्रीयस त्रिपाठी • सौ.पुलिस

व आइजीआरएस के मामलों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। बैंकों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच करने को कहा। छह माह से लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के लिए निर्देश दिए। वांछित आरोपितों, इनामी, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरुद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने व अपराधियों के विरुद्ध गुंडा, गैंगस्टर की कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करें। अतिक्रमण हटवाएं। बालिकाओं प महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर तत्काल कार्रवाई करें। सभी थानों पर नियुक्त बीट पुलिस अधिकारी लंबित शिकायती पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। महिला हेल्प डेस्क पर कार्यरत महिला सिपाही आगंतुकों से अच्छा व्यवहार करें। इसके पूर्व प्रेक्षागृह में एसपी के सामने 10 पुलिस कर्मियों ने अपनी समस्याएं रखीं। जिनका शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर एएसपी डा.राजेश सोनकर, सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी, सीओ रुद्रपुर जिलाजीत, सीओ सलेमपुर देवानंद, सीओ भाटपाररानी प्रेमनारायण तिवारी, सीओ बरहज पंचमलाल, सीओ लाइन विनय यादव, प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, प्रधान लिपिक भुनेश राय, सुनील श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण दि. 14/11/22

# युवती से छेड़खानी मामले में प्रधान पुत्र समेत 11 के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, गौरीबाजार**: युवती के अपहरण का प्रयास करने, मारपीट करने व छेड़खानी के मामले में पुलिस ने प्रधान पुत्र व उसके दामाद समेत 11 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने यह कार्रवाई पीड़िता के पिता की तहरीर पर हुई है।

आरोप है कि युवती अपने घर में बैठी थी। तभी एक गांव के प्रधान के दामाद आया और छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर मारने पीटने लगा। उसके साथ आये अन्य लोग युवती को जबरदस्ती खींचकर गाड़ी में बैठाने लगे। बीच बचाव करने पर युवती के माता पिता व भाई को पीटकर घायल कर दिया। भीड़ इकट्ठा होने के बाद दंबग चार पहिया वाहन लेकर भाग खड़े हुए। पुलिस ने ग्राम प्रधान के दामाद, प्रधान के पुत्र संजय निषाद, बदाम पुत्र मोहम्मद अली, नित्यानंद पुत्र प्रदुम्न निषाद व सात अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों की तलाश की जा रही है।

दैनिक जागरण 14/11/22

# कर्मचारी की मृत्यु मामले में अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जासं, देवरिया: सड़क हादसे में घायल सिंचाई विभाग में कार्यरत कर्मचारी की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस मामले में रुद्रपुर के छितहीं गांव के रहने वाले कर्मचारी के साले सिद्धार्थ सिंह की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पकड़ी बाबू गांव के रहने वाले 45 वर्षीय विनय शाही पुत्र स्व. नंदकिशोर शाही शहर के ट्यूबवेल कालोनी स्थित सिंचाई विभाग में कर्मचारी थे। 25 अक्टूबर की शाम करीब 5.30 बजे ड्यूटी के बाद कमरे पर जा रहे थे। महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज के पास पीछे से आ रही वाहन ने ठोकर मार दी।

दैनिक जागरण 14/11/22

# प्रदेश में अव्वल आने पर सम्मानित हुई पुलिस टीम

जासं, देवरिया: पिछले माह आइजीआरएस के जरिये प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जनपद की पुलिस प्रदेश में अव्वल रही। इसको देखते हुए एसपी संकल्प शर्मा ने आइजीआरएस के प्रभारी निरीक्षक मो.मुस्तकीम चौहान व उनकी टीम को सम्मानित किया। अक्टूबर में जनपद ने आइजीआरएस की रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सम्मानित होने वालों में दीवान राम उजागीर राय, सिपाही बबलू गुप्ता, विनोद यादव, पूनम सिंह, रोमा सोनकर शामिल हैं।

# पत्रकारों ने किया थाने का घेराव

मईल। स्थानीय थाने का रविवार को प्रधान और पत्रकार संघ कार्यकर्ताओं ने घेराव किया। एसपी संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन सीओ पंचम लाल को सौंपा गया। नेशनल प्रेस यूनियन, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, एकता समन्वय समिति, राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संघ के तत्वावधान में पत्रकारों और प्रधानों ने मईल थाने पर पहुंच ग्राम प्रधान पर हमले की निंदा करते हुए घेराव किया। सभी मौना गढ़वा के प्रधान और पत्रकार जनार्दन कुशवाहा के ऊपर हुए हमले को लेकर उग्र थे। संवाद

अमर उजाला दि. 14/11/22

# लापरवाह थानेदारों पर होगी कार्रवाई

## पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा-जनता के साथ बेहतर व्यवहार करें पुलिसकर्मी

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा ने रविवार को पुलिस लाइंस में सभी थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों की बैठक ली।

इसमें एसपी को दस पुलिसकर्मियों ने अपनी समस्याओं को बताया। इस पर एसपी ने निराकरण के निर्देश दिए। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि शराब तस्करों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि सभी थाना प्रभारी जाड़े का मौसम होने के कारण रात में गश्त तेज कर दें। चोरी और लूट की घटनाओं की रोकथाम में नाकाम थानेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लंबित जनशिकायत, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाना चाहिए। सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान दृश्यता, गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाए रखे।



एसपी संकल्प शर्मा ने मातहतों के साथ की बैठक। संवाद

असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी करते हुए छोटी से छोटी बातों का संज्ञान लेना होगा। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ साथ डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट करें। छह माह से लंबित विवेचनाओं के निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने व अतिक्रमण हटवाने के लिए अभियान चलाएं।

बालिकाओं एवं महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करें। थानों के चुनाव रजिस्टर का अवलोकन कर लें तथा संबंधित जगहों पर आवश्यक पुलिस प्रबंध कराया जाए।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, जिलाजीत, देवानंद, प्रेमनारायण तिवारी, पंचमलाल, विनय यादव, प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि. 14/11/22

# पुलिस तीन को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। भलुअनी थाना क्षेत्र के विलासपुर गांव निवासी नीरज.तिवारी दो नवंबर से लापता हैं। उनका कहीं सुराग नहीं लग पा रहा है। मामले में पुलिस तीन को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

जबकि कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। नीरज का लापता होना बरहज-भलुअनी पुलिस के अलावा एसओजी के लिए चुनौती बना हुआ है। हालांकि, पुलिस मामले का जल्द पटाक्षेप कर दिए जाने की क़वायद कर रही है।

विलासपुर गांव निवासी धीरज पुत्र कामेश्वर ने पांच नवंबर को एसपी को पत्रक देकर गुहार लगाई है। उसने चचेरे भाई नीरज की प्रेमिका के परिवार वालों पर उसकी हत्या कर शव ठिकाने लगाने की आशंका जताई है।

प्रेमिका से मिलने गए नीरज के साथी ने उसे उसके घर तक छोड़ने की.बात कही है। जहां से नीरज की कहीं लोकेशन नहीं मिल रही है। जबकि प्रेमिका भी गायब है।

दो थानों की पुलिस के अलावा एसओजी मामले का खुलासा करने में जुटा हुआ है।

KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 14-11-2022

# स्कूल के पास से चाकू संग एक गिरफ्तार

हाटा। एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में रविवार को हाटा कोतवाली के एसआई प्रबिंद कुमार राय पुलिस टीम के साथ दोपहर एक बजे हाटा के वार्ड नंबर 25 प्राथमिक विद्यालय के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा।

तलाशी के दौरान उसके पास से चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसकी पहचान फैज खान उर्फ गोलू पुत्र मुजाहिद अली उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 19 छोटी मस्जिद के पास के रूप में हुई। पुलिस ने युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत जेल भेज दिया।

# हरियाणा में डेरा जमाई है पुलिस टीम

फॉलोअप

■ एटीएम का कैश बॉक्स चोरी होने का मामला
■ चोरों की तलाश में गयी है जिले की पुलिस

■ दीपक पांडेय

तमकुहीराज। स्थानीय कस्बे के हरिहरपुर में फोरलेन किनारे स्थित एसबीआई के एटीएम कैश बॉक्स में रखे 21.54 लाख नगदी चोरी के मामले का पर्दाफाश करने लिए पुलिस टीम जी-तोड़ मेहनत कर रही है। घटना के 16 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हत्थे एक भी आरोपी नहीं आना पुलिस टीम के लिए चुनौती का सबब बन गया है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों की मॉनिटरिंग में पिछले पांच दिनों से जिले की दो पुलिस टीम घटना की सुरागकशी के लिए गैर प्रान्तों में डेरा जमाए हुए है। जबकि काफी प्रयास के बाद भी घटना का वर्कआउट नहीं होने से स्थानीय स्तर पर पुलिस के प्रति लोगों में तमाम तरह की चर्चाएं हो रही हैं।तमकुहीराज थानाक्षेत्र के हरिहरपुर में फोरलेन के सर्विसलेन पर स्थित एसबीआई के एटीएम में बीते 26 अक्टूबर को गैस कटर से कैश बॉक्स को काटकर 21.54 लाख रुपये चोरी की घटना ने पुलिस की नींद हराम कर दिया है। घटना के 16 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथों कोई अहम सुराग नहीं आना पुलिस टीम के लिए चुनौती खड़ा कर रहा है। घटना के पर्दाफाश के लिए गठित टीम लोकल गिरोह को टारगेट करने के साथ ही गैर प्रान्तों में भी दिन रात पसीना बहा रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो उच्चाधिकारियों के निगहबानी में हरियाणा गयी दो पुलिस टीम सुरागकशी के लिए पिछले पांच दिनों से हरियाणा की दो शहरो में अपनी डेरा जमाए हुए है। जबकि देवरिया व कुशीनगर की दो स्पेशल टीमें सीमावर्ती बिहार प्रान्त में घटना के वर्कआउट के लिए जी तोड़ मेहनत कर रही है। घटना की सीधी मॉनिटरिंग डीआईजी कार्यालय से होना बताया जा रहा है। डीआईजी जे.रविन्द्र गौंड खुद पुलिस टीम की हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। घटना के पर्दाफाश के लिए पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने पुलिस टीमों को हर संभव प्रयास करने का निर्देश दे रखा है।

उसके बावजूद घटना का वर्कआउट जल्दी नहीं होने से तमकुहीराज के व्यापारियों व स्थानीय लोगों को निराश कर रहा है। स्थानीय लोग घटना को लेकर तमाम तरह की कयासबाजी लगाना शुरू कर दिए हैं। इस सम्बंध में सीओ जितेन्द्र सिंह कालरा का कहना है कि घटना के बाबत पुलिस टीमें लगी हुई हैं। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# टीम ने चलाया चेकिंग अभियान, चार पर कार्रवाई

**जासं, गुरवलिया बाजार** : तुर्कपट्टी के गुरवलिया बाजार स्थित कालेज में एंटी रोमियो अभियान के तहत पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें टीम ने संदिग्ध लोगों की पहचान कर आधा दर्जनों मनचलों को हिरासत में ले लिया।

शनिवार को एसआई रोमेश कुमार व अभिषेक सिंह के नेतृत्व में महिला कांस्टेबल अंजली सिंह, रीता कुमारी, एचसीपी रामायण सिंह यादव, कुश कुमार, कांस्टेबल संजय यादव, अजीत सिंह, वीरेंद्र खरवार, सुनील सरोज, धर्मेंद्र यादव, चंद्रशेखर प्रजापति, रोशन चौधरी की टीम ने विद्यालय जा रही बालिकाओं से बातचीत के दौरान कहा कि अगर कोई भी समस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें।

एंटी रोमियो की टीम की नजर कालेजों के बाहर खड़े रहने वालों पर रही।

पुलिस की इस कार्रवाई से कालेजों के इर्द-गिर्द घूमने वाले मनचलों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घूम रहे संदिग्ध युवकों से पूछताछ की। सही जवाब न देने वाले चार युवकों को पुलिस थाने ले गई, जहां शांति भंग की आशंका में चालन कर दिया गया।

# मारपीट के मामले में छह के विरुद्ध मुकदमा

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा** : क्षेत्र के पड़री राजा गांव में बीते आठ नवंबर को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट की मामले में पुलिस ने रविवार को छह आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

गांव के मोहन शर्मा ने पुलिस दिए तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिशवश गांव के रामायण सिंह, अजय सिंह, बिट्टू सिंह, युवराज आदि उसके दीवार के पास गड्ढा खोद कर मिट्टी निकाल रहे थे। इस दौरान विरोध करने पर लोहे की राड, लाठी, डंडा से हमला बोल दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी फाजिलनगर ले गए, जहां से उसे जिला हास्पिटल रेफर कर दिया गया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# मुख्यमंत्री तक पहुंचा ब्लाक प्रमुख पति पर गोली फायर का मामला

**जासं, पडरौना :** कसया के सुभाष नगर वार्ड में रास्ते के विवाद को लेकर बीते बुधवार को पुलिस की मौजूदगी में हाटा की ब्लाक प्रमुख आरजू राव के पति सुधीर राव पर लाइसेंसी पिस्टल से फायर करने का मामला शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंच गया। प्रमुख के पति ने सीएम से मुलाकात कर घटनाक्रम से अवगत कराया। साथ ही सुरक्षा व चिकित्सक की आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग की। प्रकरण के संज्ञान में आने पर सीएम ने स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को अमेठी में तैनात एसीएमओ डा.संजीव सिंह को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही संपत्ति की जांच कराने का आश्वासन दिया। सीएम से मिलने के बाद प्रमुख पति ने बताया कि सीएम ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश देते हुए संपत्ति की जां;;;;;;0;;;;;;;;च का आश्वासन दिया है। बीते नौ नवंबर नगर पालिका द्वारा लक्ष्मी टाकीज के बगल से मार्ग का निर्माण कार्य रोकते हुए डा. संजीव सिंह ने पुलिस की मौजूदगी में लाइसेंसी पिस्टल से राव पर निशाना साधा, लेकिन चौकी प्रभारी ने चिकित्सक के हाथ पर झपट्टा मारा, तो पिस्टल से निकली गोली राव को न लगकर जमीन में जा लगी। आरोपित चिकित्सक जेल में बंद है।

# अश्लील टिप्पणी पड़ा महंगा

**फाजिलनगर :** पटहेरवा थाने के एक गांव में एक युवती के खिलाफ इंटरनेट मीडिया पर अश्लील टिप्पणी कर वायरल करना युवकों पर भारी पड़ गया ।पुलिस ने सोहन यादव व मोहन यादव निवासी सुम्ही बुजुर्ग के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**हाटा :** कोतवाली के उप निरीक्षक प्रवीण कुमार राय शनिवार को दोपहर में नगर के वार्ड नंबर 25 में प्राथमिक विद्यालय के समीप एक संदिग्ध युवक को देखकर तलाशी लिए तो उसके पास से चाकू बरामद हुआ। आरोपित की पहचान फैज खान निवासी इंदिरानगर हाटा के रूप में हुई। उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया गया। (जासं)

# आपसी सहमति से मामले का पटाक्षेप

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा :** क्षेत्र के गांव जवार भैसहा में छठ घाट की बाउंड्री व भूमि सीमांकन को लेकर दो समुदायों के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद को प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय व प्रधान संत खरवार के प्रयास से रविवार को खत्म हो गया। दोनों पक्षों की थाना परिसर में मौजूदगी के बीच समझौता हुआ। अब विवादित भूमि पर बाउंड्रीवाल का निर्माण शुरू हो गया है।

उक्त गांव के राजा अली व गांव वालों के बीच छठ घाट की भूमि को लेकर विवाद था। शनिवार को दोनों पक्ष थाना समाधान दिवस पर आमने-सामने आ गए थे। एसडीएम व्यास नारायण उमराव ने एसएचओ व प्रधान को आपसी बातचीत से विवाद को हल का निर्देश दिए। तय हुआ कि जितनी भूमि बाउंड्री में राजा अली की जा रही है, उसे ग्राम सभा की भूमि से पट्टा दी जाएगी। शेष भूमि व ग्राम सभा को खाली कर देंगे। एसएचओ ने बताया कि विवाद को दोनों पक्ष आपसी सहमति से हल कर लिया है।

# शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जासं, खड्डा:** थाने के सालिकपुर चौकी की पुलिस ने रविवार को कार में छिपाकर बिहार ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब की खेप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने कार में छिपाकर रखी गई हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब के 48 बोतल व 375 एमएल वाली 24 शीशी को बरामद किया। पकड़े गए तस्करों की पहचान सुधीर भगत निवासी बिहार एक्सटेंशन गुरुग्राम, धर्म कालोनी ओम बिहार फेज गली नंबर नौ थाना पालम, हरियाणा और संजू निवासी दिल्ली कैंट के रूप में हुई है।

प्रभारी थानाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने बताया कि पकड़े गए दोनों तस्करों को आबकारी एक्ट के तहत चालान कर दिया गया है।

# पांच लोगों पर दलित उत्पीड़न का मुकदमा

**खड्डा।** घर में घुसकर महिला से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों पर दलित उत्पीड़न सहित विभिन्न आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई एसपी के आदेश के चार दिन बाद की गई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने आठ नवंबर को तहरीर देकर गांव के पांच लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ आदि का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस मुकदमा दर्ज करने में हीलाहवाली करने लगी तो पीड़ित, ने एसपी से शिकायत की।

एसपी के कड़े रुख के बाद 12 नवंबर को गांव के पांच लोगों के विरुद्ध बलवा, मारपीट, धमकी, घर में घुसने, छेड़छाड़ व अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# पटहेरवा : किशोरी के अपहरण के मामले में मुकदमा दर्ज

**समउर बाजार।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव से कोचिंग पढ़ने जा रही एक किशोरी के अपहरण करने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई किशोरी के पिता की तहरीर पर की है। घटना पांच नवंबर की बताई जा रही है।

किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री गांव के बगल में स्थित एक बाजार में प्रतिदिन कोचिंग पढ़ने जाती थी। गांव का एक युवक उसे परेशान कर रहा था। पांच नवंबर को जब वह कोचिंग जा रही थी तो आरोपी उसे जबरिया बाइक बैठाकर लेता गया।

घटना की जानकारी होने आरोपी के परिवारवालों ने आश्वासन दिया था कि एक-दो दिन में लड़की को ढूंढकर वापस कर देंगे, लेकिन अब वह मुकर रहे हैं तथा मारपीट पर उतारू हो जा रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है। संवाद

# दो लोगों पर आईटी एक्ट और धमकी का मुकदमा

**फाजिलनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के खिलाफ अश्लील टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह मुकदमा धमकी व आईटी एक्ट की धाराओं में हुआ है। पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

थाना क्षेत्र की युवती ने पटहेरवा पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि गांव के ही दो युवक उसके खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। साथ ही कहीं शादी नहीं होने देने की बात लिखते हुए धमकी दे रहे हैं। पुलिस पीड़िता की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ धमकी सहित आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर एक आरोपी से पूछताछ की जा रही है। संवाद

# पुलिस चौकी के लिए हुई पैमाइश

## पटहेरवा क्षेत्र के रकबा राजा गांव के पास खुलेगी चौकी

संवाद न्यूज एजेंसी

**गंगुआ बाजार।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के बिहार बार्डर पर स्थित रकबा राजा गांव के समीप किराए के मकान में चल रहे पुलिस पिकेट को अब स्थायी पुलिस चौकी में तब्दील करने की कवायद तेज कर दी गई है। इसके लिए रविवार को हलका लेखपाल ने रकबा गांव के समीप सरकारी भूमि की पैमाइश की। इसके बाद अब जल्द ही यहां पुलिस चौकी खुल जाएगी।

बिहार बार्डर पर स्थित समउर बाजार पुलिस चौकी पूर्व में पटहेरवा थाने से संचालित होता था। तमकुहीराज थाना के संचालन के बाद अब यह तमकुहीराज थाने में आ गया है, जबकि बार्डर क्षेत्र पर ही स्थित रकबा राजा गांव पटहेरवा थाने में शामिल है।

बिहार बार्डर से रकबा गांव जुड़े होने के कारण पटहेरवा पुलिस ने यहां पर बार्डर क्षेत्रों की निगरानी के लिए पुलिस पिकेट की तैनाती कर दी, जो कि किराए की मकान में चल रहा था।

शनिवार को थाना समाधान दिवस में एसडीएम तमकुहीराज व्यास नारायण उमराव ने हलका लेखपाल से तत्काल मौके पर जाकर जमीन पैमाइश कर उसे चिह्नित करने का निर्देश दिया था।

इसी क्रम में हलका लेखपाल नर्वदेश्वर सिंह ने रविवार को रकबा राजा गांव के समीप पुलिस चौकी के लिए भूमि की पैमाइश की।

# बिहार ले जाई जा रही शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**खड्डा।** कार से शराब तस्करी कर बिहार ले जाते समय दो व्यक्तियों को खड्डा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इन्हें बिहार सीमा के निकट सालिकपुर चौकी के पास गिरफ्तार किया गया। शराब भी बरामद की गई है। रविवार को खड्डा के प्रभारी निरीक्षक विरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम सालिकपुर पुलिस चौकी के पास यूपी बिहार को जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग-727 पर चेकिंग कर रही थी। इसी दरम्यान बिहार की तरफ जा रही लखनऊ नंबर की कार को संदिग्ध जानकर रोककर तलाशी ली तो इसमें छिपाकर रखी गई 72 बोतल शराब बरामद हुई। दोनों ने अपना नाम-पता सुधीर भगत थाना पालम विहार जिला गुरुग्राम हरियाणा, स्थायी पता रोहियार बंगलिया थाना मानसिंह जिला खगड़िया बिहार तथासंजू निवासी समरान लाइन दिल्ली कैंट थाना दिल्ली बताया। संवाद

# थाने पहुंचकर भूमि विवाद में किया समझौता

**उजारनाथ।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव जवार भैसहा में दो समुदायों के बीच छठ घाट की बाउंड्री व खेत की सीमांकन को लेकर चल रहे विवाद को रविवार को सुलझा लिया गया। एसडीएम के मार्गदर्शन पर थाने पर दोनों पक्षों ने आपस में सुलह समझौता कर लिया। अब चहारदीवारी का निर्माण शुरू हो गया है। जवार भैसहा निवासी राजा अली व गांव के छठ घाट की भूमि को लेकर विवाद था। शनिवार को दोनों पक्ष थाना समाधान दिवस पर आमने-सामने आ गए थे। उपजिलाधिकारी व्यास नारायण उमराव ने पटहेरवा के एसएचओ गिरिजेश उपाध्याय व प्रधान को आपसी बातचीत से विवाद को हल का निर्देश दिया था। इसी क्रम में रविवार को दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर सुलह समझौता कर लिया। पटहेरवा के एसएचओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि थाना समाधान दिवस में दोनों पक्ष आए थे। संवाद

# पांच लोगों पर दलित उत्पीड़न का मुकदमा

**खड्डा।** घर में घुसकर महिला से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों पर दलित उत्पीड़न सहित विभिन्न आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई एसपी के आदेश के चार दिन बाद की गई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने आठ नवंबर को तहरीर देकर गांव के पांच लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ आदि का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस मुकदमा दर्ज करने में हीलाहवाली करने लगी तो पीड़ित, ने एसपी से शिकायत की।

एसपी के कड़े रुख के बाद 12 नवंबर को गांव के पांच लोगों के विरुद्ध बलवा, मारपीट, धमकी, घर में घुसने, छेड़छाड़ व अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# मारपीट के मामले में छह पर केस

**उजारनाथ** । पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव पड़री राजा में भूमि विवाद में हुई मारपीट की घटना में घायल व्यक्ति की तहरीर पर छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस प्राणघातक हमला सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। मारपीट की घटना आठ नवंबर को हुई थी।

पड़री राजा गांव के निवासी मोहन शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि पुरानी रंजिशवश गांव के छह लोग उनकी दीवार के पास गड्ढा खोदकर मिट्टी निकाल रहे थे। जब वह उन्हें रोकने गए तो उनके ऊपर लोहे के रॉड, लाठी, डंडा से हमला बोल दिए। इससे वह गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गए। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 14-11-2022

# लकड़ी न मिली तो शव रखकर किया प्रदर्शन

पनियरा, हिन्दुस्तान संवाद। पनियरा क्षेत्र के बभनौली में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब लोगों ने बभनौली-भटहट मार्ग स्थित पंचायत भवन पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोग अंतिम संस्कार के लिए वन विभाग द्वारा लकड़ियां न देने से नाराज थे। लोगों का कहना रहा कि अंतिम संस्कार के लिए मांगने के बाद भी लकड़ियां नहीं दी गई, जबकि परिवार जरूरतमंद था।

करीब 45 मिनट तक चले इस घटनाक्रम का पटाक्षेप तक हुआ जब एसडीएम सदर मो. जसीम की जानकारी में मामला आने के बाद वन विभाग ने अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियां मुहैया कराई। इसके बाद जाकर शव का अंतिम संस्कार किया गया। ग्राम बभनौली की 45 वर्षीया मैना देवी पत्नी स्व. विनोद कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। बीमारी के कारण उसकी मौत हो गई। प्रधान प्रतिनिधि अब्दुल ऐन ने बताया कि मृतका की दो बेटियां और एक बेटा है।



अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी न मिलने पर लोगों ने शव रखकर प्रदर्शन किया।

> इस मामले की जानकारी हुई। तत्काल अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियों की व्यवस्था कराई गई। शव का अंतिम संस्कार हो गया है। -मो . जसीम, एसडीएम, सदर

# पत्नी ने पति पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी एक विवाहिता की शिकायत के बाद एसपी के आदेश पर निचलौल पुलिस ने रविवार को विवाहिता के पति पर आईटी एक्ट व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

निचलौल के रामचंद्रही निवासिनी विवाहिता ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसकी शादी पांच वर्ष पूर्व खड्डा थाना क्षेत्र के छपिया कोप जंगल में हुई थी। जहां शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल के लोग मारने लगे। दो वर्ष पहले उसे बुरी तरह मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसके पति अब उसके पिता व उसकी बहन के मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजते हैं। पीड़िता ने बताया कि वह निचलौल थाना पर कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# उर्वरक की तस्करी पर रोक लगाने को निगरानी के निर्देश

- खाद की अवश्यकता को देखते हुए अपर मुख्य सचिव ने दिए निर्देश
- नेपाल व बिहार राज्य की सीमाओं पर रहेगी विशेष नजर

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** जनपद में किसानों को उर्वरकों की कमी न हो, महराजगंज से उर्वरक नेपाल या दूसरे प्रदेश न जाने पाए, इसके लिए जिला प्रशासन ने जनपद से लगी सीमाओं पर कड़ी निगरानी की व्यवस्था कर दी है। महराजगंज की सीमा जहां भी नेपाल और बिहार से सट रही है, वहां पुलिस विभाग को भी अलर्ट किया गया है।

अपर मुख्य सचिव (कृषि) के आदेश के अनुपालन में पुलिस एवं स्टेट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने नेपाल और बिहार राज्य से लगने वाली सीमाओं पर सतर्क दृष्टि रखने एवं उर्वरकों के अवैध परिसंचालन में संलिप्त पाए जाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध संबंधित उर्वरक निरीक्षकों से प्रस्ताव प्राप्त कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी विरेंद्र कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में फसलों की बोआई के लिए फास्फेटिक उर्वरक, डीएपी, एनपीके, एसएसपी का प्रयोग किया जाता है। ऐसे में सभी विक्रेता किसानों की जोत बही और खतौनी देखकर ही उर्वरक की बिक्री करें। उसका विवरण विक्रय रजिस्टर पर भी अंकित करें। कहीं भी अनावश्यक भंडारण भी नहीं होना चाहिए। इसके लिए जनपद के सभी ब्लाकों में नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं, जो अपने ब्लाक की तमाम तरह की व्यवस्था की कमान संभालेंगे। जिला कृषि अधिकारी ने सभी किसानों को आश्वस्त किया है कि उन्हें उर्वरक की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।



## जोत बही से अधिक बिक्री करने वालों पर भी नजर

जिला कृषि अधिकारी ने कहा है कि प्रदेश के बाहर के कृषकों को उर्वरक बिक्री करने एवं जोत बही, खतौनी के अनुसार अधिक मात्रा में उर्वरकों की बिक्री करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध भी जांच कर उर्वरक नियंत्रण आदेश, आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं उर्वरक परिसंचालन (नियंत्रण) आदेश में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि माह सितंबर तथा अक्टूबर के 100 विक्रेताओं की समीक्षा कर यह देखा जाएगा कि उनके द्वारा नियमों का पालन किया है या नहीं। लापरवाही पाए जाने पर आरोपित दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

# कंबाइन संचालक की मृत्यु मामले में पुलिस पर लीपापोती का आरोप

**जासं, नौतनवा** : बीते छह नंबर को सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदीडाली गांव निवासी कंबाइन संचालक अशर्फी लाल गुप्ता की मृत्यु के मामले में दो पक्षों ने पुलिस व प्रशासन पर लीपापोती का आरोप लगाया है। मृतक पक्ष का आरोप है कि नायब तहसीलदार और गांव के निवासी एक व्यक्ति के वजह से अशर्फी की मौत हुई। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद चुप बैठ गई है। वहीं दूसरे पक्ष शिव कुमार मिश्रा का आरोप है की छह नवंबर की रात मृतक के स्वजन लाठी-डंडा लेकर उसके घर पर धावा बोल दिए। मौजूद महिला सदस्यों से बदसलूकी व छेड़खानी की गई। आरोप है कि सीओ और सोनौली थानाध्यक्ष मामले की सच्चाई जानते हुए भी मुकदमा दर्ज करने से कतरा रहे हैं। मृतक कंबाइन संचालक के पुत्र प्रभु गुप्ता का कहना है कि उनकी न्याय संगत कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सीओ अनुज कुमार सिंह व सोनौली थानाध्यक्ष महेंद्र यादव का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। न्यायसंगत कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर में

### 18 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

महराजगंज : जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शांति भंग की आशंका व भविष्य में शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जनपद के विभिन्न थानों से कुल 18 लोगों को शांतिभंग की धारा में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायालय चालान किया गया। (जासं)

### 15 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

महराजगंज : सोनौली थाने की पुलिस ने रविवार को साकिनपुर निवासी रामू के पास से 15 शीशी नेपाली शराब बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। (जासं)

# छापे के दौरान 30 लीटर कच्ची शराब जब्त

**महराजगंज।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने रविवार को छापा मार कर 30 लीटर कच्ची एवं 30 शीशी नेपाली शराब बरामद की गई। पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के खुर्रमपुर नर्सरी में आरोपी जानकी निवासी लेहड़ा टोला खुर्रमपुर नर्सरी के पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद कर चालान कर दिया गया। चौक पुलिस ने आरोपी जगदीश निवासी सिहूली परसा के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद कर चालान किया गया। बरगदवा पुलिस ने आरोपी रुदल साहनी निवासी मंगलापुर थाना बरगदवा के पास से 30 शीशी नेपाली शराब बरामद हुआ। फरेन्दा पुलिस ने आरोपी अनिल के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद कर चालान कर दिया। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि पुलिस टीम ने कच्ची शराब बरामद कर आरोपियों को चालान कर दिया। अभियान चलाकर समय-समय पर कार्रवाई की जाती है। संवाद

# 143 वाहनों का किया चालान

**महराजगंज।** यातायात माह में नियमों के पालन के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जांच के दौरान नियम का उल्लंघन करने पर वाहनों को चालान कर दिया गया। रविवार को दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाए एवं तेज गति से वाहन चलाने के में 143 वाहनों का चालान किया गया। यह जानकारी यातायात निरीक्षक हरि सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यातायात नियम का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक करने पर जोर है। संवाद

# शांति भंग में 19 लोगों का चालान

**महराजगंज।** जिले में शांति भंग की आशंका में 19 लोगों को चालान कर दिया गया। उन्हें जमानत मुचलके से पाबंद कराया गया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के क्रम में पुलिस की ओर से विशेष सतर्कता बरती जा रही है। यह जानकारी एसपी कार्यालय के सोशल मीड़िया सेल की ओर से दी गई। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-11-2022

# मंदबुद्धि बालिका परिजनों को सुपुर्द

**बस्ती (एसएनबी)**। क्षेत्र से एक मन्द बुद्धि लड़की गायब हो गयी थी। जिसके सम्बन्ध में परिजनों द्वारा लिखित शिकायत मिलने के बाद कलवारी पुलिस ने दो दिन की कड़ी मशक्कत के बाद लड़की को खोज निकाला और सही सलामत परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

दो दिन पूर्व कलवारी पुलिस को लिखित तहरीर देकर ईशाराम निवासी लोनहा ने बताया कि उसकी मन्दबुद्धि लड़की मंजू घर से कहीं चली गयी है। थानाध्यक्ष कलवारी द्वारा गुमशुदा मंजू को खोजने के लिए चलाए गए सघन अभियान के क्रम में ग्राम राजपुर के राकेश गड़ेरिया द्वारा सूचना दिया गया कि उक्त मंजू मेरे घर पर रुकी हुई है, जिसे मैंने रात में भटकते देख कर सुरक्षा की दृष्टि से अपने घर पर रोक लिया है ।



सूचना पाने के बाद कलवारी पुलिस द्वारा फौरन परिजनों को साथ ले कर गुमशुदा लड़की को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया । पुलिस के प्रयास से अपनी गुमशुदा लड़की को सकुशल पा कर उसके परिजन ने खुशी जाहिर करते हुए पुलिस के कार्य एवं तत्परता को सराहा है।

# आदेश की अवहेलना, दो पर मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)**। माननीय न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर कोतवाली पुलिस ने दो अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार कोतवाली थाने में दर्ज मुकदमा 379 आईपीसी से संबंधित दो अभियुक्तो को माननीय न्यायालय ने नोटिस जारी करते हुए हाजिर होने का आदेश दिया था। लेकिन न्यायालय द्वारा दिये गये समय पर आरोपी हाजिर नही हुए। जिसपर न्यायालय के आदेशानुसार कोतवाली पुलिस ने आरोपी रघुनन्दन पुत्र सीताराम बरूवार निवासी ग्राम छजवा थाना मोतीगंज जिला गोण्डा , राजेन्द्र पुत्र महंगू बरूवार निवासी मुडाडीह थाना धानेपुर जिला गोण्डा के विरुद्ध धारा 174ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बाइक चोरी, एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** पार्किंग में खड़ी वाहन पर चोरो की नजर गड़ी और वह उसे लेकर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में वाहन स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली थानाक्षेत्र के विजय भवन स्थित पार्किंग में अवनीश कुमार अपनी बाइक संख्या यूपी 51 एके 5227 को खड़ी कर जरूरी कार्य के लिए चले गये। इसी बीच अज्ञात चोरो ने उनकी बाइक पर हाथ साफ कर दिया। मामले में पीड़ित अवनीश कुमार पुत्र त्रिभुवन चौधरी निवासी धमौरा पोस्ट पुरसिया थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मकान बंटवारे में मारपीट, एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** मकान बंटवारे के विवाद को लेकर कुछ लोगो ने युवक को मारापीटा तथा जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।नगर थानाक्षेत्र के बसहवा गांव निवासी मेराज अली का कुछ लोगो से मकान बंटवारे के दौरान वाद विवाद हो गया। जिसके बाद आरोपियों ने मिलकर मेराज को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित मेराज अली पुत्र अनवर अली निवासी बसहवा थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुभान अली पुत्र हाफिज अली, जहीर पुत्र खुर्शीद अली, सकीरा पत्नी खुर्शीद अली निवासीगण बसहवा थाना नगर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गन्दा पानी रोकने से महिला की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** नल का गन्दा पानी रोकने की बात कहने पर कुछ लोगो ने एक महिला को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के असियापार डिवहारी गांव निवासिनी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पड़ोस के जगनरायन के नल का गन्दा पानी जहां वह खाना बनाती है उसके बगल से होकर बहता है। जिसे रोकने के लिए कहने पर आरोपियों ने मिलकर उसे मारापीटा तथा जानमाल की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी जगनरायन पुत्र मोतीलाल , रंजीता पत्नी जगनरायन, रामनरायन पुत्र मोतीलाल निवासीगण असियापार डिवहारी थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मांगो को लेकर सिंचाई संघ का धरना आज

**बस्ती (एसएनबी)।** सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश के प्रान्तीय आवाहन पर अपनी प्रमुख मांगो को लेकर अधिशासी अभियन्ता कार्यालय पर सोमवार को सींच पर्यवेक्षक, सींचपाल एवं नलकूप चालक कर्मचारी धरना देगे। जिसमें प्रान्तीय अध्यक्ष राज कुमार पाण्डेय द्वारा धरने को सम्बोधित किया जायेगा। यह जानकारी संघ के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि बताया कि अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड कार्यालयके समक्ष 14 नवम्बर को सुबह 10 बजे से एक दिवसीय धरने का आयोजन किया गया है। जिसमें उनकी प्रमुख मांगे जीपीएफ का भुगतान, एनपीएस खोलने, सन्तकबीर नगर के समायोजित उपखण्ड के सींच पर्यवेक्षक व नलकूप चालक के पदो को इस खण्ड में स्थानान्तरित किये जाने सहित वरिष्ठता सूची बनाकर पदोन्नति किया जाना शामिल है। तैयारी बैठक में परिष्ठ उपाध्यक्ष परशुराम तिवारी, मंत्री राजेश कुमार, संरक्षक राम स्वारथ चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जान से मारने की धमकी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** एक महिला तथा उसके बच्चो को जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील बाते बोली गयी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। महिला थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बेलवाडाड़ी गांधीनगर निवासिनी कविता श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी कुंवर सुरेन्द्र प्रताप द्वारा उसे तथा उसके बच्चो को जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील बाते बोली। मामले में पुलिस ने आरोपी कुँवर सुरेन्द्र प्रताप पुत्र अशोक कुमार निवासी बेलवाड़ाडी गाँधीनगर थाना कोतवाली के विरुद्ध धारा 506, 294 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# नाली विवाद में मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** नाली का पानी रोकने से पूछने की बात को लेकर कुछ लोगो ने युवक को मारापीटा तथा जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।रूधौली थानाक्षेत्र के दुदराक्ष गांव में नाली का पानी रोकने पर कर्मराज जायसवाल द्वारा पूछा गया तो दिलीप तथा उनके परिवार के अन्य लोगो ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित कर्मराज जायसवाल पुत्र वाहऊ जायसवाल निवासी दुदराक्ष थाना रुधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी दिलीप पुत्र परमात्मा, सुशीला पत्नी परमहंस, राधिका पत्नी शंकर, कल्लू की पत्नी निवासीगण दुदराक्ष थाना रुधौली के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट में दो पर केस

**बस्ती (एसएनबी)।** पति पत्नी के बीच चल रहे मुकदमें के विवाद को लेकर आरोपी देवर तथा ससुर द्वारा पीड़िता को गालियां देते हुए मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।मुण्डेरवा थाने पर लिखित तहरीर देते हुए पीड़िता संगीता गुप्ता पत्नी अखिलेश निवासिनी देइसाड थाना लालगंज ने बताया कि उसके तथा पति के बीच में मुकदमा चल रहा है। जिसके सुलह समझौता का दबाव बनाते हुए ससुर तथा देवर द्वारा उसे गालियां देते हुए मारापीटा गया तथा मोबाइल पटककर तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी देवर शैलेष मद्धेशिया पुत्र शिवचरन, ससुर शिवचरन पुत्र हरिहर निवासीगण देईसाड़ थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गोआश्रय में अव्यवस्था की भरमार

**बस्ती (एसएनबी)।** प्रदेश की योगी सरकार गोवंशों के संरक्षण हेतु भले ही ग्राम पंचायतों में अस्थाई गो आश्रय स्थल का निर्माण प्रमुखता के तौर पर करवाया हो किन्तु विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की उदासीनता के चलते सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना पर पानी फिरता नजर आ रहा है। जहां ग्राम पंचायतों में बने अस्थाई को आश्रय स्थल अधूरे पड़े हैं। वही सैकड़ों की संख्या में छुट्टा पशु किसानों के खेतों या सड़कों पर आवारा घूमते दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में यह छुट्टा पशु एक तरफ जहां किसानों के लिए मुसीबत का सबब बने हुए हैं। वही राहगीर आए दिन इन छुट्टा पशुओं के चलते दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। मामला जिले के लगभग सभी विकास खंडोका है। इन गो आश्रय स्थलों पर सिर्फ कागजों में खानापूर्ति के नाम पर छुट्टा पशुओं को रखा गया है और यह भी चारे भूसे के अभाव में तड़प कर जीनेको मजबूर हैं।

# दहेज के लिए विवाहिता को पीटा, एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज से संतुष्ट न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को गालियां देते हुए मारापीटा तथा तरह तरह से प्रताड़ित किया। इस सम्बन्ध में विवाहिता की शिकायक पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।वाल्टरगंज थाने की पुलिस को तहरीर देकर विवाहिता ने आरोप लगाया कि उसके पति राजेश तथा ससुराल के अन्य सदस्यों द्वारा शादी के बाद से ही दहेज के लिए तरह तरह से प्रताड़ित किया जाता था। मांग पूरी नही हुई तो उसे मरापीटा गया तथा जानमाल की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति राजेश कुमार पुत्र बदलू निवासी छताई थाना खजनी जिला गोरखपुर हाल मुकाम-ए-3, 3/2 शहीद सुखदेव नगर, वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया अशोक बिहार उत्तर पश्चिमी दिल्ली तथा ससुराल के अन्य सदस्यों के विरुद्ध धारा 498ए, 427, 323, 506 आईपीसी एवं 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बच्चो के विवाद में पति की बांधकर पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** बच्चो के विवाद को लेकर कुछ लोगो ने एक व्यक्ति तथा उसके बच्चो को बांधकर घर पर बैठा लिया। ऐसा सुनकर पत्नी द्वारा जब उन्हे छुड़ाने गयी तो उसे भी मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के ककरहवा गांव में बच्चो के बीच हुए विवाद को लेकर आरोपी हरीराम तथा विजय द्वारा बच्चो का हाथ पांव बांधकर अपने दरवाजे पर बैठा लिया। जिन्हे छुड़ाने के लिए पिता गिरजेश आरोपी के घर गये तो उन्हे भी बन्धक बना लिया। इस बात की जानकारी जब पत्नी मन्जू को मिली कि उसके बच्चो तथा पति को बंधक बनाकर मारापीटा जा रहा है तो वह अभियुक्त के घर पहुंचकर ऐसा करने से मना किया। जिसपर आरोपी ने मंजू को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता मंजू पत्नी गिरजेश निवीस ककरहवा थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी हरीराम, विजय पुत्र हरीराम निवासीगण ककरहवा थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 342, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मामूली बात पर दो पक्ष भिड़े, क्रास केस

**बस्ती (एसएनबी)।** घर के सामने बकरी चले जाने तथा बच्चो के बीच में हुए विवाद की बात को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़गये। जिसके बाद जमकर मारपीट हुई। मामला थाने पहुंचा तो सोनहा पुलिस ने क्रास केस दर्ज करते हुए कार्यवाही किया है।सोनहा थानाक्षेत्र के सिसवाबरूआर गांव में शकुन्तला देवी की बकरी कमलेश के घर के सामने चली गयी। इसी बात को लेकर कमलेश तथा उसके परिवार वालो द्वारा गालियां देते हुए मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता शकुन्तला देवी पत्नी गुरूदेव निवासी सिसवा बरूवार ,थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कमलेश, कमलेश की माँ, छोटू निवासीगण सिसवाबरूवार,थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की किसमती देवी पत्नी राम लाल ने आरोप लगाते हुए बताया कि बच्चो के विवाद को लेकर गुरूदेव तथा अन्य लोगो ने मिलकर उन्हे तथा उनके परिवार को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी गुरूदेव पुत्र रामराज, विपुल पुत्र गुरूदेव, इन्द्रावती पुत्री गुरूदेव निवासीगण सिसवाबरूवार,थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिस ने किया गश्त

**बस्ती (एसएनबी)।** जनपद केसमस्त प्रभारी निरीक्षक-थानाध्यक्ष-चौकी प्रभारी मय पुलिस बल द्वारा कानून-शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना-चौकी क्षेत्रों में पैदल गश्त किया गया। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव के आदेश के क्रम में शांति-कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद बस्ती के समस्त प्रभारी निरीक्षक-थानाध्यक्ष-चौकी प्रभारी मय पुलिस बल द्वारा अपने-अपने थाना-चौकी क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पैदल गश्त करते हुए आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा के दृष्टिगत प्रमुख सर्राफा दुकानों के मालिकों से वार्ता किया गया एवं पैदल गश्त के दौरान चौराहों, मार्केट, भीड़-भाड़ वाली जगहों आदि पर संदिग्ध व्यक्तियों-वाहनों-वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई तथा मिशन शक्ति अभियान, यातायात नियमों का पालन करने के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया गया एवं आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।



# अतिक्रमण करके बनाया मदरसा, केस

बस्ती। रुधौली पुलिस ने अतिक्रमण कर मदरसा निर्माण करने के आरोप में केस दर्ज किया है। रुधौली तहसील क्षेत्र की हल्का लेखपाल पूजा ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि हसनी गांव में खलिहान और नवीन पर्ती की जमीन पर अतिक्रमण कर मदरसे का निर्माण किया गया।

पुलिस ने सेराज खान के खिलाफ आईपीसी 447 व लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

# बर्खास्त सिपाही व उसके साथी पर दो और केस

**फॉलोअप**

- छावनी और हर्रैया थाने में जानलेवा हमला व फ्रॉड का केस
- कानपुर से चोरी की कार लेकर भागते समय पुलिस ने पकड़ा था

बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। कानपुर से कार चोरी कर भाग रहे दो शातिरों को छावनी व हर्रैया पुलिस ने शनिवार को पीछा कर दबोच लिया था। इनमें एक बर्खास्त सिपाही परवेज शामिल है। दोनों पर छावनी व हर्रैया ने भी केस दर्ज किए हैं।

छावनी थाने में टोल प्लाजा पर बैरियर लगाकर खड़े सिपाही शिवम सिंह की तहरीर पर कार से कुचलकर हत्या की कोशिश और बैरियर तोड़कर भागने का मुकदमा दर्ज हुआ है। वहीं हर्रैया थाने में थाना प्रभारी शैलेष कुमार सिंह की तहरीर पर चोरी की कार बरामदगी, पुलिस की वर्दी पहनकर धोखाधड़ी करने आदि व आर्म्स एक्ट की धारा में केस दर्ज किया गया है। कानपुर के काकादेव से 8/9 नवंबर की रात चोरी की लोकेशन बस्ती में मिलने के बाद शनिवार को चौकड़ी टोल प्लाजा छावनी पर लगे बैरियर को तोड़ते कार लेकर आरोपी रामजानकी मार्ग की तरफ मुड़ गए थे। पुलिस ने रामजानकी मार्ग पर बेलाडे शुक्ल गांव के पास गाड़ी खड़ी कर खेत में छिपे दोनों आरोपितों को पकड़ लिया था। दोनों की पहचान परवेज निवासी शिया मस्जिद कम्पाउन्ड थाना कोतवाली जिला झांसी व रियासत निवासी सूर्य नगर थाना कोतवाली उरई के रूप में की गई थी।

परवेज 1995 बैच का सिपाही है, जिसे चार साल पहले बर्खास्त किया जा चुका है। बताया जा रहा है कि झांसी में तैनाती के दौरान उस पर चोरी का आरोप लगा था। इस मामले में फरार होने के बाद उसे बर्खास्त किया गया था। पुलिस की वर्दी पहनकर परवेज अहमद ही गाड़ी चला रहा था। कार नेपाल बेचने की तैयारी थी।

# पार्किंग से बाइक चोरी, केस दर्ज

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में केस दर्ज किया है। पुरानी बस्ती के धमौरा निवासी अवनीश कुमार चौधरी ने बताया है कि नौ नवंबर को उन्होंने अपनी बाइक विजय भवन की पार्किंग में खड़ी की थी। कुछ समय बाद लौटे तो बाइक गायब मिली। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# महिला को अश्लील बातें कहने पर केस

बस्ती। महिला थाना पुलिस ने महिला को अश्लील बातें कहने पर केस दर्ज किया है। शहर के गांधीनगर चौकी की रहने वाली महिला का आरोप है कि कुंवर सुरेन्द्र प्रताप ने उन्हें व उनके बच्चे को जान से मारने की धमकी व अश्लील बातें कहीं। पुलिस ने 506 व 294 के तहत केस दर्ज किया है।

# बच्चों को दी यातायात नियमों की जानकारी

**घघौवा।** छावनी पुलिस द्वारा क्षेत्र के बाल्मिकी इण्टर कालेज विक्रमजोत व दुर्गा देवी स्मारक शिक्षण संस्थान कवलपुर में यातायात माह के अन्तर्गत बच्चों को यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये जागरुक किया गया।

थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय व चौकी प्रभारी विक्रमजोत ओम प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम के कांस्टेबल राहुल सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा, यातायात के नियम आदि की जानकारी दी। हेल्पलाइन नम्बर 112, 101, 108, 102, 1090, 1098 के बारे में बताया गया। इस दौरान बाल्मिकी इंटर कॉलेज विक्रमजोत के प्रधानाचार्य घनश्याम लाल श्रीवास्तव, शिक्षक जयप्रकाश सिंह, राजीव कुमार, पंकज सिंह, शिव शंकर, रवि प्रकाश, नरेंद्र कुमार, दुर्गा देवी स्मारक शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य सुधीर त्रिपाठी, शिक्षक महेश पांडेय, रामकिशन यादव, शशिमा सिंह आदि मौजूद थे।

# अश्लील टिप्पणी करते दो गिरफ्तार

**बस्ती।** वाल्टरगंज और कोतवाली पुलिस ने दो मनचलों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार मनौरी चौकी प्रभारी पवन मिश्रा की टीम ने एंटी रोमियो चेकिंग के दौरान भीटिया तिराहे से दो सौ मीटर आगे जिनवा मोड़ पर खड़े होकर महिलाओं व लड़कियों को देखकर अश्लील टिप्पणी व छींटाकशी करने के आरोप में रघुनाथपुर निवासी मुकेश को गिरफ्तार किया।

उसके खिलाफ आईपीसी 294 के तहत केस दर्ज किया गया है। निजी मुचलका पर उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया। वहीं महिला थाना की एंटी रोमियो चेकिंग के दौरान पकड़े गए आरोपी सुरेंद्र प्रताप निवासी बेलवाडाड़ी थाना कोतवाली के खिलाफ आईपीसी 294, 506 के तहत केस दर्ज किया गया है।

# छात्रों ने प्रस्तुत किया सराहनीय माडल

**जागरण संवाददाता, रुधौली, बस्ती:** रणबीर इंटरनेशनल स्कूल धंसा में चल रहे वार्षिक खेलकूद सप्ताह के अंतिम दिन रविवार को कला-विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेला का आयोजन किया गया। छात्रों ने शानदार माडल प्रस्तुत किया। उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी रुधौली प्रीती खरवार एवं जिलाध्यक्ष भाजपा महेश शुक्ला ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।

कक्षा छह से 11 तक के छात्र-छात्राओं द्वारा महापुरुषों के चित्र व गमला बनाए गए। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा-11 के छात्र मोहन एवं अभिषेक ग्रुप द्वारा होम सिक्योरिटी अलार्म माडल, कक्षा-11 के अजित चौधरी एवं रिजवान ग्रुप द्वारा डिस्टलेशन आफ वाटर, कक्षा-11 के अनुराग व सचिन सिंह ग्रुप द्वारा सीस्मोमीटर, कक्षा ग्यारह की छात्रा ललिता भट्ट ग्रुप द्वारा स्ट्रक्चर आफ फ्लावर, रिया व अंजली ग्रुप द्वारा किडनी कि कार्यप्रणाली व डीएनए का माडल लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया। कक्षा-12 की छात्रा अर्चिता सिंह एवं शालू भट्ट ग्रुप द्वारा एलआइएफआइ का माडल तैयार किया गया। वहीं कक्षा-12 के बालक वर्ग धनंजय दुबे व उत्कर्ष मिश्रा ग्रुप द्वारा सोलेनाइड व म्युचुअल इन्डकसन का माडल प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि ने प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह रणवीर, निदेशक आनंद उपाध्याय, प्रधानाचार्य संतोष उपाध्याय व उप प्रधानाचार्या पूर्णिमा शर्मा के साथ विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व में हुए कबड्डी, वालीबाल, दौड़ डिस्कस थ्रो, रिलरेस सहित प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

सोमदत्त, नितेश पाठक, अवनीश, अनवर, महबूब, सुरेन्द्र, प्रवेश, प्रतीक, विजय नारायण तिवारी, राजीव, प्रदीप सिंह, पिंकू, राज कुमार सोनी, प्रकाश चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।



रणवीर इंटरनेशनल स्कूल धंसा में विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं सीओ प्रीती खरवार, प्रबंधक शैलेंद्र सिंह रणवीर ●जागरण

# वृद्ध महिला घायल, केस दर्ज

**जासं, पैकोलिया, बस्ती:** पैकोलिया पुलिस ने लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते समय वृद्ध महिला को ठोकर मारकर घायल करने के मामले में बाइल चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के मदनापुर गांव निवासी मोहम्मद यूसुफ ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार की शाम छह बजे उसकी पत्नी बदरूनिशा अपने घर के सामने बैठी थी। तभी बेलभरिया रामगुलाम गांव निवासी माताप्रसाद तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए आया और उसकी पत्नी को ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिला चिकित्सालय बस्ती में भर्ती कराया गया है। जहां उपचार चल रहा है।

# बाइक चोरी, मुकदमा

**बस्ती:** कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती के धमौरा निवासी अवनीश कुमार चौधरी ने बताया है कि नौ नवंबर को उन्होंने अपनी बाइक विजय भवन की पार्किंग में खड़ी की थी। कुछ समय बाद लौटे तो बाइक वहां नहीं थी। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए दो गिरफ्तार

**जासं, बस्ती** : वाल्टरगंज और कोतवाली पुलिस ने दो मनचलों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मनौरी चौकी प्रभारी पवन मिश्रा की टीम ने एंटी रोमियो चेकिंग के दौरान भीटिया तिराहे से दो सौ मीटर आगे जिनवा मोड़ पर खड़े होकर महिलाओं को देखकर आपत्तिजनक टिप्पणी व छींटाकशी करने के आरोप में रघुनाथपुर निवासी मुकेश को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। निजी मुचलका पर उसे परिजनों के सिपुर्द किया गया।

वहीं महिला थाना की एंटी रोमियो चेकिंग के दौरान पकड़े गए आरोपित सुरेंद्र प्रताप निवासी बेलवाडाड़ी थाना कोतवाली के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर चले ईंट-पत्थर, मुकदमा

**बस्ती :** गौर पुलिस को तहरीर देकर विशुनपुरा निवासी राम प्रताप यादव ने आरोप लगाया कि रंजिश को लेकर गांव के फूलचंद्र उर्फ राजमनी, दुर्गेश और विकास ने उनके बेटे व पत्नी को अपशब्द कहा। दरवाजे पर ईंट-पत्थर फेंका और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (जासं)

**महिला को अश्लील बातें कहने पर केस**,

**बस्ती:** महिला थाना पुलिस ने महिला को अश्लील बातें कहने पर केस दर्ज किया है। शहर के गांधीनगर चौकी क्षेत्र की रहने वाली महिला का आरोप है कि कुंवर सुरेन्द्र प्रताप ने उन्हें व उनके बच्चे को जान से मारने की धमकी दी। साथ ही उन्हें अश्लील बातें कहीं। महिला थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# कार चोरी करने वाले बर्खास्त सिपाही व साथी पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : कानपुर से कार चोरी करके पुलिस की वर्दी में लेकर भागने वाले बर्खास्त सिपाही और उसके साथी पर छावनी और हर्रैया दोनों थानों में दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। छावनी थानाक्षेत्र के टोल प्लाजा पर बैरियर लगाकर खड़े सिपाही शिवम सिंह की तहरीर पर कार से कुचलकर हत्या का प्रयास और बैरियर तोड़कर भागने का मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि हर्रैया थाने में एसएचओ शैलेश कुमार सिंह की तहरीर पर चोरी की कार बरामदगी, पुलिस की वर्दी पहनकर धोखाधड़ी करने, पुलिस का बैज-सीटी आदि का जालसाजी से इस्तेमाल करने आदि धाराओं के अलावा आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। दोनों मुकदमों में परवेज निवासी शिया मस्जिद कंपाउंड थाना कोतवाली जनपद झांसी और रियासत निवासी सूर्यनगर थाना कोतवाली जनपद उरई का नाम शामिल है।

शनिवार को छावनी व हर्रैया पुलिस को सूचना मिली कि नौ नवंबर की सुबह कानपुर से चोरी हुई लालरंग की कार लेकर दो बदमाश फोरलेन के रास्ते अयोध्या से गोरखपुर की तरफ तेजी से निकल रहे हैं। सूचना पर अलर्ट हुई पुलिस ने हाईवे पर जगह-जगह बैरिकेडिंग करा दी। चौकड़ी टोल प्लाजा छावनी पर एसओ दुर्गेश ने रोकना चाहा लेकिन बैरियर को तोड़ते हुए बदमाश कार को लेकर श्रीरामजानकी मार्ग की तरफ मुड़ गए। जिनके पीछे छावनी पुलिस लग गई।

उधर से हर्रैया पुलिस ने श्रीरामजानकी मार्ग पर घेराबंदी की तो बदमाश बेलाड़े शुक्ल गांव के पास गाड़ी खड़ी करके भागने लगे। दोनों थानों की टीम ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि परवेज अहमद 1995 बैच का सिपाही है। जिसे चार साल पहले बर्खास्त किया जा चुका है। पुलिस की वर्दी पहनकर परवेज अहमद ही गाड़ी चला रहा था। परवेज ने पुलिस को बताया कि वह चोरी की गाड़ी नेपाल ले जाकर बेचता है। सीओ शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि दोनों पर अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# महिला को टक्कर मारने वाले बाइक चालक पर केस

**पैकोलिया।** थाना क्षेत्र के मदनापुर गांव निवासी महिला शनिवार शाम बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पुलिस ने उसके पति की तहरीर पर रविवार को बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

पैकोलिया थाना क्षेत्र के मदनापुर गांव निवासी मोहम्मद यूसुफ ने तहरीर में आरोप लगाया है कि शनिवार शाम छह बजे उनकी पत्नी 66 वर्षीय बदरूनिशा अपने घर के सामने बैठी थी। तभी बेलभरिया रामगुलाम गांव निवासी माता प्रसाद तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए आए और पत्नी को टक्कर मार दी। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में दो का चालान

पैकोलिया। थानाक्षेत्र के परसागना गांव निवासी दो लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया है ।

थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि थानाक्षेत्र के परसागना गांव निवासी महेश कुमार यादव और राज कुमार जमीन के विवाद को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे। ऐसे में दोनों को शांतिभंग की आशंका में चालान कर उप जिलाधिकारी हर्रैया के न्यायालय में भेजा गया है। संवाद



प्रदर्शनी का निरीक्षण करती सीओ रुधौली प्रीती खरवार। संवाद

# वार्षिक खेल सप्ताह समाप्त, बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**रुधौली।** क्षेत्र के रणबीर इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को वार्षिक खेल सप्ताह समाप्त हुआ। सप्ताह के आखिरी दिन कला व विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी प्रीति खरवार ने कहा कि शिक्षा का अर्थ बच्चों के सर्वांगीण विकास है। किताबी ज्ञान के अलावा उन्हें व्यवहारिक जानकारी होनी जरूरी है।

व्यावहारिक जानकारी के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन समय समय पर किया जाना आवश्यक है। इससे बच्चों की प्रतिभाओं को बल मिलता है।

विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल ने कहा कि बच्चों की प्रतिभाओं को उभारने के लिए खेल, प्रदर्शनी, मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन जरुरी है। जिंदगी सिर्फ एक ढर्रे पर नहीं चलती है। प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने होम सिक्योरिटी अलर्ट, पानी शुद्धीकरण, किडनी कार्यप्रणाली, डीएनए मॉडल, पवन चक्की, स्ट्रीट लाइट, नाइट्रोजन चक्र आदि का मॉडल प्रदर्शित किया। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों की प्रतिभाओं को सराहा। प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले बच्चों को अतिथियों ने सम्मानित किया।

मौके पर प्रबंधक शैलेंद्र सिंह रणबीर, निदेशक आनंद उपाध्याय, प्रधानाचार्य संतोष उपाध्याय, पूर्णिमा शर्मा, सोमदत्त, नितेश पाठक, अवनीश, अनवर, महबूब आलम, सुरेंद्र द्विवेदी, प्रवेश दुबे, प्रतीक सिंह, विशाल सिंह, नितिन, योगेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# कार चोरी में पकड़े गए सिपाही पर दो केस दर्ज

## कानपुर से चोरी की थी कार, बस्ती में साथी समेत पकड़ा गया

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** कानपुर से कार चोरी करके पुलिस की वर्दी में लेकर भागने वाले बर्खास्त सिपाही और उसके साथी पर छावनी और हर्रैया थाने में दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। छावनी थाने में टोल प्लाजा पर तैनात सिपाही शिवम सिंह की तहरीर पर कार से कुचलकर हत्या का प्रयास और बैरियर तोड़कर भागने का मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि हर्रैया थाने में एसएचओ शैलेश कुमार सिंह की तहरीर पर चोरी की कार बरामदगी, पुलिस की वर्दी पहनकर धोखाधड़ी करने, पुलिस का बैज-सीटी आदि का जालसाजी से इस्तेमाल करने आदि धाराओं के अलावा आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। दोनों मुकदमों में परवेज निवासी शिया मस्जिद कंपाउंड थाना कोतवाली जनपद झांसी और रियासत निवासी सूर्य नगर थाना कोतवाली जनपद उरई का नाम शामिल है।

**छावनी और हर्रैया थाने में दोनों के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे**

**शनिवार को हर्रैया थाने के बेलाड़े शुक्ल गांव के पास हुई थी गिरफ्तारी**

शनिवार को छावनी व हर्रैया पुलिस को सूचना मिली कि नौ नवंबर की सुबह कानपुर से चोरी हुई लाल रंग की कार लेकर दो चोर फोरलेन के रास्ते अयोध्या से गोरखपुर की तरफ तेजी से निकल रहे हैं। जिनमें कार चालक पुलिस की वर्दी पहने हुए है।

सूचना पर अलर्ट हुई पुलिस ने हाइवे पर जगह-जगह बैरिकेडिंग करा दी। चौकड़ी टोल प्लाजा छावनी पर एसओ दुर्गेश पांडेय ने रोकना चाहा लेकिन बैरियर को तोड़ते हुए चोर कार को लेकर रामजानकी मार्ग की तरफ मुड़ गए। जिनके पीछे छावनी पुलिस लग गई।

उधर से हर्रैया पुलिस ने रामजानकी मार्ग पर घेराबंदी की तो चोर बेलाड़े शुक्ल गांव के पास गाड़ी खड़ी करके भागने लगे। दोनों थानों की टीम ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि परवेज अहमद 1995 बैच का सिपाही है। जिसे चार साल पहले बर्खास्त किया जा चुका है।

बताया जा रहा है कि झांसी में तैनाती के दौरान उस पर चोरी का आरोप लगा था। इसी मामले में फरार होने के बाद उसे बर्खास्त किया गया था। पुलिस की वर्दी पहनकर परवेज अहमद ही गाड़ी चला रहा था। परवेज ने पुलिस को बताया कि वह चोरी की गाड़ी नेपाल ले जाकर बेचता है।

सीओ शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि दोनों पर अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है। उनके गिरोह के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-11-2022

# स्वास्थ्य परीक्षण में यातायात के नियमों का पालन करने की अपील

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)।** अपर पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर यातायात माह नवम्बर 2022 के ष्टिगत वाहन चालकोंध्मालिकों स्वास्थ्य शिविर लगाकर उन्हें मैपल एप्प के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में यातायात माह नवम्बर 2022 के ष्टिगत प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा वाहन चालकोंध्वाहन मालिकों हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नेत्र, नाकध्कानध्गला व बीपी आदि का परीक्षण ड सीबी चौधरी व डा0 रमेश वर्मा द्वारा के द्वारा किया गया।स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान उचित सुझाव के साथ ही वाहन चालकोंध्मालिकों को यातायात सुरक्षा हेतु बनाए गए मैपल एप के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। प्रभारी यातायात द्वारा सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठाने बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ ही लोगों से यह अपील किया कि अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करे।

**शिविर में लोगों को मैपल एप्प के सम्बन्ध में दी गई जानकारी**




पुलिस लाइन में वाहन स्वामीध्चालको का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

## शादी के लिए दो बच्चों की मां का हाई वाल्टेज ड्रामा

# पानी की टंकी पर चढ़ दी मर जाने की धमकी

**भनवापुर/ शाहपुर (एसएनबी)।** रविवार को डुमरियागंज नगर पंचायत के शाहपुर स्थित पानी की टंकी के पास उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल हो गया। जब एक 32 साल की महिला पानी के टंकी पर चढ़ गई। महिला को बचाने के लिए कोई टंकी पर चढ़ने का प्रयास करता है तो महिला नीचे कूदने की धमकी देती रही। देखते ही देखते थोड़ी देर में भीड़ काफी बढ़ती गई। लोगो की सूचना पर पुलिस भी वहां पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद समझा-बुझाकर फिर पुलिस ने उसे नीचे उतारा गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया महिला बार बार एक व्यक्ति के साथ शादी करने की जिद कर रही थीं उसका कहना था कि अगर शादी नहीं हुई तो वह टंकी से कूद जाएगी। घटना रविवार के दिन में 1 बजे के आसपास की है महिला टंकी पर चढ़ी तो कुछ लोगों की नजर उस पड़ी। देखते देखते भीड़ एकत्रित हो गई। कोई टंकी पर चढ़ने की कोशिश करता तो वह नीचे कूद कर जान दे देने की धमकी देती। काफी देर बाद जब पुलिस ने समझाया-बुझाया और कहा कि ठीक है, शादी करा दी जाएगी, इसके बाद उसे नीचे उतारने में पुलिस कामयाब हुई। घटना देख कर शोले फिल्म की झलकी याद गयी।शोले फिल्म में हीरो धर्मेंद्र भी पानी की टंकी पर चढ़ गए थे और बसंती से शादी की बात कहकर नीचे उतरने की धमकी दे रहे थे, फिल्मी डायलाग गांव वालों इस बुढ़िया की वजह से वह जान दे देंगे। आज जब महिला ने यही डायलग बोला तो सभी को शोले फिल्म की वह झलकी याद आ गई। बहुत सारे लोग चर्चा करते सुनाई पड़े कि ये लोग फल्मी स्टाइल में डायलाग मार रही है। महिला के दो बच्चे है।जिसमे एक बेटा और बेटी कुल दो बच्चे हैं। उसकी दो साल पहले शादी हो चुकी है। मगर अब वह अलग अपने मायके में रह रही है। इस बारे में थाना प्रभारी इटवा बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने कहा कि महिला को थाने ले आया गया, समझा-बुझाकर अभी घर भेज दिया जाएगा।

**नगर पंचायत डुमरियागंज के शाहपुर की है घटना**



शाहपुर में पानी की टंकी पर चढ़ी दो बच्चों की मां। फोटो : एसएनबी

# किशोरी को अगवा करने के आरोप में केस

**कार्रवाई**

इटवा। इटवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को अगवा करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के एक गांव निवासी बालिका को एक युवक छह नवंबर को भगा ले गया।

कुछ दिनों तक परिजनों ने बालिका की खोजबीन की मगर वह नहीं मिली। इसके बाद रविवार को परिजनों ने थाने में तहरीर दे दी। एसओ विंदेश्वरी मणि तिवारी का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# 92 वाहनों का चालान

सिद्धार्थनगर। जनपद पुलिस ने रविवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कागजात में खामियां मिलने, यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में 92 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही 1.03 लाख रुपये शमन शुल्क वसूली की कार्रवाई की गई।



शाहपुर में बने पानी के ओवरहेड टैंक पर चढ़ी महिला ।

# प्रेमी से शादी की जिद में पानी टंकी पर चढ़ी दो बच्चों की मां

**अफरातफरी**

- दो घंटे तक खूब छकाया, शादी की हामी भराने के बाद ही उतरी
- इटवा थाने के शाहपुर का मामला, पुलिस कर रही पूछताछ

इटवा (सिद्धार्थनगर), हिन्दुस्तान संवाद। सिद्धार्थनगर के इटवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दो बच्चों की मां रविवार को प्रेमी से शादी करने की जिद में पानी के ओवरहेड टैंक पर चढ़ गई। फिल्म शोले जैसा दृश्य देख मौके पर भी भीड़ जुट गई। टैंक से उसे उतराने का प्रयास करने पर कूदकर जान देने की धमकी देने लगी। दो घंटे तक महिला ने ग्रामीणों के साथ पुलिस को छकाया।

पुलिस से आश्वासन लेने के बाद वह टैंक से नीचे उतरी। पुलिस महिला को थाने पर लाकर पूछताछ कर रही है। इटवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 30 वर्षीय महिला रविवार को घर से निकल कर शाहपुर में बने पानी के ओवरहेड टैंक पर जाकर चढ़ गई। आसपास के लोगों की नजर पानी टंकी पर गई तो वहां मौजूद महिला को देखर हर कोई सन्न रह गया। मौके पर भीड़ जुट गई। कोई टंकी पर चढ़ने की कोशिश करता तो महिला नीचे कूद कर जान दे देने की धमकी देने लगती। मंजर देखकर पुलिस के भी हाथ-पांव फूल गए। महिला किसी व्यक्ति से शादी करने की दुहाई दे रही थी। काफी देर बाद जब पुलिस ने समझाया-बुझाया और आश्वासन दिया कि शादी करा दी जाएगी, इसके बाद वह नीचे उतरी। इंस्पेक्टर बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि महिला को थाने लाकर परिजनों को बुलाया गया है।

## एक नजर में

### ग्राम प्रधान ने दी पुलिस को तहरीर, कार्यवाही की मांग

जोगिया, सिद्धार्थनगर : पोखरभिटवा की ग्राम प्रधान मधु मिश्रा ने जोगिया पुलिस को रविवार को तहरीर देकर कहा कि गांव के एक मकान की दीवार पर कुछ लोग उनके पति और गांव के कुछ अन्य लोगों के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द लिख रहे हैं। बीते दस दिन से ग्राम पंचायत के पगुआ अंजनी कुमार पांडेय के मकान की दीवार पर कागज चिपका कर उस पर गांव के नागरिक अंजनी कुमार पांडेय, सुनील कुमार मिश्रा, रमेश मिश्रा, चिनगी मिश्रा व प्रधान प्रतिनिधि मनीष मिश्रा को गाली दी जा रही है। इस संबंध में प्रभारी एसओ राजेश शुक्ला ने कहा कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी। (जासं)

# टंकी पर चढ़ी महिला, बोली शादी नहीं हुई तो कूद जाऊंगी

**जासं, इटवा, सिद्धार्थनगर :** इटवा थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में रविवार की दोपहर पानी की टंकी पर एक महिला चढ़ गई। उसने जिद किया कि उसकी उसके दोस्त से शादी नहीं कराई गई तो वह कूदकर अपनी जान दे देगी। महिला की इस हरकत से मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी पाकर इटवा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। किसी तरह से पुलिस ने महिला को समझा-बुझाकर नीचे उतारा और समझा बुझाकर घर भेजा। ग्रामीणों के मुताबिक महिला के दो बच्चे हैं। उसकी दो शादियां पहले हो चुकी हैं। दो बच्चे हैं। पति से अनबन के कारण वह अपने मायके में रह रही थी। वहां उसकी एक युवक से दोस्ती हो गई।

# मेले के अंतिम दौर में भी चरम पर उत्साह

## महिलाओं और बच्चों की अच्छी रही संख्या, मेले में पुलिस कर्मियों ने निभाया दायित्व



भारतभारी मेले में सजी दुकानें ● जागरण



सर्कस दिखाते कलाकार ● जागरण

**जागरण संवाददाता, भारतभारी, डुमरियागंज :** कार्तिक पूर्णिमा के आठ दिन पहले से प्रारंभ हुआ भारतभारी का ऐतिहासिक मेला समाप्ति की ओर है, लेकिन मेलार्थियों का उत्साह अभी तक बरकरार है। मेले में बच्चों के अलावा महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। लौह कला से लेकर काष्ठ व मिट्टी के बर्तनों की खरीदारी के साथ साथ खिलौने और बिसाता की दुकानों पर भीड़ देखी जा रही है।

पौराणिक नगर भारतभारी का मेला इन दिनों अपने पूरे सबाब पर है। दूर दराज से आए दुकानदार न सिर्फ एक स्थान पर लोगों के जरूरत की वस्तुएं उपलब्ध करा रहे हैं, बल्कि प्रतिस्पर्धा के कारण मूल्य भी काफी कम है, जिसके कारण खरीदारों की भीड़ दुकानों पर भरपूर दिख रही है।

आगरा से आए मिठाई विक्रेता और जूते चप्पल के व्यापारियों ने बताया कि अबतक वह मेले में 30 हजार रुपये से अधिक का कारोबार कर चुके हैं। काष्ठ और लोहे की सामग्री बेचने वालों ने बताया कि 20 हजार रूपये से अधिक की बिक्री उनकी हो चुकी है। बिसाता करोबारी अजीमुद्दीन ने बताया कि वह 40 हजार रुपये का सामान बेच चुके हैं। चूंकि इस मेले में हर वर्ग के लोगों की भागीदारी रहती है, इसलिए यह सामाजिक समरसता को भी प्रसारित करने का कार्य करती है। मनोरंजन के लिए लगे झूला, ट्रेन, मौत कुंआ आदि के कर्मियों ने भी अच्छी कमाई की। बेवां सीएचसी की टीम ने भी कैंप लगाकर स्वास्थ्य जांच व जरूरी दवाओं का वितरण किया। शुक्रवार को एसडीएम कुनाल, तहसीलदार अरूण कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार आनंद ओझा, कोतवाल संजय मिश्रा के अलावा मेला प्रभारी रमेश चंद्र श्रीवास्तव, अवधेश सिंह, आनंद गौतम, बिपिन तिवारी, गंगोत्री पांडेय, कृपाशंकर मौर्य अभिमन्यु सिंह आदि मुस्तैद दिखे।

# चौकी इंचार्ज के विरुद्ध प्रदर्शन, आश्वासन पर हटे प्रदर्शनकारी

- **चौकी इंचार्ज के विरुद्ध प्रदर्शन, आश्वासन पर हटे प्रदर्शनकारी**
- **भारत भारी मेले से लौटते समय दुर्घटना में हुई थी मृत्यु**

**जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर :** शाहपुर पुलिस चौकी प्रभारी के विरुद्ध मृतक के भाई से अभद्रता करने पर ग्रामीण उग्र हो कर डुमरियागंज - इटवा मार्ग पर धरने पर बैठ गए। तत्काल मौके पर पहुंचे एसओ ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

बीते मंगलवार की रात भारत भारी मेला देखकर डुमरियागंज नगर पंचायत के शाहपुर निवासी सुनील पुत्र सुंदर व रामदीन पुत्र पाटन भरहिया गांव के एक युवक को उसके घर छोड़कर कर रात मे लौट रहे थे। तभी उनकी बाईक को किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। इससे बाइक चला रहे रामदीन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पीछे बैठा सुनील घायल होकर अचेत हो गया। सुबह जब उसे होश आया तो वह अपने घर चला गया। शव को पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया था। रविवार को मृतक का भाई राजेंद्र अपने गांववासियों के साथ पुलिस चौकी शाहपुर पीएम रिपोर्ट मांगने आया था। इस पर कथित रूप से चौकी इंचार्ज ने मृतक के भाई से अभद्रता कर दी। इसे देख गांववासी उग्र हो गये और सड़क पर धरने पर बैठ गये। सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष बिंदेश्वरी मणि ने प्रदर्शनकारियों को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए धरना समाप्त कराया।

# चोरी रोकने को खाली मकानों पर खास निगाह रखेगी पुलिस

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** ठंड के मौसम में चोरी रोकने के लिए पुलिस ने मास्टर प्लान तैयार किया है। बढ़ती चोरी की घटनाओं से चिंतित अधिकारियों ने सघन गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया है। अब पुलिस मोहल्ले के लोगों एवं व्यापारियों की भी मदद लेगी। इसके लिए सभी थानों पर व्यापारिक संगठनों की बैठक करने को कहा गया है। गांवों में स्थित दुकानों पर भी पुलिस निगाह रखेगी। इधर लगातार हुई चोरी की घटनाओं ने पुलिस का पारा बढ़ा दिया है।

चोरी और लूट की घटनाओं के होने की पीछे सबसे बड़ा कारण एकांत माहौल का होना है। इस समस्या से निपटने के लिए पुलिस ने रात्रि गश्त अभियान शुरुआत किया है। इस अभियान के तहत रात में सभी थानेदार और सीओ पुलिस की गश्ती टीमों की निगरानी करेंगे। जिन स्थानों पर वह जाएंगे वहां का लाइव लोकेशन भी पुलिस ग्रुप में डालेंगे। इस आशय का निर्देश एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया है। छोटे-छोटे कस्बों में दूर-दराज से आकर लोग दुकान खोले हुए हैं। रात होते ही अधिकतर लोग अपने घर वापस आ जाते हैं। ऐसे दुकानों को भी चोर रेकी कर घटना को अंजाम देने से नहीं चूकते हैं। इधर कुछ दिनों से जनपद में ताबड़तोड़ चोरी की घटनाएं हो रही हैं। चोर अधिकतर ऐसे घरों को अपना निशाना बना रहे हैं जिसमें कोई मौजूद नहीं होता। शहर में पिछले दिनों छह से अधिक घटनाएं हुई हैं, पर एक का भी पर्दाफाश पुलिस नहीं कर पायी है। लोटन थाना क्षेत्र में भी कई घटनाएं हुई हैं। लोटन स्थित स्टेट बैंक की शाखा में भी नकबजनी कर चोरी का असफल प्रयास चोर कर चुके हैं।

> चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए रात्रि में गश्त बढ़ाई गयी है। बीट पुलिस अधिकारियों को उनके क्षेत्र में खाली मकानों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिये गए हैं। अब तक हुई चोरी की घटनाओं के पर्दाफाश के लिए पुलिस टीम काम कर रही है।
>
> **अमित कुमार आनंद,** एसपी

**बस, रेलवे स्टेशनों के आसपास भी होगी खास निगाह :** पुलिस बस एवं रेलवे स्टेशन पर भी गश्त बढ़ाएगी। कई बार बाहरी स्थानों से आकर बदमाश आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं।

# माता-पिता ही नहीं मुझे भी पीटती है पत्नी

## इटवा थाने में शिकायत लेकर पहुंचे परिवार ने सुनाई पीड़ा, न्याय की गुहार लगाई

संवाद न्यूज एजेंसी

इटवा। साहब मुझे बचाइए, मेरी पत्नी मुझे और मेरे माता-पिता को पीटती है। घर में रहना मुश्किल कर दिया है। कह रही है कि घर छोड़ दो। अब मैं बुजुर्ग माता-पिता को लेकर कहां जाऊं? इटवा थाने में रविवार को माता-पिता के साथ पहुंचे व्यक्ति ने बिलखते हुए ये बातें कहीं। थानाध्यक्ष ने उन्हें जब घर जाने को कहा तो उसने कहा कि घर पहुंचते ही फिर पिटाई करेगी। एसओ ने न्याय का भरोसा दिलाया और दूसरे दिन दोनों पक्षों को थाने बुलाया है।

क्षेत्र के एक गांव का व्यक्ति अपने बुजुर्ग माता-पिता के साथ इटवा थाने पहुंचा। प्रार्थनापत्र देकर उसने सुरक्षा की गुहार लगाई। उसका कहना है कि उसके पांच बच्चे हैं। दो बेटे रोजी-रोटी के लिए बाहर गए हैं और तीन घर रहते हैं। उसके पिता सेवानिवृत्त विद्युत कर्मी हैं। उसकी पत्नी माता-पिता को आए दिन पीटती है और मना करने पर उसे भी पीटती है।

एसओ विंदेश्वरीमणि तिवारी का कहना है कि यह पारिवारिक विवाद है। दोनों पक्षों की बात सुनकर हल निकाला जाएगा। यदि सुलह-समझौते से बात नहीं बनेगी तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# तीसरे निकाह के लिए पानी की टंकी पर चढ़ी महिला

## दो निकाह करके पहले दे चुकी है तलाक, तीसरे के लिए माता पिता पर बना रही थी दबाव

संवाद न्यूज एजेंसी

**इटवा (सिद्धार्थनगर)।** पहले पति को तलाक दे दिया, दूसरे से निकाह किया तो दो बच्चे हुए। तीसरे पर दिल आया तो दूसरे को भी छोड़कर मायके पहुंच गई। निकाह के लिए माता-पिता राजी नहीं हुए तो ओवर हेड टैंक (पानी की टंकी) पर चढ़कर आत्महत्या की धमकी देने लगी।

बताया जा रहा है कि जिससे वह तीसरा निकाह करना चाहती है, वह नाबालिग है। एसओ और चौकी प्रभारी के घंटों समझाने के बाद

### इटवा एसओ के समझाने के बाद नीचे उतरी महिला

महिला उतरी तो लोगों ने राहत की सांस ली। मामला इटवा थाना क्षेत्र के शाहपुर का है।

क्षेत्र के एक गांव की महिला का पहला निकाह पड़ोस के एक गांव में हुआ था। कुछ दिनों बाद महिला की अपने पति से अनबन हो गई। इसके बाद उससे तलाक ले लिया और दूसरा निकाह कर लिया। उसके दो बच्चे हैं। कुछ दिनों बाद उसका तीसरे पुरुष पर दिल आ गया और वह पति का घर छोड़कर



समझा बुझाकर महिला को पानी की टंकी से उतारकर ले जाती इटवा पुलिस। संवाद

अपने माता-पिता के पास चली आई। उसने तीसरे पुरुष से शादी के लिए माता-पिता से बातचीत की, तो दोनों ने उसे बहुत समझाया।

नाराज होकर महिला अपने एक रिश्तेदार के घर चली गई। वहां से रविवार सुबह वह निकट स्थित शाहपुर पहुंची और शादी के लिए दबाव बनाने के लिए पानी की टंकी पर चढ़ गई।

लोगों ने पुलिस को सूचना दी। शाहपुर चौकी प्रभारी और एसओ इटवा मौके पर पहुंचे। दोनों के समझाने के बाद महिला उतरी। उसे लेकर पुलिस थाने पहुंची एसओ विंदेश्वरीमणि तिवारी का कहना है कि महिला जिससे शादी के लिए दबाव बना रही है, वह लड़का अभी नाबालिग है।

# किशोरी को अगवा करने का केस दर्ज

**इटवा।** थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को अगवा करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि किशोरी को एक युवक छह नवंबर को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। कुछ दिनों तक परिजनों ने खोजबीन की, मगर वह नहीं मिली। रविवार को परिजनों ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। एसओ विंदेश्वरी मणि तिवारी का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 14-11-2022

# पुलिस ने तीन घायलों को अस्पताल पहुंचाया

संतकबीरनगर। जिले के पुलिस कर्मियों ने तीन घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। पीआरवी 1484 को धनघटा क्षेत्र के दीपपुर से दुर्घटना में लोगों के घायल होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे तो श्रवण कुमार पुत्र फेकू, दद्दन पासवान पुत्र आद्या पासवान थाना नरकटिया पश्चिमी चम्पारन, बिहार व उनकी पुत्री श्रृष्टि मार्ग दुघर्टना में घायल मिले। पीआरवी जवानों ने एंबुलेंस से घायलों को हैंसर सीएचसी पहुंचाया।

# आत्महत्या करने का वायरल वीडियो निकला भ्रामक

मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद। मेंहदावल कस्बे के एक युवक का दो दिन पहले फेसबुक लाइव पर आत्महत्या करने का अपलोड वायरल वीडियो पुलिस की जांच में झूठा निकला। वीडियो को लेकर पुलिस पूरे दिन हलकान रही। युवक अपने नन्दौर स्थित दुकान पर सकुशल मौजूद मिला। पुलिस की जांच में युवक के आर्थिक तंगी से आजिज आकर आत्महत्या करने का वीड़ियो वायरल करने का खुलासा हुआ है।

कस्बा निवासी एक युवक के कर्ज में डूबे होने के कारण रविवार की दोपहर आत्महत्या करने का फेसबुक लाइव वीडियो तेजी से वायरल होने लगा। वायरल वीडियो की जानकारी जब मेंहदावल पुलिस को हुई तो जांच शुरू किया। जांच के दौरान वीडियो दो दिन पुराना निकला। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने कांस्टेबल रत्नेश कुमार सिंह एवं अखिलेश पांडेय को पूरे मामले की जिम्मेदारी सौंपी। पुलिस टीम नायक टोला स्थित युवक के घर पर पहुंची तो घर पर ताला लटक रहा था।

> वायरल वीडियो संज्ञान में आते ही पुलिसकर्मियों को भेजकर जाच-पड़ताल कराई गई। फिलहाल कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है, युवक ज़िंदा है। युवक नन्दौर में दुकान चलाता है और वहीं रहता भी है। इसीलिए पूरे मामले की जानकारी बखिरा पुलिस को भी दी गई है।
>
> **रविन्द्र सिंह**, प्रभारी निरीक्षक

# दंपती समेत सात लोगों पर मारपीट का केस

**संतकबीर नगर:** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने रविवार को लेडुआ गांव निवासी लाल बहादुर पुत्र श्रीराम की तहरीर पर दंपती समेत सात लोगों पर मारपीट आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस व्यक्ति का कहना है कि उनके भाई शिवकुमार, पत्नी विंद्रावती, बेटे रवींद्र, विश्वंभर व रोहित, राहुल पुत्र राजकुमार, इनकी मां इनरमती पुरानी रंजिश को लेकर बीते शुक्रवार की रात करीब आठ बजे उन्हें पीटने लगे।(जासं)

# अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा

**संतकबीर नगर:** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने रविवार को अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। देवरिया जिले के बेलकुंडा गांव निवासी संजीव कुमार सिंह पुत्र रमाशंकर थाने में दी तहरीर में उल्लेख किया है कि पांच नवंबर 2022 को शाम के करीब साढ़े छह बजे वह स्कूटी से बरदहिया बाजार में कपड़ा खरीदने आये थे।

# 82,500 रुपये समन शुल्क की हुई वसूली

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने रविवार को यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर लाइसेंस, बीमा सहित अन्य जरूरी कागजात न दिखा सकने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 90 वाहन चालकों से 82 हजार 500 रुपये समन शुल्क की वसूली की। इससे दो पहिया वाहन चालकों में खलबली मची रही। (जासं)

# तीन को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीर नगर : पीआरवी के पुलिस कर्मी रविवार को सूचना मिलने पर धनघटा थाना के दीपपुर गांव के पास पहुंचे। सड़क हादसे में घायल हुए बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के नरकटिया थाना के रखई गांव निवासी श्रवण कुमार पुत्र फेंकू, दद्दन पासवान पुत्र आद्या व श्रृष्टि पुत्री विद्या को एंबुलेंस से सीएचसी हैंसर बाजार में दाखिल कराया। इसकी सूचना मुकामी पुलिस के अलावा परिवार के सदस्यों को दी। (जासं)

# लापता छात्रा के मामले में केस दर्ज

जासं, **संतकबीर नगर**: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने लापता छात्रा के मामले में रविवार को गुमशुदगी दर्ज कर ली है। खलीलाबाद शहर के एक व्यक्ति ने थाने में दी गई तहरीर में उल्लेख किया है कि उनकी 16 वर्षीय बेटी इसी शहर में स्थित एक स्कूल में पढ़ती है। बीते शुक्रवार को वह घर से सुबह करीब नौ बजे निकली थी। वह देर शाम तक घर नहीं लौटी। खोजबीन पर पता नहीं चला।

## दो पर चोरी का मुकदमा

जासं,**संतकबीर नगर**: कोतवाली पुलिस ने रविवार को केनौना गांव निवासी रिंकू दूबे पुत्र अश्वनी दूबे व दयानाथ पुत्र अश्वनी के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। इस गांव के नागेंद्र दूबे उर्फ बब्लू पुत्र जयकरण ने थाने में दी गई तहरीर में उल्लेख किया है कि 27 अक्टूबर 2022 की रात में उनके घर चोरी हुई थी। इसमें 25,000 रुपया नकद, जेवरात सहित अन्य सामान चुरा लिया गया था।

# स्कूटी चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

### बरदहिया बाजार में आए रुद्रपुर निवासी व्यक्ति की चोरी हुई थी स्कूटी

**संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र के बरदहियां बाजार से गायब हुई स्कूटी के मामले में पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

पीड़ित रुद्रपुर देवरिया निवासी संजीव कुमार सिंह का कहना है कि वह पांच नवंबर को बरदहिया बाजार में कपड़ा खरीदने आए थे। भीड़ अधिक होने की वजह से स्कूटी डीघा बाईपास पर खड़ी कर बरदहिया बाजार में कपड़े खरीदने चले गए। जब वापस लौटा तो देखा की स्कूटी गायब है।

काफी खोजबीन की पर स्कूटी का कोई पता नहीं चल सका। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात पर स्कूटी चोरी का केस दर्ज किया है।

# दो महिला समेत सात पर मारपीट का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

### कोतवाली क्षेत्र के लेडुआ गांव में शुक्रवार की रात हुई थी मारपीट

**संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र के लेडुआ गांव में शुक्रवार की रात हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो महिला समेत सात पर मारपीट का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़ित लालबहादुर का आरोप है कि 11 नवंबर की रात आठ बजे कुछ लोग पुरानी रंजिश को लेकर उसे मारे-पीटे। गाली दिए और बीच बचाव को पहुंची पत्नी को भी मारपीट का घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में शिवकुमार, विंद्रावती, रविंद्र, राहुल, विश्वंभर, रोहित, इनारमती पर मारपीट का केस दर्ज किया है।

# सोशल मीडिया पर आत्महत्या की बात का वीडियो वायरल

संवाद न्यूज एजेंसी

**कर्ज में डूबे होने का दिया हवाला, भाई-बहन पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप**

मेंहदावल। कस्बा निवासी एक युवक ने सोशल मीडिया पर आत्महत्या कर लेने की बात कही। कर्ज में डूबे होने व इसके लिए भाई-बहन को जिम्मेदार ठहराया। यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया। मामला मेंहदावल पुलिस तक पहुंचा। जांच में पता चला कि युवक अभी जिंदा है। वीडियो दो दिन पुराना है।

एक युवक के कर्ज में डूबे होने के कारण आत्महत्या करने की बात का वीडियो वायरल सोशल मीडिया पर हो रहा है। इसकी जानकारी होने पर मेंहदावल पुलिस जांच में जुट गई। पुलिस नायक टोला स्थित युवक के घर पर पहुंची तो घर पर ताला लगा मिला। पुलिस उसके दूसरे घर लोहामंडी में पहुंची तो वहां भी ताला लगा था।

स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक पर बैंक का कर्ज है। कुछ अन्य लोगों से भी उसने कर्ज ले रखा है। युवक नंदौर में कॉपी-किताब की दुकान चलाता है। फिलहाल पुलिस की जांच में कोई घटना सामने नहीं आई है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। वायरल वीडियो को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं।

वहीं, प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह का कहना है कि युवक जिंदा है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# चेकिंग में 90 वाहन स्वामियों से ₹82,500 वसूले

संतकबीरनगर। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रविवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना कागज के चल रहे 90 वाहन स्वामियों से 82,500 रुपये सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि कोतवाली, बखिरा, धर्मसिंहवा, मेंहदावल, बेलहर, दुधारा, महुली, धनघटा और यातायात कर्मियों के जरिए अभियान चलाया गया है। जिसमे बिना कागज़ात व हेलमेट के वाहन चला रहे 90 वाहन स्वामियों से 82500 रुपये की राजस्व वसूली की गई है। उन्होंने कहाकि दुपहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर लगाए। इसके साथ ही कार चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करे। यह अभियान जारी रहेगा। संवाद

**सघन अभियान चलाया गया**

# दो सगे भाइयों पर चोरी का मुकदमा

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के केनौना डारिडिहा में एक घर में हुए चोरी के मामले में पुलिस ने दो सगे भाईयों पर चोरी का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

केनौना निवासी नागेंद्र दुबे का आरोप है कि वह 27 अक्तूबर को उनके घर में चोरी हुई थी। उन्होंने डायल 112 को फोन किया और उन्हें रास्ता बताने के लिए चला गया। जब वापस आया तो देखा की छत का बल्ब जल रहा है और वहीं थोड़ी दूर पर जेवर का बाक्स बिखरा पड़ा था। उन्हें संदेह है कि पड़ोसी रिंकू और दयानाथ के जरिए इस घटना का अंजाम दिया गया है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। कोतवाल सर्वेश राय का कहना है कि दोनों भाईयों पर केस दर्ज किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 14-11-2022

# बानगढ़ मंदिर के विवाद ने पकड़ा तूल, दफ्तर पर ताला

- जांच करने रविवार को मंदिर पहुंचे एसडीएम
- प्रबंधक के न आने पर लगवाया गया ताला

मनकापुर, संवाददाता। बानगढ़ मंदिर के प्रबंधकीय विवाद ने अब तूल पकड़ लिया है। रविवार को एसडीएम आकाश सिंह मंदिर पहुंचे और मंदिर के कार्यालय में ताला लगवा दिया। उन्होंने बताया कि मंदिर से जुड़ी कुछ शिकायतों की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बताया जाता है कि अप्रैल 1991 में श्री बानगढ़ देवी , पंचायती मंदिर एवं रामलीला मैदान प्रबंध समिति नगर मनकापुर के नाम से एक ट्रस्ट राज परिवार के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष स्वर्गीय डाक्टर विनय कुमार सिंह के संरक्षण में गठित हुआ था। जिसके संस्थापक अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता व प्रबंधक स्वर्गीय पंडितशिव मूरत शर्मा व उप प्रबंधक बैजनाथ गुप्ता बनाए गए थे। यही ट्रस्ट मंदिर की देखरेख कर रहा था।

सन 2014 में प्रबंधक पंडित शिव मूरत शर्मा की मौत के बाद उनके भतीजे पंडित राजेश शर्मा प्रबंधक हो गये। उनके भतीजे पंडित कृष्ण गोपाल शर्मा उपाध्यक्ष बने। नगर के कृष्ण कुमार गुप्ता,संतोष कुमार,दुर्गेश कसौधन आदि लोगों ने शिकायती पत्र डीएम के यहां दिया है । जिसमें समिति के कागजात में बिना किसी सम्यक सूचना और वैधानिक कार्यवाही के तमाम प्रकार के नये सदस्यों का नाम जोड़ने का आरोप लगाया गया । आरोप है कि मंदिर के नाम पर जो धन चढावा से मिलता है, उसमें गड़बड़ी की जा रही है। डीएम के यहां से आयी शिकायतों का संज्ञान लेकर एसडीएम जब बानगढ मंदिर पहुंचे तो काफी देर तक प्रबंधक को बुलाया गया लेकिन वे नहीं आए । नाराज एसडीएम ने मंदिर के प्रबंधक के कमरे में ताला बंद करवा दिया । एसडीएम आकाश सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र की जांच की जा रही है। समिति की अभिलेखीय जांच होगी। अनिमितता पाये जाने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रबंधक का कहना है कि कुछ राजनीतिक विरोधी फर्जी आरोप लगाते हुए मंदिर के प्रबंधक के पद पर कब्जा करना चाहते हैं। इसलिए तमाम आरोप लगाकर शिकायत कर रहे हैं।

# खरगूपुर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

खरगूपुर। नगर कोतवाली में दर्ज मुकदमे में फरार आरोपी को खरगूपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के विशुनापुर बेलभरिया गांव निवासी जहीर पुत्र फैजू के विरुद्ध कोतवाली नगर में धोखाधड़ी आदि धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें आरोपी फरार था। रविवार सुबह आरोपी जहीर को उसके घर से उपनिरीक्षक चन्द्र भूषण पांडेय की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

# चोरी करने का आरोपी पकड़ा

गोण्डा। कोतवाली नगर पुलिस ने अमरनाथ पुत्र भोलानाथ निवासी पूरेशिवा बख्तावर को चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच सौ रुपए नगद बरामद कर लिया हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सिविल लाइन गायत्री पुरम के एक घर चोरी की थी। पीड़ित प्रेम तिवारी ने कोतवाली नगरमें मुकदमा दर्ज कराया था।

# झोलाछाप का वीडियो बनाने वाले पर केस

खरगूपुर। झोलाछाप डॉक्टर द्वारा नशीला इंजेक्शन लगाकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने एक और मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने अब घटना के कई दिनों बाद डाक्टर के हरकतों की वीडियो बना कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्र के विशुनापुर बाजार निवासी झोलाछाप डॉक्टर पर पखवारा भर पूर्व अपने निजी क्लीनिक में क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती से नशीला इंजेक्शन लगाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा था । जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। पुलिस ने आरोपी झोलाछाप पर रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार भी कर लिया था। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि केस दर्ज हुआ है।

# थाने के मंदिर में हुई प्रेमी युगल की शादी

मनकापुर। कोतवाली परिसर में स्थित शिव मंदिर में प्रेमी युगल की शादी कराई गई। इस शादी के गवाह क्षेत्र के कई संभ्रांत लोग और पुलिसवाले बने। मनचाही मुराद पूरी होने से प्रेमी व प्रेमिका भी खुश नजर आए।

कोतवाली बैरीपुर रामनाथ के युवक और युवती के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्यार परवान चढ़ने पर दोनों ने साथ जीने-मरने की कसमें खा लीं। इसी बीच किसी बात को लेकर लड़के ने शादी करने से इनकार कर दिया। इस पर मामला कोतवाली तक पहुंच गया। पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्ष शादी करने पर रजामंद हो गए। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि अतुल पान्डेय, अधिवक्ता अवधेश मिश्रा, अरविंद कुमार, रवि मिश्र, सोनू मिश्रा, सिपाही गिरजेश गिरि, दीपशिखा, निर्मला, लक्ष्मी, रूबी, अंबिका आदि रहीं।



पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केन्द्र में दम्पतियों की समस्या सुनते सदस्य।

# पांच जोड़े साथ रहने को हुए राजी

गोण्डा। पुलिस लाइन में रविवार को आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पांच जोड़े गिले-शिकवे भुलाकर साथ रहने पर राजी हुए। एएसपी शिवराज की अध्यक्षता में परामर्शदाताओं ने बिछुडे जोडो की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण किया। जिसमें पांच जोड़े आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ रहने के लिए राजी हो गए। इस दौरान एचआर डोंगरा, गंगाधर शुक्ल, संतोष ओझा, राज मंगल मौर्य, ज्योति राजभर, सुप्रिया त्रिपाठी आदि मौजूद रहीं।

# व्यवसायी के घर लूट का राजफाश करने में पुलिस नाकाम

**फालोअप**

**11 नवंबर की रात बदमाशों ने नौकर को बंधक बनाकर की थी लूट**

**तीन दिन बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली, पुलिस की टीम अपराधियों की तलाश मे जुटी, कुछ संदिग्धों की पहचान के लिए उठाया**

**संसू, हलधरमऊ (गोंडा) :** व्यवसायी के घर हुई लूट के मामले में पुलिस तीसरे दिन भी खाली हाथ है। घटना का राजफाश करना तो दूर अभी तक पुलिस के हाथ कोई अहम सुराग भी नहीं लगा है।

कटरा-बालपुर शहीद मार्ग पर छिटनापुर के निवासी व उत्तराखंड के दवा व्यवसायी अशोक मिश्र के घर 11 नवंबर की रात बदमाशों ने नौकर को बंधक बनाकर लूटपाट की थी। नौकर राम सागर के मुताबिक अज्ञात बदमाश चार पहिया वाहन से आए थे। सड़क पर गाड़ी खड़ी करने के बाद बरामदे में आए और चाबी की मांग करते हुए उसकी पिटाई करने लगे। चाबी देने से इन्कार करने पर बदमाशों ने उसे कमरे में ले जाकर बंद कर दिया और चैनल पर लगा ताला काटकर घर में घुस गए। घर में लूटपाट के बाद बदमाश आभूषण, नकदी व सामान लेकर चले गए। राम सागर के मुताबिक बदमाशों ने जाते वक्त उसे धमकी भी दी थी। सुबह जब घर वाले आए तो उसे कमरे का ताला खोलकर बाहर निकला। घर में सामान बिखरा हुआ था। राम सागर ने घटना की जानकारी दूरभाष पर व्यवसायी को दी। अमरदीप तिवारी ने अज्ञात के खिलाफ एफआइआर कराई है। एएसपी शिवराज ने घटना स्थल का जायजा लिया था।

तीन दिन बीतने के बावजूद पुलिस अभी खाली हाथ है। प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने कहा कि दो संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। एसओजी टीम भी छानबीन कर रही है। सीओ कर्नलगंज मुन्ना उपाध्याय ने बताया कि पुलिस टीम को सक्रिय किया गया है। कुछ संदिग्ध लोगों की पहचान की जा रही है। उनके मोबाइल नंबर व लोकेशन को सर्विलांस पर लगाया गया है। जल्दी ही कोई नतीजा निकलेगा ।

# हत्यारों तक नहीं पहुंच सकी पुलिस

**संसू, धानेपुर (गोंडा) :** युवक की हत्या के मामले में पुलिस तीन दिन बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। पुलिस रिश्तेदारों पर हत्या की आशंका जता रही है। महिला समेत चार को हिरासत में लेकर पूछताछ करने का दावा किया गया है।

ग्राम मेहनौन के सुनील कुमार का शव 10 नवंबर को गांव के समीप झाड़ी में मिला था। मृतक लुधियाना से कमाई करके सात नवंबर की शाम को घर पहुंचा था। घर पर एक घंटे रुकने के बाद घूमने के लिए बाहर चला गया। मृतक की मां कुसमा देवी की तहरीर पर पुलिस ने आठ नवंबर को गुमशुदगी लिखा। शव मिलने के बाद पुलिस ने हत्या व साक्ष्य छिपाने की धारा बढ़ाकर जांच शुरू की। एएसपी शिवराज व सीओ विनय कुमार सिंह ने घटनास्थल का मुआयना किया था। गांव से 800 मीटर की दूर राज छिपे होने का अहम सुराग मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गायब होने के दिन ही हत्या की बात सामने आई है। पुलिस सर्विलांस व सीडीआर के जरिए हत्यारों तक पहुंचना चाहती है लेकिन, शव बरामद होने के तीन दिन बाद भी किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# सगी बहनों का अपहरण, मुकदमा

**संसू, वजीरगंज** (गोंडा) : एक गांव में दो सगी बहनों का अपहरण कर लिया गया। मां ने पड़ोस के ही दो सगे भाइयों पर मुकदमा कराया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में मां ने कहा है कि 29 अक्टूबर को उसकी बेटियां वजीरगंज बाजार में सामान खरीदने गई थीं। वह अपने साथ जेवरात व पचास हजार रुपये नकद लेकर गई थी। बाजार से वापस नहीं लौटीं। बगल गांव के दो भाइयों पर अपहरण का आरोप लगाया गया है।

थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा किया गया है। प्रकरण की जांच करके आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**मुकदमा** : खरगूपुर : युवती से दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक चंद्र भूषण पांडेय की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ आइटी एक्ट के तहत मुकदमा किया गया। कहा कि जांच कर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## गायब महिला की तलाश शुरू

आर्यनगर : एक सप्ताह पहले कौड़िया के हरखापुर स्थित घर से गायब हुई कंचन देवी की सास सोना देवी ने मुकदमा कराया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक विद्यासागर पांडेय ने बताया कि गायब महिला की तलाश शुरू कर दी गई है। (संसू)

## चालकों का चालान

आर्यनगर : गोंडा-बहराइच मार्ग पर प्रभारी मानेंद्र कुमार सिंह ने चेकिंग अभियान चलाया। मनमानी फर्राटा भरते मिले 15 चालकों का चालान किया गया। इन पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। (संसू)

## दो गिरफ्तार

आर्यनगर : बांस काटने को लेकर हुई मारपीट में कौड़िया के जगदीशपुर वल्दी गांव के दीपक कृष्ण व सोनू को प्रधान आरक्षी गजानन पाठक व श्वेत यादव ने गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक विद्यासागर पांडेय ने कहा कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों को न्यायालय भेजा गया है। (संसू)

# वीडियो वायरल करने में अज्ञात पर मुकदमा

खरगूपुर (गोंडा)। झोलाछाप के नशीला इंजेक्शन लगाकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में अज्ञात व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। पुलिस ने वीडियो वायरल करने के मामले में अज्ञात के विरुद्ध आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं आरोपी जेल में है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के विशुनापुर बाजार निवासी झोलाछाप ने पखवारा भर पूर्व अपने निजी क्लीनिक में क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला से दुष्कर्म किया था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। वीडियो वायरल के बाद पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के विरुद्ध दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया था। जहां से जेल भेज दिया गया था।

दुष्कर्म का वीडियो सोशल मीडिया, इंस्टाग्राम, फेसबुक पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने पखवारा भर बाद शनिवार की देररात अज्ञात के विरुद्ध आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक चंद्र भूषण पांडेय की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# पुलिस ने कराई प्रेमी जोड़े की शादी

**मनकापुर (गोंडा)।** कोतवाली परिसर स्थित शिव मंदिर पर एक प्रेमी जोड़े की शादी का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत लोग व पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में शादी संपन्न हुई। मामला कोतवाली क्षेत्र के बैरीपुर रामनाथ गांव से जुड़ा हुआ है। हितेश व प्रीती का आपस में प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने शादी करने का निश्चय किया, लेकिन इसी बीच हितेश ने शादी करने से मना कर दिया। मामला जब कोतवाली पहुंचा तो दोनों पक्ष के लोग बुलाये गये। इसके बाद तय हुआ कि कोतवाली स्थित शिव मंदिर पर वर एवं वधू की शादी कराई जाए। वर व कन्या पक्ष से प्रधान प्रतिनिधि अतुल पांडेय, अधिवक्ता अवधेश मिश्रा, अरविंद कुमार, रवि मिश्र, सोनू मिश्रा, सिपाही गिरजेश गिरि, प्रीती भीम, आरक्षी दीपशिखा, निर्मला, लक्ष्मी, रूबी, अंबिका शामिल रहे। (संवाद)

# दो युवकों पर अपहरण का केस दर्ज

**वजीरगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दो सगी बहनों को एक अन्य गांव के दो सगे भाई अगवा कर ले गए। दोनों युवतियों की मां ने थाने में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने रिपोर्ट में कहा कि 29 अक्तूबर को उसकी दो बेटियां एक 24 व दूसरी 20 वर्षीया वजीरगंज बाजार में सामान खरीदने गई थीं। तभी बाजार में दो सगे भाई रोहित व रामचंद्र निवासी लोहराडांड़ कामा टिकरी उसकी बेटियों को अगवा कर ले गए। आरोप है कि दोनों जेवर व 50 हजार रुपये नकदी भी ले गईं। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रोहित और रामचंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। (संवाद)

# एसडीएम ने मंदिर के प्रबंधक कार्यालय में लगवाया ताला

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**मनकापुर(गोंडा)।** नगर पंचायत के बानगढ़ देवी मंदिर की प्रबंध समिति के प्रबंधकीय विवाद ने तूल पकड़ लिया है। लोगों ने डीएम से इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। डीएम के निर्देश पर रविवार को मौके पर पहुंचे एसडीएम ने प्रबंधक के कक्ष में ताला लगवा दिया।

मंदिर की प्रबंध समिति पर कार्रवाई करते हुए रविवार को एसडीएम आकाश सिंह ने बताया कि नगर पंचायत के बानगढ़ देवी मंदिर के प्रबंधक पंडित शिवमूरत शर्मा की वर्ष 2014 में मृत्यु हो गई थी। तभी से प्रबंध समिति को लेकर विवाद चल रहा है। नगर के कृष्ण कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, दुर्गेश कसौधन आदि ने मौजूदा प्रबंधक राजेश शर्मा और उनके भाई कृष्ण गोपाल शर्मा पर मनमानी का आरोप लगाते हुए डीएम से की थी।

बताया कि डीएम के आदेश पर वह जांच करने पहुंचे थे। मौजूदा प्रबंधक को कई बार बुलवाया। मगर वह नहीं आए। प्रबंधक कक्ष में ताला लगवा दिया गया।

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-11-2022

# नगर में पुलिस ने पैदल गश्त की

बलरामपुर । थाना कोतवाली नगर पुलिस ने शान्ति एवं कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नगर में पैदल गश्त किया। उन्होंने व्यापारियों को जागरूक किया। थाना कोतवाली नगर निरीक्षक राज कुमार यादव ने कहा कि व्यापारी अपने दुकान के सामने सीसीटीवी अवश्य लगवाएं ताकि हर घटना पर नजर रखी जा सके।

संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस टीम को सूचित करें। किराए पर कमरा देने से पहले व्यक्ति का पहचान पत्र जरूर देखें। पुलिस टीम ने सड़क पटरियों से अतिक्रमण हटवाया। इस अवसर पर उप निरीक्षक सैयद खादिम सज्जाद, श्रवण चन्द्र सिंह, लक्ष्मण चौधरी, मुकेश कुमार, अरुण गुप्ता व चालक संजय सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# पुलिस कर्मियों व छात्रों ने लोगों को जागरूक किया

महराजगंज तराई, संवाददाता। महराजगंज तराई में सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। थाना महाराजगंज कस्बा के उप निरीक्षक दिग्विजय यादव, पुलिस कर्मी व राजकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रैली के माध्यम से यातायात के नियम के बारे में लोगों को जागरूक किया।

थाना महाराजगंज के समस्त स्टाफ व राजकीय विद्यालय के छात्र छात्राओं ने यातायात जागरूकता रैली निकाली। उप निरीक्षक ने वाहन चालकों को जागरूक करते हुए बताया कि सभी लोग हेलमेट का प्रयोग करें। तेज वाहन न चलाएं। तेज वाहन से दुर्घटना घट सकती हैं। ठंड के मौसम में सुबह कोहरे का प्रकोप तेज होता है। हेड लाइट व डिपर का प्रयोग करते हुए वाहन चलाएं। सभी का जीवन अमूल्य है, इसलिए तेज वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। यातायात नियमों का पालन करने के साथ तीन लोगों के साथ बाइक पर यात्रा न करें। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें करना सबसे खतरनाक होता है।

# परिवार परामर्श केन्द्र पर दो मामलों का निस्तारण

बलरामपुर। महिला थाना में परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन किया गया। जानकारी थानाध्यक्ष ममता सिंह यादव ने दिया। कहा कि एक परिवार परामर्श केन्द्र पर आठ मामले आए थे, जिसमें दो मामलों में दोनों पक्ष उपस्थित हुए थे। बताया कि मुख्य परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, बन्दना मिश्रा, महिला कांस्टेबल ज्योति, हेमा की मौजूदगी में सुलह समझौता कराकर दोनों पक्षों को साथ रहने के लिए भेज दिया गया।

# थाना क्षेत्रों में चला मिशन जागरूकता अभियान

बलरामपुर। पुलिस टीम गोष्ठी, नुक्कड़ सभा, रैली के माध्यम से महिलाओं व छात्राओं को उनके अधिकार बताकर उन्हें आत्मरक्षा के लिए प्रेरित कर रही है। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि मिशन जागरूकता अभियान के तहत एंटीरोमियो टीम को लगाया गया है, जो सिविल डेस में भीड़-भाड़ वाले इलाकों में तैनात रहकर मनचलों, सोहदों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है।

# 450 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के पास से 450 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज ने बताया कि बाबादीन को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

# पराली जलाने पर लगा जुर्माना

रेहरा बाजार। सेटेलाइट से ली गई तस्वीर में धान की पराली जलाने पर दो किसानों से ढाई-ढाई हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दोनों किसानों को आरसी जारी कर जुर्माना वसूला जाएगा।

उप कृषि निदेशक डा. प्रभाकर सिंह ने बताया कि उतरौला तहसील के विकासखंड रेहरा बाजार के दो गांव में पराली जलाने की फोटो शनिवार को सेटेलाइट पर कैप्चर हुई है। शासन स्तर से सेटेलाइट के माध्यम से खेतों में पराली जलाने की घटनाएं कैप्चर कर सीधे निगरानी की जा रही है। खेत में पराली जलाने वाले दोनों किसानों की रिपोर्ट उप जिलाधिकारी उतरौला संतोष कुमार ओझा को भेज दी गई है। उप कृषि निदेशक ने किसान खेतों में पराली न जलाने का सुझाव दिया। बताया कि इससे पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है। साथ ही खेतों में उर्वरक क्षमता भी कम हो जाती है।

## बेटियों को किया गया जागरूक

**बलरामपुर** : सभी थानों के सार्वजिनक स्थलों पर कार्यक्रम कर एंटी रोमियो टीम ने बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। एसएपी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान उन्हें हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई। (संसू)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-11-2022

हिन्दुस्तान

# कतर्नियाघाट रेंज में अवैध कटान की फोटो वायरल

- डीएफओ ने मामले का लिया संज्ञान
- जांच के लिए रेंजर के नेतृत्व में टीम बनी

**बहराइच, संवाददाता।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के बेशकीमत पेड़ भी वन माफियाओं की नजर है। कतर्निया रेंज के सदर बीट में निषाद नगर के समीप बवाली घाट जंगल में लगे शीशम, सेमल, व भिलोर के दर्जनों पेड़ों के कटान से जुड़े बूट के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। मामले को संज्ञान लेकर डीएफओ ने जांच के निर्देश दिए हैं।

क्षेत्रीय ग्रामीणों ने बताया कि कतर्नियाघाट संरक्षित वनक्षेत्र के कतर्निया रेंज के सदर बीट से लकड़ियां काट लखीमपुर खीरी ले जाई जाती हैं। रातोंरात पेड़ काटकर वन माफिया उठा ले जा रहे हैं। मामले को दबाने के लिए पेड़ों के बूटों को खोदकर घाघरा में फेका जा रहा है। यह हाल तब है जब डीएफओं की ओर से वन कर्मियों की टीम को पैदल गश्त के लिए लगाया गया है। डीएफओ आकाशदीप बधावन ने बताया कि रेंज अधिकारी कतर्निया को जांच करने के आदेश दिए गए हैं।

# मारपीट मामले में तीन को नामजद कर केस दर्ज

बलहा। नानपारा कोतवाली के सिलेटनगंज निवासी स्वामी दयाल पुत्र सीताराम के साथ गांव के ही आरोपी सहित तीन लोगों ने झगड़े के दौरान हमला कर मारपीट की थी। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर मारपीट, गाली-गलौज, धमकी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

# घर में घुसकर मारपीट मामले में चार पर केस

बलहा। नानपारा कोतवाली के टांडपुरवा में इन्द्र सेन पुत्र जगदीश के घर में घुसकर पुरानी रंजिश में हमलावरों ने मारपीट की थी। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया था। इस मामले में घर में घुसकर मारपीट, धमकी की धाराओं में पैकरमा सहित चार को नामजद कर केस दर्ज किया गया है।

शनिवार को चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज के डाउन स्ट्रीम के पानी में एक विशालकाय घड़ियाल लोगों ने देखा है। घड़ियाल काफी बड़ा था। जो पानी में चहलकदमी करते हुए लोगों को दिखाई दिया है।

# होटल पर काम कर रहे चार बच्चे मुक्त हुए

बहराइच। कैसरगंज कस्बे में होटल पर काम करने वाले चार बच्चों को शुक्रवार को श्रम विभाग की टीम ने मुक्त कराया। 14 वर्ष से कम उम्र के अवमुक्त कराए गए बच्चों का आयु व चिकित्सकीय परीक्षण कराकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी कैसरगंज रिजवान खान ने बताया कि बच्चों से काम कराने पर दो वर्ष की सजा व 50 हजार रुपये तक सजा का प्रावधान है। रेस्क्यू में टीआरपी चन्द्रेश यादव, प्रभारी एसजेपीयू विवेक सिंह, आरक्षी अभिषेक सिंह, महिला आरक्षी रानी पाल आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान

# जांच पर टिकी गवाह के मौत की वजह

बहराइच, संवाददाता। शहर के केडीसी के पास चार हत्याओं के चश्मदीद का शव शुक्रवार की रात बरामद किया गया था। पुलिस हादसा बता रही है, तो परिजन हत्या कर सड़क के किनारे शव फेंकने का आरोप लगा रहे हैं। उलझी गुत्थी अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी है।

- सितम्बर 2021 में युवती व तीन बच्चों का किया गया था कत्ल
- तत्कालीन स्वाट प्रभारी मुकेश सिंह ने किया था खुलासा

फखरपुर थाने के ततेहरा गांव के आसपास खेतों में महाराष्ट्र के दिवा में इडली डोसा शॉप की मालकिन क्रिश्चियन महिला व उसके तीन बच्चों का बेरहमी से कत्ल कर शव को खेतों में फेंका गया था। 10 सितम्बर 2021 की रात गर्दन काटकर महिला व बच्चों की फेंकी गई लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी। इस चर्चित हत्याकाण्ड में पुलिस ने शव मिलने के करीब एक हफ्ते बाद फखरपुर थाने के बाल चन्द्रपुर के मजरा ततेरहा निवासी ननकू जो महिला के इडली डोसा शॉप पर काम करता था, उसको दो साथियों सलमान खान व दानिश खान के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इस चौहरे हत्याकाण्ड के मामले में ततेहरा तेलिनपुरवा निवासी रामू को मुख्य गवाह बनाया था। मुख्य गवाह रिक्शा चलाकर जीवकोपार्जन करता था, और शुक्रवार की देर रात रिक्शा चालक मुख्य गवाह की हत्या कर फेंकी गई लाश किसान पीजी कॉलेज के पास मिली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू किया। मुख्य गवाह होने के नाते हत्या कर शव फेंके जाने की बात कही। मृतक के भाई ने बताया कि करीब एक माह पूर्व उसके भतीजे की भी संदिग्ध हालत में मौत हो गई। चर्चित हत्याकाण्ड के खुलासे पर प्रदेश सरकार ने पुलिस टीम को एक लाख रुपये देवीपाटन मण्डल के डीआईजी ने 50 हजार तथा तत्कालीन पुलिस कप्तान ने 25 हजार रुपये के पुरस्कार से पुरस्कृत किया था। पौने दो लाख का ईनाम पाने वाली पुलिस महिला व तीन बच्चों के कत्ल के मुख्य गवाह की सुरक्षा नहीं कर सकी और अब प्रकरण खुलने पर हादसा बताने पर तुली है।

> प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रामू की गिरने से मौत हुई है, वह नशे का आदी था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की वजह स्पष्ट होगी।
>
> **सत्येन्द्र बहादुर सिंह**, देहात कोतवाल

# चार साल से फरार चल रहे 12 हजार के दो इनामी गिरफ्तार

**जासं, बहराइच :** एक गांव निवासी युवती का अपहरण कर दुष्कर्म किया गया था। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर चार वर्ष पूर्व दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपित पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। आरोपितों पर 12 हजार रुपये का इनाम भी घोषित हुआ था। रविवार को पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

खैरीघाट थानाध्यक्ष निखिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चार वर्ष पूर्व युवती के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में बौंडी गड़रियनपुरवा निवासी रमेश व राजितराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपितों की तलाश में पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही थी, लेकिन वे पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। उन्होंने बताया कि



पुलिस की अभिरक्षा में आरोपित ● जागरण

रविवार को दोनों आरोपितों के शिवपुर बंधा स्थित टिकान मोड़ के पास मौजूद होने की सूचना मिली। इस पर उपनिरीक्षक दुर्गविजय सिंह, गोविंद यादव, मुख्य आरक्षी रामकरन, आरक्षी कपिल, शिवाकांत, बलराम त्रिपाठी, संजय, साहिल के साथ टीम गठित कर मौके पर घेराबंदी की गई। कुछ देर बाद आरोपितों के दिखाई पड़ने पर उन्हें पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपितों को न्यायालय भेज दिया गया।

भास्कर, चित्तौरा के सुनील कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

लेकिन वे पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपितों को न्यायालय भेज दिया गया।

त्रिपाठी, विजय त्रिपाठी, उमाशंकर वैश्य, रतन आदि मौजूद रहे।

# 331 ने छोड़ी आय एवं योग्यता परीक्षा, रही कड़ी सुरक्षा

**05** केंद्रों पर हुई परीक्षा, 1,218 परीक्षार्थी हुए शामिल

**04** घंटे चली परीक्षा, 1,549 छात्र-छात्राएं थे पंजीकृत

**जासं, बहराइच** : राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति परीक्षा का आयोजन रविवार को पांच केंद्रों पर हुआ। कड़ी सुरक्षा के बीच हुई परीक्षा से 331 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। लगभग चार घंटे तक परीक्षा चली।

छात्रवृति परीक्षा 2022-23 पूर्व में छह नवंबर को होनी थी। बाद में इसे परिवर्तित कर दिया गया। डीआइओएस उदयराज ने बताया कि दो पालियों में परीक्षा हुई। राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, तारा महिला इंटर कालेज व आजाद इंटर कालेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। सुबह दस से बारह बजे तक एक प्रश्न पत्र और बारह से दो बजे तक दूसरे प्रश्नपत्र की परीक्षा कराई गई। परीक्षा में 1,549 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें 1,218 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। कड़ी सुरक्षा केंद्रों पर रही। बताया कि परीक्षा पास करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इसके तहत चार वर्ष तक छात्रवृत्ति मिलने का प्रविधान है। परीक्षा में कक्षा आठ के राजकीय व सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं शामिल हुए हैं।


महाराज सिंह इंटर कालेज के बाहर मौजूद परीक्षार्थियों के स्वजन • जागरण

युवक




# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**फखरपुर** : माधवपुर निवासी नसीम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके खिलाफ दुष्कर्म व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया था। मदन कोठी के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। (संसू)

## आग से घर जला

फखरपुर : ग्राम पंचायत भिलोराबासू के बिजहरा में देर शाम बाबूलाल के फूस के घर में आग लग गई। आग में पूरी गृहस्थी जल गई। घटना के समय परिवार के लोग धान के खेत में काम कर रहे थे। (संसू)

# उत्तर पुस्तिकाएं न मिलीं तो मुकदमा दर्ज कर होगी कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत शारदा सहायक परियोजना इंटर कॉलेज से बीते मार्च माह में हुई बोर्ड परीक्षा की 750 सादी उत्तर पुस्तिकाएं गायब हो गई हैं। मामले का खुलासा होने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों में अफरातफरी मची हुई है।

डायट प्रवक्ता/प्रभारी डीआईओएस ने संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य से सोमवार को कार्यालय में प्रस्तुत होकर अपना पक्ष रखने व कॉपियां जमा करने के आदेश दिए हैं। कॉपियां जमा न होने पर संबंधित के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराते हुए विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से बीते मार्च माह में हाईस्कूल व इंटरमीडियट की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया गया था। परीक्षा जनपद के 114 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षा केंद्र बनाए गए। सभी विद्यालयों से बची हुई कॉपियां उपनियंत्रक कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए गए थे।

सभी विद्यालयों ने शेष बची उत्तर पुस्तिकाएं कार्यालय में जमा भी कर दीं, लेकिन तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत शारदा सहायका परियोजना इंटर कॉलेज की ओर से उत्तर पुस्तिकाएं नहीं जमा की गईं। इसमें इंटरमीडिएट की 250 व हाईस्कूल की 500 कॉपियां शामिल हैं। उत्तर पुस्तिकाएं जमा करने के लिए विद्यालय को डीआईओएस द्वारा कई बार नोटिस भी जारी की गई। इसके बाद भी विद्यालय की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। अब डीआईओएस द्वारा उत्तर पुस्तिकाएं न जमा करने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य व संबंधित स्टॉफ के ऊपर मुकदमा दर्ज कर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जिस पर विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा उत्तर पुस्तिकाएं गायब होने की बात कही जा रही है। इससे शिक्षा विभाग के अधिकारियों में अफरातफरी मच गई है।

## डीआईओएस के समक्ष आज अपना पक्ष रखेंगे प्रधानाचार्य

### पक्ष न रखा तो की जाएगी विभागीय कार्रवाई

“विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से यदि सोमवार को अपना पक्ष रखते हुए उत्तर पुस्तिकाएं न जमा कराई गईं तो संबंधित के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराते हुए विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

-उदयराज, प्रभारी डीआईओएस

**नकल माफिया की संलिप्तता के भी आसार :** उत्तर पुस्तिकाओं के गायब होने में नकल माफियाओं की संलिप्तता के आसार भी व्यक्त किए जा रहे हैं। बोर्ड द्वारा प्रत्येक उत्तर पुस्तिकाओं पर कोडिंग की जाती है, लेकिन इसका कवर उतारकर इसके पेज अन्य कॉपियों में जोड़े जा सकते हैं। ऐसे में आगामी बोर्ड परीक्षा में नकल माफिया इन उत्तर पुस्तिकाओं का प्रयोग कर सकते हैं।

# दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच/फखरपुर।** अलग-अलग पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खौरीघाट थानाध्यक्ष निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक की ओर से दुष्कर्म के आरोपी बौंडी थाना क्षेत्र के गणरियनपुरवा निवासी रमेश और राजितराम की गिरफ्तारी पर 12 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

दोनों आरोपियों को रविवार को गुप्त सूचना पर दबिश देकर शिवपुर बंधे के टिकानपुरवा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं फखरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते दिनों 26 अक्तूबर को एक महिला घर पर मौजूद थी, उसका पति किसी कार्य से बाहर गया था।

महिला का आरोप है कि मौके का फायदा उठाकर नसीम उसके घर में दाखिल हो गया और दुष्कर्म किया। घटना के बाद महिला ने थाने पर तहरीर दी थी। थानाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि आरोपी नसीम की गिरफ्तारी के लिए कई दिनों से पुलिस दबिश दी रही थी। रविवार को सूचना मिली कि आरोपी मदन कोठी के पास मौजूद है, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। (संवाद)

# युवक की हत्या का आरोपी दबोचा

मिहींपुरवा (बहराइच)। मोतीपुर थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व हुई मारपीट में एक मनोरोगी युवक की हत्या हो गई थी। जिसके बाद पुलिस एससी-एसटी एक्ट व हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही थी। रविवार को युवक की हत्या में शामिल एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुड़वा के पांडेपुरवा निवासी पप्पू (25) का पड़ोसियों से विवाद हो गया था। जिसके बाद पड़ोसी युवक ने अपने साथियों के साथ युवक की जम कर पिटाई की थी। जिससे पप्पू की मौत हो गयी थी।

घटना के बाद मृतक की मां कलावती ने थाने पर तहरीर देकर पड़ोसी बंटी मदेसिया व उसके साथियों के खिलाफ हत्या व एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया था। रविवार को सूचना पर पुलिस ने आरोपी बंटी मदेशिया को कुड़वा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि हत्या में शामिल बंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-11-2022

## घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी जेल भेजा

गिरंटबाजार। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी के माता पिता शनिवार को खेत में काम करने गए थे। किशोरी घर में अकेली थी। किशोरी को अकेली पाकर थाना क्षेत्र के ही सिटकहना निवासी युवक कन्हैयालाल पुत्र चन्द्रिका प्रसाद घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## 97 वाहनों का पुलिस ने चालान काटा

श्रावस्ती। पुलिस ने चेकिंग के दौरान 97 वाहनों का चालान किया। साथ ही चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर एक लाख 34 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पुलिस ने चेकिंग करते हुए वाहन चालकों को मानक पूरा करने के साथ ही नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

# शांतिभंग में 11 पाबंद

**श्रावस्ती** : जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से अराजकत्तवों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांतिभंग करने के आरोप में शनिवार को 11 लोगों को पाबंद किया गया। सभी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। (वि.)

# 97 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती** : विभिन्न चेक पोस्ट पर पुलिस की ओर से अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 97 वाहनों का चालान किया गया। एक लाख 34 हज़ार 600 रुपये का शमन शुल्क भी वसूला गया। (वि.)

10 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

# कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती :** गिलौला पुलिस ने लखाही पुतलितारा गांव निवासी गुरदीन गोस्वामी के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। आरोपित के विरुद्ध गिलौला थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।( वि.)

# 97 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** रविवार को चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 97 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान किया गया। इस दौरान पुलिस ने 134600 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)

# शांति भंग के आरोप में 11 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने शनिवार रात अलग-अलग स्थानों से ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांति भंग की आशंका में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

# 10 लीटर शराब के साथ एक दबोचा

**श्रावस्ती।** गिलौला पुलिस ने शनिवार रात एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। जिसकी पहचान बहराइच जिले के थाना पयागपुर अंतर्गत ग्राम लखाही पुतली तारा निवासी बृजेश के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई है। (संवाद)

# लोक अदालत में निपटे 5462 मामले

## जिला जज ने किया शुभारंभ, 3706 राजस्व वादों का हुआ निस्तारण

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जनपद न्यायालय सहित कलेक्ट्रेट के अधीन न्यायालयों में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन हुआ। इस दौरान पीठासीन अधिकारियों ने सुलह-समझौते से 5462 मामलों का निस्तारण किया। शुरुआत जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

लोक अदालत में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो, अत्याचार निवारण अधिनियम) सुदामा प्रसाद ने पारिवारिक विवाद के एक मामले का निस्तारण किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी) उमेश कुमार ने पांच आपराधिक मामलों का निस्तारण कर 400 रुपये जुर्माना लगाया। अपर जनपद न्यायाधीश, 14वां वित्त, आयोग अजय सिंह ने पांच आपराधिक वाद निस्तारित कर 2000 रुपये जुर्माना लगाया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट करुणा सिंह ने 1010 लघु आपराधिक वाद निस्तारित कर 204380 रुपये जुर्माना लगाया। अपर सिविल जज प्रवर खंड/एसीजेएम अनिल कुमार ने 78 लघु आपराधिक वाद निस्तारित कर 63700 रुपये जुर्माना लगाया। सिविल जज अवर खंड प्रफुल्ल उपाध्याय ने 14 फौजदारी वाद निस्तारण कर 2000 रुपये जुर्माना लगाया। सिविल जज ग्राम न्यायालय इकौना देवऋषि कुमार ने लघु अपराध के 202 मामले निस्तारित कर 3260 रुपये जुर्माना लगाया।



दीवानी न्यायालय में लोक अदालत के शुभारंभ के बाद जानकारी लेते जिला जज। -संवाद

न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम द्विवेदी ने 98 लघु अपराध वाद निस्तारण कर 40510 रुपये जुर्माना लगाया। सिविल जज अवर खंड त्वरित न्यायालय असगर अली ने 12 लघु अपराध वाद निस्तारित कर 1200 रुपये जुर्माना लगाया। वैवाहिक विवादों से संबंधित प्रिलिटिगेशन के आठ मामले भी निस्तारित किए गए। कलेक्ट्रेट के अधीन विभिन्न राजस्व न्यायालयों में लंबित 3706 वाद निस्तारित कर 1095982 रुपये पर समझौते कराए गए। स्थायी लोक अदालत के पीठासीन श्याम लाल कोरी ने तीन वाद निस्तारण किया।

उपभोक्ता फोरम के तीन मामले निस्तारित हुए। बैंक के 268 प्री-लिटिगेशन वाद निस्तारित कर 19263364 रुपये पर समझौते हुए। बीएसएनएल के 14 वाद निस्तारित कर 34884 रुपये जुर्माना लगाया गया। नगर पंचायत इकौना के 10 वाद भी निस्तारित किए गए। सेवा व सेवानिवृत्ति संबंधी पांच मामले भी शामिल हैं।